वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 30 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 146, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 321 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिन की गिरावट के बाद सेंसेक्स 320.70 अंक चढ़कर 81,633.02 अंक पर बंद हुआ। } 14

कृषि उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत को परिभाषित करने के लिए लोगों की आय में आठ गुना वृद्धि करनी होगी। कृषि आधारित उत्पादों पर ध्यान केंद्रित का आग्रह करना होगा। } 16



बर्ड फ्लू के चलते 15 दिनों से बंद लखनऊ का 'चिड़ियाघर' बृहस्पतिवार को खुला, भारी संख्या में पहुंचे लोग — फोटो : समीर भटनागर

पूर्व की सरकारों ने महापुरुषों को नहीं दिया सम्मान : योगी

लोहिया विधि विश्वविद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी समारोह को सीएम ने किया संबोधित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में विपक्ष की सरकारों पर महापुरुषों को यथोचित सम्मान न देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विदेशी दासता के शिकार उन सत्तालोलुप लोगों ने उन महापुरुषों का नाम कभी सामने नहीं आने दिया, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बनकर लोक कल्याण के लिए राष्ट्र कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकें। ऐसे नाम आगे नहीं आने दिए गए। योगी गुरुवार को राजधानी लखनऊ के लोहिया विधि विश्वविद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी समारोह के क्रम में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

महाराजा सुहेलदेव का नाम जानबूझकर इतिहास से गायब किया मुख्यमंत्री ने कहा कि याद कीजिए एक हजार वर्ष पहले विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी के हमलों को

बेनकाब करने वाले महाराजा सुहेलदेव को समाज ने एक प्रकार से विस्मृत सा कर दिया था। सालार मसूद महमूद गजनवी का भांजा था, जिसने सोमनाथ मंदिर को कई बार लूटा। श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या पर पहला हमला इसी ने किया था। उन्होंने कहा कि 1035 में मंदिरों को तोड़ने के लिए जब वो गजनी से निकला था तो मथुरा से लेकर बहराइच तक महाराजा सुहेलदेव के नेतृत्व में भारत के हिंदू राजाओं ने इतनी बाधाएं खड़ी कीं कि बहराइच आते-आते उसके छक्के छूट गए लेकिन इतिहास ने महाराज सुहेलदेव के साथ क्या व्यवहार किया। उनका नाम इतिहास के पन्नों से गायब कर दिया गया। ऐसे ही अहिल्याबाई होल्कर के साथ भी हुआ। ऐसी एक लंबी श्रृंखला हमारे पास है। अहिल्याबाई की विरासत दे रहे नये भारत निर्माण में योगदान मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम वैदिक परंपरा की बात करते हैं। एक कालखंड ऐसा भी आया जब कहा गया कि महिलाएं वेद नहीं पढ़ सकतीं। अपाला, घोषा, गार्गी, मैत्रैयी जैसी भारत की विदुषी महिलाएं थीं। उसी श्रृंखला में 300 साल पहले महाराष्ट्र के छोटे से गांव में एक बालिका ने जन्म लिया, जो आगे चलकर मालवा ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत की आत्मा पर था पहलगाम हमला

भारत ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान में नष्ट किये आतंकी ढांचे और कई एयरबेस : मोदी

धार्मिक आधार पर लोगों को बांटने का किया प्रयास

एजेंसी

गंगटोक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले महीने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भारत की आत्मा और एकता पर हमला था और इसके बाद चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के लिए एक निर्णायक जवाब था।

उन्होंने कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट है। उन्होंने कहा कि भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान में आतंकवादी बुनियादी ढांचे और कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। पहलगाम हमले को भारत में धार्मिक आधार पर लोगों को बांटने का जानबूझकर किया गया प्रयास बताते हुए मोदी ने कहा, हमने स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकी हमले के बावजूद भारत एकजुट है, जिसने हमारी कुछ बहनों के सिंदूर मिटा दिए। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। आतंकवादियों ने कथित तौर पर पीड़ितों का धर्म पूछने के बाद उनकी हत्या कर दी थी। इस घटना से पूरा देश शोकाकुल और आक्रोशित हो गया था। सिक्किम की स्थापना के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में गंगटोक के पलजोर

स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सिक्किम राष्ट्र का गौरव है और यहां के लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री ने खेद जताते हुए कहा कि वह राज्य के स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेना चाहते थे लेकिन खराब मौसम के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। हालांकि उन्होंने आश्वस्त किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

पीएम मोदी ने बंगाल में शुरू की 1,010 करोड़ की गैस परियोजना

एजेंसी

अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,010 करोड़ रुपये की लागत वाली शहरी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखी और कहा कि विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा के लिए राज्य का विकास आवश्यक है।

उत्तरी बंगाल जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सीजीडी पहल केवल पाइपलाइन बिछाने के बारे में नहीं है, बल्कि लोगों के घरों तक सीधे स्वच्छ, सुरक्षित और सस्ती ऊर्जा पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, तो बंगाल की भागीदारी अपेक्षित और आवश्यक दोनों है। केंद्र सरकार यहां बुनियादी ढांचे, नवाचार और निवेश को लगातार नयी गति दे रही है, बंगाल का विकास भारत के भविष्य का आधारभूत स्तंभ है। सीजीडी परियोजना को उन्नति की जीवन रेखा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा अलीपुरद्वार और पड़ोसी कूचबिहार जिलों में लागू इस परियोजना का उद्देश्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

वीवीआईपी रोड पर जाम चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

लखनऊ। लखनऊ के शहीद पथ (वीवीआईपी मार्ग) पर गुरुवार सुबह जाम की स्थिति और पुलिस की लापरवाही भारी पड़ गई। लूलू मॉल के पास एक ओवरलोड डंपर के टक्कर के बाद कई घंटे तक रोड जाम रहा, लेकिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने ना तो मौके पर सक्रियता दिखाई और ना ही उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इस गंभीर लापरवाही पर पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। क्या हुआ था? घटना सुबह करीब 5:39 बजे की है जब वढ92अळ0210 नंबर का एक ओवरलोड डंपर, जो गिट्टी से भरा हुआ था, तेज और लापरवाही से चलते हुए अपने आगे चल रहे दूसरे डंपर में टकरा गया। इस टक्कर में रोड को भी नुकसान पहुंचा और डंपर बीच सड़क पर खड़ा रह गया, जिससे शहीद पथ पर लंबा जाम लग गया। सड़क को करीब 10 बजे जाकर खाली कराया जा सका, यानी पूरे चार घंटे तक वीवीआईपी मार्ग ठप रहा। मामला थाना सुशांत गोल्फ सिटी में दर्ज किया गया है (मुअसं 496/2025 धारा 281/324 (4)/127 (1) बीएनएस)। घटना के बाद ड्यूटी ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

आईपीएल के फाइनल में पहुंची आरसीबी

मुल्लांपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 14.1 ओवर में 101 रन पर समेट दिया। (विस्तृत भीतर)

पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों का तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकताओं कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाना है। इसी को लेकर प्रदेश में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले लगातार किये जा रहे हैं इसके पीछे शासन की मंशा है कि प्रशासनिक दक्षता बढ़े और जिलों में बेहतर पुलिसिंग हों इसी लिए अनुभव और क्षमता के आधार पर अफसरों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं हैं। जारी तबादला सूची में पांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। इस फेरबदल में बस्ती के पुलिस उपमहानिरीक्षक दिनेश कुमार पी का नाम भी शामिल है। जिन्हें अब केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए मुक्त कर दिया गया है। उनके कार्यकाल ...शेष पृष्ठ 14 पर

पाक के प्रति भारत का रुख बिल्कुल साफ

आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा नया भारत : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारतीय परिवार का हिस्सा हैं और वह दिन दूर नहीं जब वे अंतरात्मा की आवाज सुनकर खुद भारत की मुख्यधारा में लौट आएंगे।

पाकिस्तान के प्रति भारत के नीतिगत दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के प्रति अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया को नए सिरे से तैयार और परिभाषित किया है तथा पाकिस्तान के साथ संभावित वार्ता केवल आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के बिजनेस समिट में

अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में मेक-इन-इंडिया देश की राष्ट्रीय सुरक्षा में एक आवश्यक घटक रहा है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिंह ने पीओके के लोगों तक पहुंचने का व्यापक प्रयास किया और कहा कि भारत उन्हें अपने-अपने परिवार का हिस्सा मानता है। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा हम एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी ढही

सीतापुर। जिले में जल जीवन मिशन के तहत बनी एक नवनिर्मित पानी की टंकी बृहस्पतिवार दोपहर ढह गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना महमूदाबाद इलाके के चुनका गांव में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पिछले दो महीनों से गांव को पानी की आपूर्ति कर रही इस टंकी का निर्माण 5.31 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया गया था।

अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आरोप लगाया कि टंकी के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। महमूदाबाद से भारतीय जनता पार्टी की विधायक आशा मौर्य ने एक्स पर इस घटना को लेकर चिंता जताई। महमूदाबाद के चुनका गांव में बनी पानी की टंकी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनायेंगे : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य के किसानों के लिए उन्नत कृषि तकनीकों से जुड़ने का एक बड़ा अवसर है। इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक और अधिकारी प्रदेश के 95 विकासखंडों, 670 न्याय पंचायतों और 11,440 गांवों में किसानों से सीधे संवाद करेंगे।

गुनियाल गांव से अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 29 मई से 12 जून तक चलेगा। इस दौरान देशभर के 700 से अधिक जिलों में 2000 से अधिक वैज्ञानिक टीमों द्वारा डेढ़ करोड़ किसानों से सीधा संपर्क

स्थापित किया जाएगा। उत्तराखंड के हर जिले में तीन-तीन टीमें बनाई गई हैं जो प्रतिदिन तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करेंगी, जिनमें प्रत्येक स्थान पर 600 से अधिक किसानों से बातचीत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से किसानों को उनकी भूमि, स्थानीय जलवायु और खेती की जरूरतों के अनुसार उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर फसल चयन में मदद दी जाएगी। कृषि, पशुपालन और ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	28.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत (पृष्ठ-14)
- सोना 500 रुपये टूटा, चांदी स्थिर (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे गिरकर 85.48 (पृष्ठ-14)
- एलन मस्क का ट्रंप प्रशासन से इस्तीफा (पृष्ठ-16)
- वेस्टबैंक में बसायेंगे और यहूदी बस्तियां : इजराइल (पृष्ठ-16)

विशेष खबर — 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान

यूपी को गर्मी से मिलेगी राहत, बारिश की संभावना

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार से तीन दिन तक गरज के साथ बारिश और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया और बारिश से तापमान में थोड़ी गिरावट की संभावना जताई, जिससे उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

विभाग ने बृहस्पतिवार को 60 जिलों, खासकर राज्य के पूर्वी और तराई क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी की तथा तेज हवा, गरज, बिजली चमकने और बूंदाबांदी का अनुमान जताया। मौसम विभाग के मुताबिक, लखनऊ और आसपास के जिलों में बृहस्पतिवार तड़के हल्की बारिश और कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश हुई। बिजनौर जिले में सबसे ज्यादा आठ मिमी

केरल में भारी बारिश से सड़कें जलमग्न होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने 60 से ज्यादा जिलों में गरज के साथ बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने व बिजली चमकने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों ...शेष पृष्ठ 14 पर

केरल में मूसलाधार बारिश से भारी नुकसान

तिरुवनंतपुरम। केरल में मानसून के दस्तक देने के बाद मूसलाधार बारिश हो रही है जिसकी वजह से व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है। वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को राज्य के आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने पत्तनमथिट्टा, कोट्टायम, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में बृहस्पतिवार के लिए रेड अलर्ट तथा शेष जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा तीन जिलों- इडुक्की, कन्नूर और कासरगोड- के लिए शुक्रवार के लिए भी रेड अलर्ट तथा ...शेष पृष्ठ 14 पर

आयकर दफ्तर में उपायुक्त पर वरिष्ठ अफसर ने किया हमला

विशेष संवाददाता

दफ्तर बन गया अखाड़ा, कर्मचारियों के छूटे पसीने

लखनऊ। हजरतगंज नरही स्थित आयकर भवन में गुरुवार शाम उपायुक्त गौरव गर्ग पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने हमला कर दिया। पानी के गिलास व पेपर वेट से ताबड़तोड़ वार किए जाने के कारण सिर और चेहरे पर चोटें आई हैं। शोर मचने पर दफ्तर में मौजूद कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे। बीच बचाव कर आयकर उपायुक्त को कमरे से निकाला और हजरतगंज पुलिस को सूचना दी। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया। हमले का आरोप संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी पर लगा है। उपायुक्त की पत्नी आईपीएस अफसर रवीना त्यागी लखनऊ में ही डीसीपी इंटेलीजेंस के पद पर तैनात हैं।

गौरव गर्ग 2016 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। गुरुवार शाम आयकर भवन के छठे तल पर एक वरिष्ठ अधिकारी के कमरे में गौरव गर्ग और 2014 बैच के आईआरएस अधिकारी संयुक्त आयुक्त बैठे थे। यहां एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक कानपुर में तैनाती के दौरान और किसी आरटीआई को लेकर गौरव गर्ग और संयुक्त आयुक्त के बीच कहासुनी होने लगी। वरिष्ठ अधिकारी ने हस्तक्षेप किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली का हिस्सा बन गया है योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- बीबीडी विवि में योग माह के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय ' एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य'में योग माह के अंतर्गत एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विषय था समग्र स्वास्थ्य के लिए योगः प्राचीन ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिसका उद्देश्य योग के वैज्ञानिक पक्ष को जनमानस के बीच प्रस्तुत करना था।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर (डॉ.) दीपेश्वर सिंह, विभागाध्यक्ष, योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं संज्ञानात्मक अध्ययन, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में योग की वैज्ञानिक उपयोगिता, विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और जीवनशैली संबंधी विकारों में इसकी प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज योग केवल एक पारंपरिक अभ्यास नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली का हिस्सा बन चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस. अहमद अली द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने योग को उच्च शिक्षा में एक समावेशी अभ्यास के रूप में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। समापन सत्र में बीबीडी विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस.सी. शर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक संतुलन का आधार है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं ताकि समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) एस.एम.के. रिजवी, विभिन्न संकायों के डीन, निदेशकगण, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

प्रेरणा स्कूल की किशोरियों को जन शिक्षण संस्थान देगा हुनरमंद बनने का अवसर

लखनऊ। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के जन शिक्षण संस्थान ने प्रेरणा गर्ल्स स्कूल की किशोरियों और महिलाओं को हुनरमंद बनाने के लिए 240 घंटे के असिस्टेंट ड्रेस मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, मनोज चौरसिया ने कहा कि हुनरमंद महिलाएं सीएम युवा उद्यमी विकास योजना का लाभ लें, जिसके तहत बिना ब्याज और गारंटी के 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध है।

लैब से लैंड पर जाकर किसानों से संवाद नई क्रांति की शुरुआत करेगा : योगी

मुख्यमंत्री ने यूपी में किया विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ, 2017 के पहले चीनी मिल बंद होती थी, अब नयी मिल लगाने के प्रस्ताव आ रहे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए पीएम ने जो विजन दिया, उसकी आधारशिला बनेगी कृषि
- सीएम बोले कि पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है खेती-किसानी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैब के साथ ही लैंड पर भी जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे।यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरूआत करेगा।लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान का यूपी में शुभारंभ किया।यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा। इस अभियान के लिए सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार जताया। सीएम ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए पीएम मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है।इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इस अभिनव पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन (भौगोलिक, सामाजिक स्थिति) को देखेंगे और किसानों को अर्ली बीज व लेट वेरायटी का प्रोडक्शन पर क्या असर पड़ता हैए इसकी भी जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। देश की कुल कृषि योग्य भूमि का 10-11 फीसदी हमारे पास है। इसी कृषि योग्य भूमि में यूपी का किसान 22-23 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन करता है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम, उत्पादक अधिक पर जोर नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती.किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उन्होंने स्वायल हेल्थ कार्ड का अभियान चलाया। किसानों को पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। किसानों को तकनीक से जोड़ने का कार्य हुआ। पिछले 10-11 वर्ष में काफी परिवर्तन हुआ है। 2014-15 में किसान को एक हजार रुपये भी गेहूं का दाम नहीं मिलता थाए आज एमएसपी 2425 रुपये है। किसानों ने बाजार में 2800 रुपये में गेहूं बेचा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में आए परिवर्तन का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहाकि यूपी में सिंचाई सुविधा में बढ़ोतरी हुई। 15 लाख किसानों के व्यक्तिगत ट्यूबवेल के कनेक्शन फ्री किए गए। राज्य सरकार प्रतिवर्ष ढाई हजार करोड़ रुपये जमा करती है। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बाणसागर परियोजनाए अर्जुन सहायक आदि परियोजना के माध्यम से पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान केंद्र को लागू नहीं करना चाहती थीए लेकिन जैसे ही सूर्य प्रताप शाही कृषि मंत्री बने, उन्होंने 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र को लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र कार्य कर रहे हैं। महात्मा बुद्ध के नाम पर कुशीनगर में पांचवां कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने जा रहे हैं।

प्रदेश के अंदर कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से नई तकनीक, बीज की जानकारी किसानों को दी जा रही है। कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षों से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देताा था। 1996 से 2017 (22 वर्ष) तक जितना गन्ना मूल्य भुगतान हुआ, उससे 72 हजार करोड़ रुपये अधिक (दो लाख 85 हजार करोड़) हमने आठ वर्ष में किसानों को दिया है। बंद हो रही चीनी मिलों को चलाया गया, नई चीनी मिलों को स्थापित किया गया। 2017 के पहले चीनी मिलें बंद होती थीं। आज चीनी मिल लगाने के प्रस्ताव आ रहे हैं।

सीएम ने कहा कि अगले चार वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाएंगे। इसके लिए नया प्रयास प्रारंभ करने जा रहे हैं। यह कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन होगा। सीएम ने यूपी एग्रीज का भी जिक्र किया। बोले कि पश्चिम के किसानों ने खेती समेत प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की, मॉडर्न तकनीक अपनायाए नए बीज उपलब्ध कराए। वे लोग लागत कम करने और उत्पादन बढाने में सफल हुए। मध्य और पूरब के किसान इस दिशा में काफी पीछे थे, इसलिए वर्ल्ड बैंक के माध्यम से चार हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को हम लोगों ने इस वर्ष बढ़ाया है।

अहिल्याबाई होल्कर भारतीय समाज की प्रेरणास्रोत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को जीपीओ पार्क, लखनऊ में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, प्रदेश मंत्री शंकर लोधी, शंकर गिरि, शिव भूषण सिंह, एमएलसी अवनीश सिंह, रामचंदर प्रधान, उमेश द्विवेदी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

मुख्यमंत्री ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व को भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी पूरे प्रदेश को लोकमाता के विराट योगदान से परिचित कराएगी।

साथ ही सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा लोककल्याण के लिए किए गए उनके अद्वितीय कार्यों से प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर देगी। उन्होंने कहा कि अतीत केवल पढ़ने के लिए नहीं होता, बल्कि आत्मसात करने और उससे शिक्षा ग्रहण करने का एक सशक्त माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि अतीत की गलतियों का परिमार्जन और गौरवशाली क्षणों को आदर्श रूप में ग्रहण करना हमारे लिए आवश्यक है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़ी यह प्रदर्शनी हमें यही आत्मावलोकन करने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई की अखिल भारतीय दृष्टि ने उन्हें देशभर में सुशासन, सुरक्षा और सुव्यवस्था का एक अद्वितीय मॉडल बना दिया। उनका कालखंड भारतीय नारी शक्ति, सामाजिक न्याय और लोककल्याण की जीती-जागती मिसाल है। उन्होंने कहा कि 21 से 31 मई तक उत्तर प्रदेश में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत गोष्ठियों, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनी, नाट्य श्रृंखलाओं, लोकगीत कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने लोकमाता अहिल्याबाई के कालखंड को प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा, लेकिन उनके आदर्शों का जीवंत दर्शन पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी की कार्यपद्धति के माध्यम से हमें हो रहा है।

प्रदर्शनी स्वयं विद्या है : बीएल संतोष

पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने कहा कि प्रदर्शनी स्वयं विद्या है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में बताना एक बड़ी बात है। उनके जन्म को 300 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इंदौर से दूर उनके साम्राज्य के बावजूद पूरे देश में उनके योगदान को याद किया जाना जरूरी है। देश को देश बनाने में जिन महान लोगों का योगदान रहा है, उनमें अहिल्याबाई होल्कर भी शामिल हैं। उन्होंने महिलाओं को शासन में शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जब हम महिलाओं की सहभागिता की बात करते हैं तो यह कोई आज की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि 300 साल पहले भी अहिल्याबाई जैसे उदाहरण मौजूद थे। शासन, युद्ध और जनकल्याण में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि भाजपा उनके जीवन और कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के लिए एक बड़ा अभियान चला रही है। आठ वर्ष की आयु में विवाह, 70 वर्ष का जीवन, अनगिनत युद्ध और सभी में विजय। यह अद्भुत प्रेरणादायक है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पुण्यश्लोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र पर आधारित यह प्रदर्शनी आज की युवा पीढ़ी विशेष रूप से बेटियों के लिए प्रेरणा का विषय है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की मूर्ति अहिल्याबाई ने 300 साल पहले पूरे देश में भारत की नारी शक्ति का प्रदर्शन किया था। पूरी दुनिया में जब महिलाओं के पास अपनी ताकत नहीं थी, उस दौर में भारत की रानियां अपनी शक्ति का पुरजोर प्रदर्शन कर रहीं थीं। इस प्रदर्शनी के जरिए महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। प्रदर्शनी में लोकमाता के कालखंड में किसान, महिला, व्यापार, न्याय, प्रशासन, ममता, रमता और समता जैसे सारे विषय प्रदर्शित हैं।

ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी से एमओयू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक उत्कृष्टता से जोड़ते हुए गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआए जब राज्य सरकार और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों एवं अध्यापनरत शिक्षकों के लिए शोध-अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा को केवल डिग्री अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की धुरी मानती है।

चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए किया संघर्ष

रालोद कार्यालय पर चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हुआ हवन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद के प्रदेश कार्यालय पर भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनायी गयी। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे व रालोद पदाधिकारियों ने हवन पूजन कर कार्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए चौधरी चरण सिंह अमर रहे के नारे लगाते हुए विधानसभा पहुंचे और विधानसभा मुख्य द्वार स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि आज भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जिन्होंने अपने सम्पूर्ण जीवन काल में देश के दलितों, पिछड़ों, गरीबों और किसानों की बेहतरी के लिए संघर्ष किया, राजनीति में हिस्सेदार बनाया उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व राजनैतिक सामाजिक जीवन जी रहे लोगों के लिए अनुकरणीय है। चौधरी चरण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मयार्दा में जिया। प्रदेश कार्यालय में हुए कार्यक्रम का संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश महासचिव संतोष यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक, प्रमोद शुक्ला, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, सम्राट सिंह चौहान, गणेश प्रसाद, एसके श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश तिवारी, रमेश कश्यप, माया देवी, सुमित सिंह, राम गोपाल चंदेल, साधना चौधरी, अमन सोनकर आदि लोगों ने चौधरी चरण सिंह को नमन किया।

शहीद कैप्टन के पिता ने कांग्रेस की ली सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता सेना से (रिटा.) अधिकारी रवि प्रताप सिंह ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, सतीश अजमानी और प्रदेश कांग्रेस ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रवि प्रताप सिंह कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर, पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि देश के लिए कुर्बान हुए शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता जो खुद एक अनुशासित सिपाही रहे हैं वह आज कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। कांग्रेस ने कभी सेना का राजनीतिकरण नहीं किया हमने हमेशा सैनिकों को सम्मान दिया और शहादत को सलाम किया है। हमने शहीदों के परिजनों को अपने परिजनों जितना स्नेह दिया है, मगर उस सहयोग का कभी ढिंढोरा नहीं पीटा।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह ने कहा कि मैं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की कुछ बातों से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता कर रहा हूं जिन्हें मैं आप सभी के साथ साझा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि देश के शहीदों एवं सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं तो जरूर निकाली जा रही हैं मगर सच्चाई यह है कि शहीदों के परिजनों का पुरसाहाल लेने वाला कोई नहीं हैं लेकिन आज के इस राजनीतिक दौर में लोकसभा में भी राहुल गांधी जैसे नेता हैं जो शहीदों के सम्मान भी करते है और उसका राजनीतिकरण भी नहीं करते। रवि प्रताप सिंह अपना ही किस्सा सुनाते हुए बताया कि कैसे राहुल उनके आवास पर मिलने आए, 45 मिनट बैठकर उनसे बात की, उन्हें संबल दिया, अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया, फोटो भी खिंचवाई मगर अपनी टीम से कहा कि इस फोटो का कहीं भी राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उनकी इस सोच से प्रभावित होकर मैंने आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।

राहुल के पहले भाषण के संकलन की किताब का विमोचन

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहले भाषण के संकलन की किताब जननायक राहुल गांधी का संसद में ऐतिहासिक भाषणा का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने किया। किताब का संकलन बदरे आलम ने किया है एवं प्रकाशन मौलाना अब्दुल कय्यूम रहमानी फाउंडेशन ने किया है। कार्यक्रम का संचालन मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने किया एवं हिंदवी ने किताब के कई अंश पढ़कर मौजूद कांग्रेसजनों को सुनाया। इस मौके पर बोलते हुए बदरे आलम ने कहा कि राहुल गांधी का संसद में पहला भाषण कई मायनों में ऐतिहासिक था। वह भाषण नहीं था एक ऐलान था इस तानाशाहिक प्रवृत्ति वाली मोदी सरकार के खिलाफ।

किसान स्वयं कृषि वैज्ञानिकों के समक्ष अपनी चुनौतियों को रखें

विशेष संवाददाता (vol)

- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि मंत्री ने किसानों से किया सीधा संवाद
- जहांगीरपुर, गोसाईगंज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वे किसानों द्वारा खेत पर किए जा रहे नवाचार से भी लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने किसान ऑन से आग्रह किया कि वह इन कार्यक्रमों के दौरान स्वयं आगे जाकर कृषि वैज्ञानिकों के समक्ष अपनी चुनौतियों को रखें। वास्तव में इस कार्यक्रम की सार्थकता तभी होगी।

विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के पहले दिन गुरुवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जहांगीरपुर, गोसाईगंज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर किसानों से किया सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने कई प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया तथा पौधारोपण भी किया।

इस दौरान उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने, स्वयं को कृषि विभाग के पोर्टल पर रजिस्टर करवाने, प्राकृतिक खेती अपनाने तथा कृषि के क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधान से परिचित रहने, नई तकनीक को अपनाने तथा प्रदेश की जलवायु के अनुसार फसलों की प्रजातियों को पैदा करने का आह्वान किसानों से किया। उन्होंने किसानों को बताया कि यह विशेष अभियान पूरे प्रदेश भर में 29 मई से 12 जून तक चलेगा, जिसमें किसानों को खरीफ फसलों की आधुनिकतम तकनीकों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शाही ने कहा कि इस विशेष अभियान में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 10,125 प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनसे किसानों को उन्नत बीजों के उपयोग, बीज शोधन, मिट्टी स्वास्थ्य सुधार, सह-फसली खेतीए ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई, कृषि ड्रोन के इस्तेमाल, प्राकृतिक खेती तथा औद्यानिक फसलों के विस्तार की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री और फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के पंजीकरण व सहायता पर विशेष जोर रहेगा। शाही ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि पद्धतियों से अवगत कराना और प्रदेश में कृषि उत्पादकता को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दिनेश सिंह निदेशक भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, डॉ. टी दामोदरन निदेशक केंद्रीय उपोष्ण बागवानी अनुसंधान संस्थान, डा. पीएल सरोज प्रधान वैज्ञानिक सीआईएसएच सहित कई अन्य कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण से सुधार की प्रक्रिया को और मिलेगा बल : सीएस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि नोडल अधिकारियों द्वारा अच्छी तरह से निरीक्षण कर यथास्थिति का आकलन किया गया। उनके द्वारा किये गये निरीक्षण से सुधार की प्रक्रिया को और बल मिलेगा।

मुख्य सचिव गुरुवार को जनपद भ्रमण के लिए नामित नोडल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर फीडबैक प्राप्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारियों द्वारा भेजी गयी निरीक्षण आख्याओं का संकलन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को नोडल अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों और जनपदों को भी भेज दिया जाये, ताकि उनके द्वारा सुधारात्मक कदम तत्काल उठाये जा सकें। फीडबैक के दौरान अधिकांश नोडल अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल परियोजनाओं में जलापूर्ति, गौ संरक्षण केन्द्रों व निर्माण परियोजनाओं की स्थिति संतोषजनक पायी गई। नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति हो रही है। गौशालाओं में पर्याप्त छाया, भूसा व पानी की व्यवस्था पाई गई। गौशालाओं में भूसे का पर्याप्त भण्डारण है और चौकीदार मौजूद था और उन्हें समय पर मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से सकारात्मक फीडबैक प्राप्त हुआ। निर्माण परियोजनाएं भी माइल स्टोन के अनुसार प्रगति पर हैं। कुछ स्थानों पर मामूली कमियां देखी गई, जिनके सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा विकास कार्यों की हकीकत तथा जनता का फीडबैक जानने के लिए सभी जनपदों के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गये थे।

प्रदेश के 49 जिलों में नागरिक सुरक्षा कोर का गठन

नागरिक सुरक्षा मंत्री ने निकाय गठन के लिए मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

विशेष संवाददाता (vol)

- संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट होगे नियंत्रक प्राधिकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति की पहल पर यूपी के 49 जनपदों के लिए व्यक्तियों के एक निकाय का गठन किया गया है। इस निकाय को नागरिक सुरक्षा कोर कहा जायेगा। जिला मजिस्टेज्टों को उक्त कोरों का समादेशन के लिए नियंत्रक के रूप में नियुक्त किया गया है।

धर्मवीर प्रजापति ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों जैसे अम्बेडकरनगर, अमेठी, औरैया, उन्नाव, बहराइच, बाराबंकी, बलिया, बिजनौर, बंदायू, चित्रकूटधाम, देवरिया, एटा, इटावा, फतेहपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, जौनपुर, कन्नौज, अमरोहा, कासगंज, कानपुर देहात, गौतमबुद्ध नगर, गाजीपुर, हापुड़, हमीरपुर, लखीमपुरखीरी, ललितपुर, कुशीनगर, कौशाम्बी, महोबा, मैनपुरी, महराजगंज, मऊ, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सम्भल, संतरविदास नगर, संतकबीरनगर, शाहजहांपुरए शामली, सीतापुर, श्रावस्ती, सोनभद्र, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर तथा बलरामपुर जनपद में व्यक्तियों के निकाय का गठन करने का निर्णय प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। व्यक्तियों के निकाय के गठन के लिए धर्मवीर प्रजापति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। प्रजापति ने बताया कि संबंधित जिलों के जिले मजिस्ट्रेट को पूर्वोक्त अधिनियम की धारा-4 की उपधारा-1 और नागरिक सुरक्षा नियमावली-1968 के नियम-19 के उपनियम-1 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष.1962 में चीन आक्रमण के दौरान प्रदेश के 14 नगरों में हवाई आक्रमण से जनधन की हानि को कम करने औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन बनाये रखने के उद्देश्य से की गयी थी। इसके उपरांत पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर चन्दौली को वाराणसी से अलग कर नागरिक सुरक्षा इकाई घोषित किया गया। इस प्रकार कुल 15 नागरिक सुरक्षा इकाई स्थापित किये गये। तत्पश्चात 2021 में 9 और जनपदों में नागरिक सुरक्षा इकाई की स्थापित की गयी थी। प्रजापति ने बताया कि स्थानीय प्रशासन को सफाई अभियानए पल्सपोलियो कार्यक्रम, प्रदूषण मुक्ति अभियान, आगजनी में सहायता, रक्तदान शिविर जैसे महत्वपूर्ण मामलों में सहयोग देने के लिए नागरिक सुरक्षा इकाई कार्य करती है।

संक्षेप

डीएम-एसपी ने एसएसबी, आईबी और कस्टम विभाग के साथ की बैठक

सिद्धार्थनगर- भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में एसएसबी, आईबी, कस्टम और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना था। इनमें मानव तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही, नशीली दवाओं और अवैध शराब की तस्करी शामिल हैं। अधिकारियों ने सीमा पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के लिए रणनीति बनाई। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।

आकाश अंबानी ने बाबा विश्व नाथ का दर्शन-पूजन किया

वाराणसी। प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र आकाश अंबानी बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने यहां पहुंचे। बृहस्पतिवार को मंदिर प्रशासन ने यह जानकारी दी।

बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद आकाश अंबानी दशाश्वमेध घाट पहुंचे, जहां गंगा सेवा निधि के अर्चकों ने वैदिक रीति से मां गंगा का पूजन कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने बताया कि बुधवार की रात को आकाश अंबानी ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा श्री काशी विश्वनाथ का विधिवत दर्शन पूजन किया। पूजन के उपरांत उन्हें बाबा का प्रसाद, अंग वस्त्र और रुद्राक्ष की माला भेंट की गयी। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने बताया कि बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के उपरांत आकाश अंबानी दशाश्वमेध घाट पहुंचे। जहां गंगा सेवा निधि के अर्चकों ने उन्हें वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का पूजन कराया। इस दौरान गंगा सेवा निति के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, और सचिव हनुमान यादव ने आकाश अंबानी को अंग वस्त्र, प्रसाद और स्मृति चिह्न भेंट किया।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का शार्प शूटर ढेर

हापुड़/लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा की साझा टीम ने हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक शार्प शूटर को मुठभेड़ में मार गिराया।

बदमाश की पहचान कुख्यात माफिया लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य और हत्या एवं महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे मामलों में फरार नवीन कुमार के रूप में हुई।

एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने एक बयान में कहा कि बुधवार की रात को एसटीएफ की नोएडा इकाई और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की संयुक्त टीम की बदमाशों के साथ हापुड़ थाना कोतवाली क्षेत्र में मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। यश ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृत बदमाश की पहचान गाजियाबाद जिले के लोनी निवासी नवीन कुमार पुत्र सेवा राम के रूप में हुई है।

एडीजी ने बताया कि वांछित अभियुक्त नवीन कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सक्रिय सदस्य और शार्प शूटर था। वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य हाशिम बाबा के साथ मिलकर काम करता था। बदमाश पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, डकैती समेत 20 मामले दर्ज हैं। साथ ही, मकोका के तहत भी मामले दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि कुमार पर सबसे पहले वर्ष 2008 में शस्त्र अधिनियम के तहत सीमापुरी थाने में मामला दर्ज हुआ था। वर्ष 2009 में उसने साहिबाबाद थाना क्षेत्र में कथित रूप से किसी की हत्या कर दी। वर्ष 2010 में कुमार के खिलाफ पुलिस ने गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत भी मामला दर्ज किया।

फर्जी अभिलेख बनाने वाले जनसेवा केंद्र का भंडाफोड़

बरेली। सेना की लखनऊ-बरेली अभिसूचना (मिलिट्री इंटेलिजेंस) इकाई ने विशेष अभियान समूह (एसओजी) और पुलिस के साथ उत्तर प्रदेश के सीबीगंज थाना क्षेत्र में फर्जी अभिलेख बनाने वाले एक जनसेवा केन्द्र का भंडाफोड़ कर मौके से दस्तावेज बरामद किये। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जनसेवा केन्द्र पर लैपटॉप, प्रिन्टर आदि उपकरण के माध्यम से अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, 10वीं व 12वीं कक्षा के अंकपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर उपकरण जब्त कर लिये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पत्रकारों को बताया कि बुधवार को अभिसूचना टीम से मिली सूचना के बाद यह अभियान चलाया गया। महेशपुर गांव का रहने वाला आरोपी मुकेश देवल अपने घर के भूतल पर जनसेवा केन्द्र और लोकवाणी केंद्र के नाम से कथित तौर पर एक निजी दुकान चलाता था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने वित्तीय लाभ के लिए फर्जी आधिकारिक दस्तावेज तैयार करने के लिए लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य उपकरणों का कथित तौर पर इस्तेमाल किया।

प्रवर्तन अभियान के दौरान 20 लीटर शराब की गयी बरामद

बलरामपुर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय प्रताप सिंह के निर्देशन में राजेश यादव सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन टीम 1 मनोज कुमार, आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन टीम 1 देवीपाटन गोंडा प्रभार के समस्त आबकारी सिपाही व अनन्त कुमार मिश्र आबकारी निरीक्षक प्रथम सदर बलरामपुर मय स्टाफ बाल गोविंद चौधरी प्रधान आबकारी सिपाही राहुल कुमार राव, आबकारी सिपाही प्रवर्तन अतुल कुमार गौड़, आबकारी सिपाही कविता गुप्ता आबकारी सिपाही आदि के साथ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हसुआडोल में दबिश दी गई, दबिश के दौरान लगभग 20 लीटर शराब के साथ एक अभियुक्ता को गिरफ्तारी की गई। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया आबकारी निरीक्षक द्वारा आबकारी टीम के कम्पोजिट विदेशी शॉप भगवतीगंज आदि दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, उसके साथ आबकारी नियमों के अंतर्गत दुकान संचालन के लिए निर्देशित किया गया।

भाकियू ने राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रदेश अध्यक्ष किया जोरदार स्वागत

सिद्धार्थनगर। जनपद में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व प्रदेश अध्यक्ष पं0 राज्यपाल शर्मा का जनपद आगमन के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने रेस्ट हाउस में भव्य जोरदार स्वागत सम्मान किया। भा0 कि0 यूनियन के ज़िला संरक्षक अरविंद कुमार शुक्ला ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी साझा करते हुए गौतम बुद्ध की धरा पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व प्रदेश अध्यक्ष पंडित राज्यपाल शर्मा का स्वागत सम्मान करते हुए किसानों के हित में आग्रह किया गया, इनके अलावा कि0 यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रदीप किसान, राणा चौधरी घनश्याम चौरसिया चेतू रामवृक्ष राव सूर्य प्रकाश चौधरी सादिक किसान महेंद्र चौधरी आदि यूनियन के लोगों ने पूरे हर्षोल्लास जोश के साथ हम किसी से कम नहीं की तर्ज पर राष्ट्रीय प्रवक्ता/प्रदेश अध्यक्ष का जोर दार स्वागत किया गया। बाद इसके किसानों की समस्याओ से जुड़े मामलों को अवगत कराया गया, किसानों के हित में हर सम्भव कार्य प्रयास किए जाने का भरोसा उक्त पदाधिकारियों ने दिया गया।

सांसद ने की जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा

श्रावस्ती। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद एवं समिति अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करें और जिले के चहुँमुखी विकास में योगदान दें। बैठक में सड़कों की मरम्मत, बाढ़ राहत, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, मनरेगा, आयुष्मान भारत, किसानों की सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति जैसे विषयों पर समीक्षा की गई। सांसद ने निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति लाई जाए। खासकर निमार्णाधीन कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए तय समय में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को सभी निर्माण कार्यों की जानकारी समय से देने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत इस वर्ष 8121 परिवारों को रोजगार दिया गया है तथा जल जीवन मिशन के तहत 567205 लोगों को लाभ मिलेगा। आयुष्मान योजना के तहत 332598 गोल्डेन कार्ड जारी किए गए हैं और 16002 लाभार्थी उपचारित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के तहत बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत और पूर्ण हो चुके हैं।

इस अवसर पर विधायक रामफेरन पाण्डेय, विधायक इन्द्राणी वर्मा, विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने किया।

जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न

बलरामपुर। डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार मौजूद रहें। बैठक में डीएम एवं एसपी द्वारा उद्यमियों की शिकायतों समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित को दिए गए। उन्होंने स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों को स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन पत्रों का निर्धारित समय सीमा के भीतर ऋण उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त उद्योग, डीसी जीएसटी, उद्यमी एवं व्यापारीगण व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

उर्से अतीकी पर हुई चादरपोशी

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के खानापटटी वार्ड में गुरूवार को उर्से सूफी अतीके मिल्लत में जायरीन जुटे दिखे। अठारहवें सालाना फातेहा पर अकीदतमंदों ने मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में मौलाना अतीक की मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी की। हजरत मौलाना रहमानी मियां की अध्यक्षता में हुए उर्से अतीकी में मुल्क की एकता तथा शांति को लेकर आपसी भाईचारे की मजबूती का भी ऐलान हुआ। वहीं जलसे में दूरदराज से आये ओलमाए केराम व शायरों ने नात व तकरीर पेश की। शेरों शायरी व तकरीर में कहा गया कि मुल्क की हिफाजत तथा बेहतरी के लिए जरूरत पड़ने पर हर शख्स कुबार्नी देने को तैयार है। इलाकाई विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने चादर शरीफ पेश किया। संचालन बेलाल रहमानी ने किया। इस मौके पर आबिद अली, अब्दुल लतीफ खान, अतीक खान, अम्मार रहमानी, सईद खान, जर्रार अहमद, वकार अहमद, मो. हिफजान, रईस खान, मो. उमैद, शेख सलीम, मो. शहजाद, मो. नसीम, नियाज बाबुरी, हाफिज मो. शोएब आदि रहे।

वकीलों ने किया कामकाज का बहिष्कार

प्रतापगढ़। तहसील परिसर में सार्वजनिक शौचालयों की समुचित साफ सफाई न होने के साथ वादकारी शेडों में गंदगी को लेकर वकीलों ने गुरूवार को नाराजगी जतायी है। वहीं तहसील में आने वाले वादकारियों तथा अधिवक्ताओं के लिए वाहन स्टैण्ड अभी तक प्रभावी न बनाए जाने पर भी वकीलों में नाराजगी देखी गयी। अधिवक्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को समाधान दिवस में ज्ञापन भी सौंपा था।

समस्याओं के निस्तारण को लेकर अफसरों के आश्वासन पर भी कार्रवाई न होने से खफा वकीलों ने न्यायिक कामकाज से खुद को विरत रखा। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, हरि नारायण पाण्डेय, अतुल मिश्र, अभिषेक शुक्ला, आशुतोष द्विवेदी, दुर्गेशमणि त्रिपाठी, अतुल तिवारी, नवनीत पाण्डेय, सलमान खान आदि रहे।

नीति आयोग आकांक्षी जनपद के लिए निर्धारित सूचकांक पर प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

बलरामपुर। डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जनपद हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, फाइनेंशियल इंक्लूजन, कृषि, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर निर्धारित सूचकांक पर प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सभी सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को मानक को पूर्ण करते हुए सभी सूचकांक को संतृप्त किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को डिलीवरी प्वाइंट के रूप संचालित किए जाने, बैंकिंग योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों से जोड़े जाने सहित अन्य आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को थाना बांसी पुलिस ने रानीगंज तिराहे से पकड़ा। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नितिन कुमार के रूप में हुई है। वह संतकबीरनगर जिले के बेलहरकला थाना क्षेत्र के परसिया का रहने वाला है। उस पर मुकदमा संख्या 123/2025 के तहत धारा 64/123/351(3) बीएनएस और 67( ) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी में थाना कोतवाली बांसी के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम शामिल रही। टीम में उप निरीक्षक रामाज्ञा प्रसाद, हेड कांस्टेबल योगेंद्र यादव और कांस्टेबल चंदन सिंह शामिल थे। आरोपी को कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

प्रमोद तिवारी की हुई उप राष्ट्रपति के साथ शिष्टाचार भेंट

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गुरूवार की सुबह उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से संसदीय शिष्टाचार के तहत मुलाकात की। नई दिल्ली के उप राष्ट्रपति भवन में राज्यसभा के सभापति एवं उप राष्ट्रपति के साथ जिले के राज्यसभा सदस्य की मुलाकात की यहां जानकारी हुई तो प्रशंसकों व कार्यकताओं के चेहरे खिल उठे। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के बीच द्विपक्षीय शिष्टाचार शीर्ष वार्ता में वर्तमान परिवेश में अहम राष्ट्रीय मसलों पर पारस्परिक विचारों का आदान प्रदान हुआ। उप राष्ट्रपति ने राज्यसभा की इथिक्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य तथा पैनल ऑफ वाइस चेयरमैन के तहत पीठासीन की भी सांसद प्रमोद तिवारी के द्वारा सदन में अनुभवशील भूमिका को सराहा। वहीं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के बीच संसद के मानसून सत्र को लेकर सदन संचालन के तहत अधिकाधिक संसदीय कामकाज को लेकर रचनात्मक वातावरण पर भी सार्थक चर्चा हुई। उप राष्ट्रपति एवं विपक्ष के उपनेता की मुलाकात में देश की सम्प्रभुता तथा क्षेत्रीय अखण्डता के क्षेत्र में राष्ट्र की एकजुटता को भी महत्वपूर्ण उपलब्धि कहा गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ हुई शिष्टाचार भेंट वार्ता की जानकारी यहां गुरूवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से दी गयी है।

गौआश्रय केंद्र के निरीक्षण में डीएम को मिलीं खामियां

- पंचायत सचिव पर निलंबन की गाज
- लालगंज बीडीओ व रामपुर संग्रामगढ़ के बीईओ को भी मिली प्रतिकूल प्रवृष्टि

प्रतापगढ़। डीएम के गुरूवार को अचानक लालगंज ब्लाक के पहाड़पुर स्थित गोअभ्यारण केंद्र के निरीक्षण में कदम कदम पर मिली बेतरतीव व्यवस्था से अफसरो का गला सूखता नजर आया। गोअभ्यारण स्थल के निरीक्षण में मवेशियों की चरही में हरे चारे की जगह मात्र भूसा देखकर डीएम भड़क उठे। वहीं गोवंशों को दुबला पतला देखने पर भी जिलाधिकारी नाराज हो उठे। डीएम ने गोवंश के संदर्भ में अभिलेख में समुचित जानकारी न देख सम्बन्धित ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर द्वारा गोवंश के निरीक्षण में लीपापोती देखकर डीएम ने इन्हें प्रतिकूल प्रवृष्टि दिये जाने के निर्देश दिये। लालगंज खण्ड विकास अधिकारी पर भी शिथिल पर्यवेक्षण को लेकर प्रतिकूल प्रवृष्टि की गाज गिरी। गोवंशो की संख्या मिलान में अनियमितता पाये जाने पर डीएम ने वित्तीय अनियमितता के तहत पंचायत सचिव पर भी निलंबन की गाज गिरा दी। वहीं डीएम ने मोती का पुरवा गांव में भ्रमण कर सरकारी योजनाओं की भी हकीकत खंगाली ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के संचालन की भी डीएम नब्ज टटोलते दिखे। डीएम ने गोआश्रय स्थल पर अव्यवस्थाओ को लेकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी समेत लालगंज के खण्ड विकास अधिकारी को भी जमकर फटकार लगायी। डीएम की फटकार पर अफसर गोअभ्यारण केंद्र में नजरें चुराते देखे गये। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी अचानक पहाड़पुर गोअभ्यारण केंद्र पहुंच गये। औचक निरीक्षण में मवेशी के कान में टैग न देख डीएम का पारा तल्ख दोपहरी में चढ़ आया। नाराज जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किये जाने के निर्देश दिये। वहीं आश्रय स्थल पर मवेशियों के खान पान तथा चिकित्सा व रहन सहन को लेकर जिलाधिकारी की नजर खामियों पर आ टिकी। नाराज डीएम ने इन अव्यवस्थाओं को लेकर खण्ड विकास अधिकारी की लापरवाही पर उन्हें भी फटकार लगायी। बीडीओ मानवेंद्र शर्मा डीएम को स्पष्टीकरण देने के फिराक में दिखे लेकिन डीएम की तनी भृकुटी देख बीडीओ की सिटटी पिटटी गुम हो उठी दिखी। डीएम ने पहाड़पुर ग्राम पंचायत का भी भ्रमण कर निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया। गांव में जगह जगह गंदगी का आलम भी डीएम को नागवार गुजरा। डीएम ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर विकास कार्यो की हकीकत की भी नब्ज टटोली। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को केन्द्रीय एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता भी प्रदान की। घंटो डीएम के पहाड़पुर में होने की खबर से आसपास की ग्राम पंचायतों व विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी बेचैनी का माहौल देखा गया। डीएम ने मातहतों को शासन की मंशा के अनुरूप गोआश्रय के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर कड़वी नसीहतें दी। वहीं उन्होने विकास कार्यो में पारदर्शिता व गुणवत्ता हर हाल में बनाए रखने को कहा। डीएम ने मातहतों को आगाह किया कि उनके निरीक्षण में दिखी खामियों को समयबद्ध दूर न किया गया तो अफसरों के यहां रेण्डम चेकिंग की रिपोर्ट के आधार पर लापरवाह के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया कपिलवस्तु स्तूप का दौरा

सिद्धार्थनगर- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कपिलवस्तु स्थित स्तूप और म्यूजियम का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल और विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र सिंह मौजूद रहे। मंत्री ने महात्मा गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन के राजमहल के अवशेषों का निरीक्षण किया। उन्होंने भन्तेगणों से मुलाकात की और उनसे विचार-विमर्श किया। कपिलवस्तु म्यूजियम में महात्मा गौतम बुद्ध की चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर., पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन और जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविन्द माधव भी इस अवसर पर मौजूद थे।

...तो फिर आखिर थर्ड अंपायर कौन ?

एस.पी. सिंह/ रमेश मिश्रा

इकौना (श्रावस्ती)। गौतम नगर के अन्त्येष्टि स्थल से 600 सागौन समेत हरे-भरे, बेशकीमती पेड़ कट भी गए और रहस्यमयी ढंग से गायब भी हो गए। इस अवैध कटान को लेकर व्यापार मंडल के नगर अध्यछ कन्हैया कसौधन और नगर की चेयरमैन गजाला चौधरी, नसीम चौधरी के बीच आरोप-प्रत्यारोपों की जुबानी जंग की नूरा कुश्ती चचाओं में रही।

जब पेड़ के रहस्य को लेकर कन्हैया कसौधन ने चेयरमैन के पति और नसीम चौधरी तथा अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार को जिम्मेदार ठहराने का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आरोप लगाया, तो नसीम चौधरी सफाई के वाक्-युद्ध के मैदान में उतर आए और कन्हैया के आरोपों का माकूल जवाब दिया। इकौना नगर पंचायत की अध्यक्षा गजाला चौधरी आरोपों से आहत और कन्हैया कसौधन पर सलीके से पलटवार करते हुए टिप्पणी की कि जनता सब जानती है।

वहीं अध्यक्षा के पति नसीम चौधरी ने बिना किसी लाग-लपेट के जिला एवं पुलिस प्रशासन से मांग की कि पेड़ कटाई पर गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने भी पेड़ कटान बाबत पल्ला झाड़ते हुए जांच की मांग की। 7 मरघट के सौंदर्यीकरण के नाम पर जे.सी.बी उतारने वाले कार्यदायी संस्था कश्यप ट्रेडर्स के स्वामी ने मरघट में पेड़ काटने से साफ इनकार किया। अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा लेखपाल द्वारा दर्ज कर दिया गया है।

पुलिस विवेचना में जुटी है। ऐसे में आम जनमानस के मानस पटल पर यक्ष प्रश्न कुलांचे मार-मार कर कचोट रहा है कि जब चेयरमैन, ठेकेदार और ईओ निर्दोष हैं।..तो फिर आखिर इस घटना के पीछे थर्ड अंपायर कौन है? क्या पुलिस अपनी पड़ताल में इस राज को सार्वजनिक कर सकेगी? हालांकि यह अभी नियति के गर्भ में है, लेकिन इंतजार सबको है।

अब बजट पर जांच की बारी

इकौना के इस मुक्तिधाम स्थल पर साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के नाम पर 28 लाख 7 हजार रुपये का भारी-भरकम बजट जनमानस के निशाने पर आ गया है। जनता का सवाल जायज है कि जब यह कार्य अधिकतम 2 से 3 लाख रुपये में पूर्ण हो सकता था तो 28 लाख 7 हजार रुपये खर्च करने की जरूरत क्यों पड़ी ? इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जिम्मेदारों को उनके सम्मानित पद से हटाया जाना चाहिए।

मरघट के 28 लाख 7 हजार के बजट पर उठे सवाल

'रहिमन इस संसारमें लूट सको जो लूट, अन्त समय पछिताओगे जब तन जाएगा छूट' झ यह पंक्तियां गौतम नगर मोहल्ले के मुक्ति धाम के सौंदर्यरी करण पर फिट बैठती हैं। अन्त्येष्टि स्थल के सौंदर्यीकरण के नाम पर जारी किए गए 28 लाख 7 हजार रुपये के भारी भरकम बजट पर सवाल खड़े हो गए हैं। जेई हरिकृष्ण द्वारा जो स्टीमेट बनाया गया था, उसमें पूर्व नियोजित सरकारी खर्चे की पूरी व्यवस्था कर ली गई थी। मरघट में साफ सफाई सहित कमरों, बरामदो, बाउंड्री वाल, बैठका के रंगाई पुताई के नाम पर शासन से 28 लाख 7 हजार रुपये का बजट अवमुक्त कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मद पर मात्र 50 हजार से 1 लाख रुपये तक का खर्च हुआ होगा। घास-फूस की सफाई, कमरे की रंगाई-पुताई जैसे कार्य बहुत ही सीमित समय में संपन्न हुए। तालाब के किनारे आग लगाकर घास जलाना ही सौंदर्यीकरण दशार्या गया। शव जलाने वाला छाजन स्थान ज्यों का त्यों है। जानकारों का मानना है कि यदि मजदूरों के माध्यम से सफाई कराई जाती तो भी 50 मजदूर इस कार्य हेतु पर्याप्त होते। जेई इतने भारी भरकम धनराशि के स्टीमेट बनाने का जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

दोषियों पर हो कार्रवाई – अधिशासी अधिकारी

नगर के अन्त्येष्टि स्थल पर सौंदर्यीकरण एवं सफाई के नाम पर जो कुछ हुआ वह उचित नहीं है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि निश्चित रूप से मुक्तिधाम स्थल पर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई हुई है। मुकदमा दर्ज किया जा चुका है और पुलिस विवेचना कर रही है। हम पुलिस जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

दोषियों पर हो सख्त कार्यवाही चेयरमैन गजाला चौधरी

घटना से आहत नगर पंचायत अध्यक्षा गजाला चौधरी ने साफ शब्दों में कहा कि जिन पेड़ों की कटाई की बात हो रही है। यदि वह सच है तो गंभीर है। उन्होंने पुलिस एवं जिला प्रशासन से मांग की कि सच्चाई जनता के सामने शीघ्र लाई जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस प्रकरण की किसी भी जांच में वह और उनके पति नसीम चौधरी पूरी तरह सहयोग करेंगे।

जिला कारागार का डीएम और एसपी ने किया औचक निरीक्षण

सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक और पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी बैरकों और बंदियों का गहन निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसी भी बैरक में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जेल अधीक्षक ने बताया कि वे और जेल स्टाफ नियमित रूप से जेल की चेकिंग करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि शातिर बंदियों पर विशेष नजर रखी जाए। साथ ही समय-समय पर कारागार में बंद कैदियों की गतिविधियों की जानकारी भी दी जाए। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

संक्षेप

बैठक 1 जून को इटावा में

इटावा। मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड डीग इटावा की एक अति आवश्यक बैठक प्राइमरी पाठशाला डीग में दिनांक 1 जून को सुबह 10 बजे आयोजित की गई है जिसमें मछुआ समुदाय के 18 वर्ष से अधिक उम्र के जिनका जाति प्रमाण पत्र बना हो और जो समिति की सदस्यता लेने के इच्छुक हो बैठक में प्रतिभाग कर सकते हैं उपरोक्त जानकारी समिति के प्रस्तावित सचिव दुर्गेश कुमार ने दी है।

नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

चौरी चौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति के तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 मई को उनकी बेटी जिसकी उम्र 16 वर्ष है, सुबह घर से चौरी चौरा के एक कॉलेज में नामांकन फार्म लेने आई थी। दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे अपनी मम्मी के पास फोन कर बताई की मैं फार्म लेके घर आ रही हूं। जब देर शाम तक घर नहीं लौटी तब हमारे परिवारी जन परेशान हो गये। उसके मोबाइल नम्बर पर फोन करने पर मोबाइल बन्द आ रहा था। सभी रिश्तेदारों में फोन कर के पूछताछ किया गया। लेकिन कहीं भी पता नही चला। उन्होंने बताया कि रात्रि नौ बजकर पचपन मिनट बजे मैं 112 पर फोन किया। मेरी लडकी झगहा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक लड़के से बात करती थी। कुछ महिने पहले उस लड़के को समझाया गया तो बोला यह मुझे छोड़ेगी तो मैं उसे बर्वाद कर दूंगा। मै आपके लड़की से प्यार करता हु आप शादी करवा दिजिये तो ठीक है नही तो आप की बेटी को भगा ले जाऊंगा। और कोई मेरा कुछ कर नहीं पायेगा। चौरीचौरा पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल कर रही है।

अहिल्याबाई होल्कर पर मनाया गया कार्यक्रम

पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक मुख्यालय के मुख्य सभागार में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहजनवा के भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजली अर्पित कीए। इसके साथ ही सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत 300वीं जन्मसदी समारोह राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा मना रही है।

सूचना

सर्वविदित हो कि मेरा नाम हाईस्कूल अंकपत्र में संजय भक्ता है जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम संजय सिंह निवासी नासिरगंज, महादेवा जनपद श्रावस्ती है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे संजय सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि हम दोनों पति-पत्नी श्रीमती सुषमा देवी पत्नी श्री गांधी राम निवासीग्राम-जखानियन चैजाखास बैराख, जिला-गाजीपुर पिन 275203 ने अपने पुत्र आशुतोष कुमार व बहू सोनाली महेन्द्र खरे निवासीग्राम- 132 चक फातिमा उर्फ बैराक जिला गाजीपुर गलत व्यवहार एवं गलत चाल-चलन से परेशान होकर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा भविष्य में किये गये किसी भी कार्य से मेरे व मेरे परिवार का कोई सरोकार न होगा। वह अपने कृत्य के स्वयं जम्मेदार होंगे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र मो. शानू व उसकी पत्नी को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **मस्तूर अहमद पुत्र मसरूर अहमद नि.- मो. बहलोलपुर परगना व तहसील लहरपुर जिला सीतापुर।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाईस्कूल के अंकपत्र यमें त्रुटिवश तनिष्क सिंह (TANISHQ SINGH) अंकित हो गया है। जबकि सही नाम तनिष्क सिंह (TANISHK SINGH) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **तनिष्क सिंह पुत्र समरजीत सिंह नि.- फ्लैट नं.- ए.एन.-104 सनराइज अपार्टमेन्ट सेक्टर-एम-1 आशियाना लखनऊ।**

भारत को गौरवशाली बनाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम

- पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी पर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन आयोजित

गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने वीरांगना अहिल्याबाई होलकर को एक अत्यंत दूरदर्शी और अद्वितीय प्रशासनिक दक्षता वाला बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आई एक सामान्य बालिका ने अपने शौर्य और निष्ठा से असाधारण शासक बनने तक का गौरवमयी सफर तय किया। यह बातें भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कही। वे वीरांगना अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत बेलगाट व उरूवां ब्लाक में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रेरणा से अंगीकृत होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आगे ले जा रहे हैं। पिछड़े देशों की कतार में खड़ा रहने वाला देश प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था में विश्व में चौथे पावदान पर आ गया है। भारत को गौरवशाली बनाने में एक एक जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होगी। हमे अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर अपने जीवनकाल में संस्कृति, न्याय, वीरता और संयम की प्रतीक रहीं। उनके द्वारा स्थापित न्याय प्रणाली को आज भी स्मरण किया जाता है। उनकी पावन स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन है। बेलघाट ब्लाक में कार्यक्रम अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख बेलघाट श्रीमती पूजा सिंह कौशिक ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत की। तो वही उरूवां ब्लाक में कार्यक्रम अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख श्रीमती प्रभावती देवी ने स्वागत किया।

बेलघाट में कार्यक्रम को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अस्मिता चंद तो उरूवां ब्लाक में महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शीला चौरसिया ने संबोधित कर उनके शौर्य गाथा को साझा की।

इस अवसर पर बेलघाट में जिला महामंत्री राजाराम कन्नौजिया, मंडल अध्यक्ष बजरंगी सिंह, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा विनय सिंह, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा नीरज दुबे, हिरण्य प्रकाश मिश्रा, तारकेश्वर मिश्रा, वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, शिवाजी चन्द कौशिक, शैलेन्द्र शाही, डा के.पी सिंह मण्डल अध्यक्ष विजयेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं सशक्तिकरण सम्मेलन में उपस्थित रही।

महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में उमड़ी महिलाओं की भीड़

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा ब्लॉक में लोकमाता पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं और सम्मानित ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीसीएफ के पूर्व अध्यक्ष महंत सिंह व विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा शोध प्रमुख शांति भवानी ने कहा कि लोकमाता पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और महिलाओं को समाज में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख गगहा शिवाजी चन्द ने किया तथा संचालन नागेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अजीत वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा. प्रधान संघ गगहा के अध्यक्ष विनोद सिंह, ग्राम प्रधान अनिल शाही. दिनकर चंद्र, मुन्ना चंद्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष चंद्र, अरविंद शाही. पंकज सिंह, जनार्दन मौर्य, अमित तिवारी, राकेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, शशि भूषण राय, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और सम्मानित ग्राम प्रधान गण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे।

देश की आधी आबादी के आर्थिक रूप से समृद्ध हुए बिना राष्ट्र का विकास संभव नही : सत्य प्रकाश सिंह

चरगांवा, गोरखपुर। ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिला सशक्तिकरण को लेकर गुरूवार को चरगांवा ब्लाक सभागार में ब्लाक स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह व विशिष्ट अतिथि रणविजय सिंह मुन्ना तथा खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित रहें। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना (एन आर एल एम) दुनिया का अनोखा रोजगार सृजन ,स्वालंबी व आत्म निर्भर बनने का अनोखा कार्यक्रम है। जिसमें शिक्षा, उम्र की कोई बाधा नहीं हैं, बिना इन तीनों मानकों के सबसे जरुरी मानक इच्छा शक्ति हैं। एन आर एल एम योजना में जुड़ी स्वयं सहायता समूह की विभिन्न कैडर की महिलाएं बैठक, बचत, व्यवसाय व विपणन इन चार स्तम्भ को गतिशील करके गरीबी के दुष्चक्र जो कि अभिशाप हैं से बाहर निकल सकती हैं बिना देश के आधी आबादी के समृद्ध हुए राष्ट्र समृद्ध नहीं हो सकता। ब्लाक प्रमुख श्रीमती सिंह ने कहा कि महिलाओं को गृहस्थ जीवन में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से समृद्ध व खुशवाल बनाने के लिए स्वरोजगार करने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सिंह ने राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (आई एस बी) उपेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार व ग्राम पंचायत अधिकारी अनिकेत श्रीवास्तव मिशन मैनेजर सुनील चतुवेर्दी मौजूद रहे।

बेहतर कार्य करने वाली ग्रामीण महिलाओं को किया गया सम्मानित

चौरीचौरा, गोरखपुर। सरदारनगर ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी श्याम लाल की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में एन आर एल एम की सदस्य/कैंडर्स , प्रधान मंत्री/मुख्यमंत्री आवास लाभार्थी, मनरेगा महिला श्रमिक और रानी मिस्त्री उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी ने नारी शक्ति, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकरी आई एस बी छोटेलाल यादव द्वारा किया गया गया ' उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओ को खण्ड विकास अधिकरी द्वारा प्रशस्ती-पत्र देकर वेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ' उक्त अवसर पर सहायक विकास अधिकारी को-आपरेटिव, सहायक विकास अधिकारी कृषि अविनाश सिंह, सचिव हीरालाल, बी एम एम संतोष, अजय, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

महारानी अहिल्याबाई का जीवन काल महिला सशक्तिकरण की मिशाल : राजेश

गोला, गोरखपुर। गोला ब्लॉक सभागार में पुण्य श्लोक वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां सभी ने लोकम्ता अहिल्याबाई की शौर्य गाथाओं पर चर्चा करते हुए उनकी पावन स्मृतियों को नमन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर ने अपने जीवन काल में महिलाओं का विकास एवं धार्मिक स्थल का विकास और राज्य में बेहतर शासन कर महिला सशक्तिकरण की एक मिशाल है। कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, प्रधान संघ अध्यक्ष संपूणानंद शुक्ल, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल, जिला उपाध्यक्ष शीला अग्रहरि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संदीप सोनकर एवं संचालन बीडीओ गोला दिवाकर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रशांत शाही, अष्टभुजा सिंह, इमरान अंसारी, समाजसेवी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

रकहट में राप्ती नदी में कूदे युवक का शव 51 घंटे बाद बरामद

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के रकहट स्थित राप्ती पुल से मंगलवार सुबह करीब नौ बजे एक 16 वर्षीय युवक जितेंद्र निषाद ने नदी में छलांग लगा दी थी। बुधवार को उसकी तलाश जारी रही, लेकिन पुलिस और एसडीआरएफ को कोई सफलता नहीं मिली। 51 घंटे बाद बृहस्पतिवार को दोपहर सवा बारह बजे जितेंद्र का शव नदी में उतराता हुआ मिला। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे रकहट राप्ती पुल से जितेंद्र निषाद ने नदी में छलांग लगाई। एसडीआरएफ टीम मंगलवार से ही जितेंद्र की तलाश में जुटी थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। बृहस्पतिवार को दोपहर सवा बारह बजे जितेंद्र का शव नदी में उतराता हुआ मिला। डेंगी नाव वाले गोविंद ने स्थानीय लोगों की आवाज सुनकर शव को नदी के किनारे लाया। जितेंद्र के परिवार में शादी की तैयारी चल रही थी, लेकिन शव मिलने की सूचना पर परिवार में मातम छा गया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि जितेंद्र का शव मिला है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

युवक ने जिंदा गर्लफ्रेंड का पिंडदान किया

ब्रेक-अप के बाद सीधे हरिद्वार गया

इटावा। युवक गर्लफ्रेंड से ब्रेक-अप के बाद सीधे 504 किलोमीटर दूर हरिद्वार गया। वहां गंगा में स्नान करके गर्लफ्रेंड का पिंडदान कर दिया। इस बीच युवक का परिवार उसे खोजता रहा। परिवार ने प्रेमिका और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया। जमकर हंगामा किया। पुलिस ने युवती समेत 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। युवक जब हरिद्वार से वापस आया, तब मामला खुला। घटना सिविल लाइन क्षेत्र के कांधनी गांव की है। कांधनी गांव का अतुल वर्मा अपनी प्रेमिका के साथ 8 साल से रिलेशन में था। दोनों एक ही गांव के हैं और एक ही स्कूल में पढ़ते थे। पिछले कुछ समय से लड़की का स्कूल के ही एक अन्य युवक से मिलना-जुलना होने लगा था।

सोमवार को अतुल को जब इसकी जानकारी मिली तो उसने प्रेमिका से फोन पर बात की। लड़की ने कहा कि वह अपनी बुआ के घर बलरई में है। अतुल को संदेह हुआ और उसने उस युवक को फोन किया, जिससे उसकी प्रेमिका अब बातचीत कर रही थी। युवक ने फोन पर अतुल की बात प्रेमिका से करवा दी, जिससे अतुल को सच्चाई का पता चला। इसके बाद अतुल गुस्से में बलरई पहुंचा, जहां उसने दोनों को साथ देखा। उसने प्रेमिका को थप्पड़ मारा, जिसके बाद वहां मौजूद युवक ने अतुल के साथ मारपीट की। उससे सहन नहीं हुआ तो वह वहां से चला गया। सीधे इटावा रेलवे स्टेशन पहुंचकर हरिद्वार की ट्रेन पकड़ ली। हरिद्वार पहुंचकर उसने गंगा स्नान किया और भावनात्मक रूप से प्रेमिका को हमेशा के लिए अलविदा कहने के लिए पिंडदान कर दिया। बुधवार सुबह वह घर लौटा। बीएससी के छात्र अतुल वर्मा ने पुलिस को बताया- उसका स्कूल के समय से एक लड़की के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। 7 साल पहले मैं कक्षा 10 में पढ़ता था। मेरी प्रेमिका कक्षा 9 में पढ़ती थी। उसके बाद मैं इंटर पास होने के बाद एक साल गैप कर लिया, क्योंकि प्रेमिका मुझसे एक साल पीछे थी। जब वह इंटर पास हो गई, तब हम लोगों ने एक ही कॉलेज में एक ही क्लास में एडमिशन ले लिया। प्रेमिका मुझसे शादी करना चाहती थी, लेकिन मैं अभी शादी के लिए तैयार नहीं था। सजातीय न होने के कारण मेरी मां भी इस शादी के लिए तैयार नहीं थी। मैं अपने माता-पिता को मनाने की जुगत में लगा था। प्रेमिका के साथ मारपीट की सोमवार को मैं अपने घर से एक दावत में शामिल होने के लिए निकला था, लेकिन दावत में न जाने के बजाय अपनी प्रेमिका के बुआ के घर बलरई इलाके के गोपालपुर गांव में जा पहुंचा। जहां प्रेमिका को उसके नए प्रेमी के साथ देखा। उसके साथ मारपीट की और अपना मोबाइल फोन तोड़ डाला। पांच लोगों पर दर्ज किया था मुकदमा वहीं अतुल के लापता होने के बाद उसका टूटा हुआ मोबाइल और चप्पल मिला। अतुल के परिजनों ने उसकी हत्या करके शव को नदी में बहने का आरोप लगाया। पहले सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। उसके बाद प्रेमिका समेत 5 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा भी दर्ज कर दिया। पुलिस अतुल की खोजबीन में जुटी रही।

छात्र अपहरण मामले में आया नया मोड़

रुपये का लेन-देन और पुराना प्रेम प्रसंग बना वजह

इटावा। सिविल लाइन क्षेत्र के पॉश इलाके में दिनदहाड़े हुए पॉलिटेक्निक छात्र अतुल भार्गव के अपहरण का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। सिविल लाइन पुलिस ने बुधवार सुबह लोहनना चैराहा स्थित साईं मंदिर के पास से दो अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक के पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, घटना के पीछे रुपये के लेन-देन और एक प्रेम प्रसंग से जुड़ा विवाद मुख्य वजह बताया जा रहा है। अब जानिए पूरा मामला घटना 25 मई को दोपहर में हुई थी, जब आवास विकास कॉलोनी से स्कूटी से कही जा रहे छात्र अतुल भार्गव को कार सवार युवकों ने अगवा कर लिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीमें सक्रिय हो गईं। अपहत की तलाश में जिले भर में नाकाबंदी की गई।

क्राइम ब्रांच टीम को सूचना मिलते ही काली वाहन मंदिर के पास अपहरणकताओं की कार रोकने का प्रयास किया लेकिन आरोपियों ने क्राइम ब्रांच की टीम की कार को टक्कर मार दी, जिससे क्राइम ब्रांच टीम की कार का टायर फटने से वह बेकाबू हो गई। हालांकि टक्कर होने से अपहरणकताओं की कार भी झाड़ियों में घुस गई। जिससे सभी आरोपी बीहड़ पास में होने के चलते फरार होने में सफल हो गए। लेकिन पुलिस ने छात्र को उनके चंगुल से छुड़ा लिया। एसएसपी समेत कई थानों के फोर्स, क्राइम ब्रांच ने ड्रोन की मदद से भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। लगातार प्रयासों के बाद बुधवार सुबह करीब चार बजे सिविल लाइन पुलिस ने नानू उर्फ देव और मंजेश यादव को गिरफ्तार किया। मंजेश के पास से 315 बोर का तमंचा भी बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अतुल के साथ रुपए के लेनदेन और एक प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद था, जिसके चलते यह अपहरण किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा ने बताया कि अभी इस मामले में तीन अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। एक आरोपी की स्विफ्ट कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। क्षेत्राधिकारी का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस खुलासे से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

नहर में अज्ञात बालक का शव बरामद

बकेवर, इटावा। गुरुवार को लखना नहर में एक अज्ञात बालक का शव बरामद हुआ है। शव कई दिन पुराना बताया जाता है। तथा पानी में बहकर आया है। शव काफी क्षतविक्षत है पुलिस ने शव निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस ने फॉरेन्सिक टीम को बुलवाकर साक्ष्य एकत्र कराये। बकेवर थाना क्षेत्र के लखना कस्बा से होकर निकली भोगनीपुर निचली गंगा नहर में गुरुवार शाम करीब 6 बजे लोगों ने नया पुल के पास एक पानी में बहता हुआ बालक का शव उतराता देखा। इस पर लोगों ने लखना चैकी व बकेवर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बकेवर थाना कार्यवाहक प्रभारी इंस्पेक्टर अपराध प्रेमचंद में फोर्स मौके पर पहुंचे लखनऊ चैकी के कार्यवाहक प्रभारी ब्लॉक चैकी इंचार्ज दयाशंकर वर्मा मैं संतोष घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने लोगों की सहायता से सबको पानी से बाहर निकलवाया।

केंद्रीय जेल का निरीक्षण

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी ने केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों की बैरिक, भोजनालय, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण किया।

इटावा सफारी पार्क 15 दिन बाद खुला

इटावा। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण और बीते दिनों बर्ड फ्लू के संक्रमण के मामले को लेकर शासन के निर्देश पर 14 मई से बंद पड़ा इटावा सफारी पार्क आखिरकार 29 मई को पर्यटकों के लिए एक बार फिर खोल दिया गया है। गुरुवार सुबह 6.30 बजे से ही सफारी पार्क में पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है। पार्क प्रशासन द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए एंट्री की अनुमति दी जा रही है। सफारी के मुख्य गेट पर प्रत्येक वाहन का टायर बाथ किया जा रहा है, ताकि संक्रमण को किसी भी रूप में भीतर न आने दिया जाए। टिकट खिड़की पर पर्यटकों की थर्मल स्कैनिंग की जा रही है और उन्हें सैनिटाइज करने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। सफारी के सभी कर्मचारी मास्क लगाए हुए सेवा में लगे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं। बच्चों में दिखा उत्साह साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष इंतजामों के बीच अब पर्यटक एक बार फिर शेर, तेंदुआ, भालू और हिरण जैसे वन्य जीवों का दीदार कर सकेंगे। सुबह से ही परिवारों और बच्चों के बीच खासा उत्साह देखा गया। पार्क खुलने की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी जिलों से भी पर्यटक पहुंचने लगे हैं। नियमों में नहीं मिलेगी ढील सफारी पार्क निदेशक अनिल कुमार पटेल का कहना है कि कोरोना की गंभीरता को देखते हुए नियमों में किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। पर्यटकों से अपील की गई है कि वे मास्क पहनें, दूरी बनाए रखें और सफारी का आनंद सुरक्षित ढंग से लें।

कांग्रेस भाजपा की साजिशों को बेनकाब कर संविधान की रक्षा करेगी: राशिद

इटावा। शहर कांग्रेस कमेटी की तत्वाधान में शहर अध्यक्ष मो. राशिद के नेतृत्व में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन नई बस्ती स्थित जिन्नातों वाली मस्जिद के पास किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं सहित जनता ने प्रतिभाग कर संविधान को बचाने का संकल्प लिया।

संविधान बचाओ सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मो. राशिद ने कहा कि भारतीय संविधान को मानना और बचाना हर इंसान का कर्तव्य है। भाजपा संविधान को तोड़ने की लगातार साजिश रच रही है लेकिन कांग्रेस भाजपा की साजिशों को बेनकाब कर संविधान की रक्षा करेगी। देश मे रहने वाले हर व्यक्ति को संविधान का सम्मान करना चाहिए। राशिद ने कहा कि शहर कांग्रेस कमेटी शहर में मोहल्लों, गली कूंचों और वार्डों में जाकर संविधान के प्रति भाजपा के असली चेहरे को बेनकाब करेगी और भारतीय संविधान के साथ छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। संविधान में जनता को यह अधिकार दिया गया है कि वह सरकार बना भी सकती है और सरकार को गिरा भी सकती है। शहर अध्यक्ष कांग्रेस मो. राशिद ने सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संविधान की रक्षा करने और संविधान के बताए रास्ते पर चलने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि भारतीय संविधान का प्रत्येक देशवासी को सम्मान करना चाहिए क्योंकि देश संविधान से ही चलता है और जो संविधान के खिलाफ कदम उठाए जनता को उसका विरोध करना चाहिए। संचालन अवनीश वर्मा ने किया। सम्मेलन के संयोजक सभासद अफजाल वारसी ने उपस्थित लोगों का आभार जताया। सम्मेलन में कोमल सिंह कुशवाहा, पल्लव दुबे, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी, करन सिंह राजपूत, वाचस्पति द्विवेदी, सुनीता कुशवाह, सरला जाटव, सुखदयाल शाक्य, मोहन लाल प्रजापति, अम्बुज चैधरी, श्याम सिंह कुशवाहा, रौनक खान, इकबाल राइन, अजीत जाटव एड., अंसार अहमद सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आइसक्रीम खाकर लोग बीमार, उल्टी से हुए बेहोश

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के उझियानी में आइसक्रीम खाकर लोग बीमार, उल्टी से हुए बेहोश, मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराने पर फैक्ट्री संचालक ने पीडित को पीटने का आरोप। थाना क्षेत्र उझियानी स्थित आइसक्रीम खाकर लोग बीमार हो गये और उल्टी से बेहोश हुए। पीडित ने मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत को लेकर आइसक्रीम फैक्ट्री संचालक ने पीड़ित के साथ मारपीट करने का आरोप। गुरुवार दोपहर 1 उमेश चंद सरसई नावर व गुलाब सिंह गौतमपुरा व राजेश नौधना निवासी आदि लोगों ने बताया कि सुनवर्षा दूध डेयरी के पास गुड लक आइसक्रीम फैक्ट्री खुली हुई है वहीं से एक साइकिल रेडी पर आइसक्रीम बेच रहा था जिससे उमेश चंद्र ने 10 की आइसक्रीम ली और खाली जिसके बाद उल्टियां होने लगी जब उसने आइसक्रीम बेचने वाले व्यक्ति से कहीं तो उसने फैक्ट्री संचालक को बुलाकर उमेश चंद के साथ मारपीट कर दी। उमेश चंद्र ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 नंबर पर शिकायत दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है वही इस बाबत में गुड लक आइसक्रीम संचालक नारायण त्रिपाठी से बात की तो उन्होने बताया किआइसक्रीम में कोई मिलावट नहीं है और आइसक्रीम फैक्ट्री के सभी दस्तावेज पूर्ण। इस बाबत में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार से बात की तो बोले की आइसक्रीम खाने से उल्टी करने की सूचना मिली हैं। आइसक्रीम फैक्ट्री पर जांच कराकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

देवर ने प्रसूता के पेट में मारी लात,112 पुलिस ने सीएचसी में कराया भर्ती

जसवन्तनगर, इटावा। क्षेत्र के गाँव लरखोर की रहने वाली नव प्रसूता 27 वर्षीय महिला ममता पत्नी संतोष कुमार को देवर पेट में ने लात मार दी। पीड़िता ने112नंबर पर शिकायत की तो घायल ममता को पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के पायलट विपिन कुमार और ईएमटी अनूप कुमार के सहयोग सीएचसी में भर्ती कराया और देवर को 112 पुलिस अपने साथ ले गई और पीड़िता को तहरीर देने की बात कह कर थाने पर बुलाया गया है। वहीं सीएचसी पर भर्ती ममता देवी ने दर्द से कराहने के दौरान बताया कि मैने दो दिन पूर्व मंगलवार को एक वच्चे को जन्म दिया था गुरुवार की सुबह में अपनी बहन और पति के साथ अस्पताल से डिस्चार्ज होकर अपनी ससुराल में घर पर पहुँची ही थी तभी मेरा देवर मुझसे रुपये मांगने आ गया तो मैने उससे कहा कि अभी अस्पताल से लौट कर आये हैं थोड़ा सा आराम कर ले तब आना इतनी सी बात पर उसने मेरे पेट में लात मार दी और देवरानी मारपीट करने लगी जब मुझे बचाने मेरे पति आये तो उन दोनों ने उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया उसके बाद में दर्द से बेहोश होकर गिर गई उसके बाद पति ने फोन करके 112पुलिस बुलाई जिसने मुझे सीएचसी पर भर्ती कराया है।

आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा

सार्वजनिक नोटिस

जन साधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की व्यवसायिक योजना के अन्तर्गत स्थित है, का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी/ स्वामी का नाम	सम्पत्ति संख्या	योजना का नाम	आवेदकों का नाम (पिता का नाम सहित)	आवेदकों का पता एवं दूरभाष संख्या	नामान्तरण का आधार	पट्टाघृत पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्रीमती कुसुमलता अग्रवाल पत्नी श्री सोमनाथ अग्रवाल	ब्लॉक नं. 31/2/4 इकाई सं. 31/जी/4 (भूतल) क्षेत्रफल 41.824 वर्गमीटर	संजय प्लेस योजना	1. कु. देवयानी कौशल (अविवाहित) पुत्री स्व.श्रीमती राजश्री 2. श्री आकाश कौशल पुत्र स्व.श्रीमती राजश्री	निवासी 405, शिवालिक रैजीडेन्सी लॉयर्स कॉलोनी, तहसील व जिला आगरा मो. 7060340289	सदस्ता प्रमाण पत्र के आधार पर	पट्टाधृत युक्त सम्पत्ति

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति के नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर, सचिव, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्तियों के नाम से सम्पत्ति का नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चात्वर्ती दावा, कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

प्रभारी सम्पत्ति
आगरा विकास प्राधिकरण,आगरा

सशक्त नारी ही प्रगतिशील समाज की आधारशिला

अटल सभागार में महिला सशक्तीकरण पर गोष्ठी, उत्कृष्ट दीदियां सम्मानित

लखीमपुर खीरी। महिलाओं के सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए जिला प्रशासन एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अटल सभागार में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज की प्रगति की सबसे बड़ी कुंजी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हैं, बल्कि उनके सामाजिक सम्मान को भी बढ़ावा दे रही हैं। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा परिवार और समाज नई दिशा प्राप्त करता है। उन्होंने सभी महिलाओं को उत्साह और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को पाने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों की प्रेरणादायक कहानियां सुनकर उनकी दिल से सराहना की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के जरिए गांव की महिलाएं अपने सपनों को हकीकत में बदल रही हैं। जब एक महिला सशक्त होती है, तो पूरा परिवार और समाज मजबूत होता है। जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को मेहनत जारी रखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार उत्पादों को जल्द ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए शहर में आकांक्षा स्टोर की स्थापना की गई है। जिला प्रशासन समूहों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग सुधार कर उनकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने का प्रयास करेगा। सीडीओ ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने उत्पाद आकांक्षा समूह को भेजें, जिससे वे न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी सशक्त बन सकें।

पीएम आवास की लाभार्थी महिलाओं को मिली प्रतीकात्मक चाभी

अटल सभागार में महिलाओं के सशक्तिकरण विषयक गोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थी साबरून, शन्नो, साकिया, आसमून और हाजरून को आवास की प्रतीकात्मक चाबियां प्रदान की। साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिनमें ब्लॉक लखीमपुर की सारिका देवी, खुशबू वर्मा, चित्र देवी और लक्ष्मी देवी, ब्लॉक नकहा से सावित्री देवी व लक्ष्मी शुक्ला तथा ब्लॉक बेहजम से फरजाना बानो और उषा देवी शामिल रहीं।

संक्षेप

सोनारीपुर में लाखों की नगदी और जेवरात चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनारीपुर में बदमाशों ने एक घर से लाखों के जेवरात पार कर दिए। हड़बड़ाहट में एक बदमाश का गमछा छूट गया है। क्षेत्र ग्राम सोनारपुर में चोरों ने बुधवार की रात रामऔतार मौर्य के घर को निशाना बनाया। परिजन बताते हैं कि बदमाशों ने रात करीब 1 बजे उनके घर धावा बोल दिया और अलमारी तोड़ कर लाखों की नकदी, जेवरात व कीमती कपड़े उठा ले गए तोड़ने की आवाज सुन ग्रह स्वामी रामऔतार मौर्य ने शोर मचाया तो गांव के कई लोग मौके पर पहुंचे लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर बदमाश भाग निकले। भागते समय एक बदमाश का गमछा मौके पर गिर गया जो सुबह गांववालों को मिला। जिसे पुलिस को दे दिया गया है। घटना के बाद रामऔतार ने 112 पुलिस को भी सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ग्रह स्वामी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हालांकि पुलिस के घटना का जल्द खुलासा करने का दावा किया है, पर इलाके के लोगों को ऐसा लगता नहीं है। क्योंकि 27 मार्च को ग्राम गोपालपुर में सचिन वर्मा के खेत में लगा बीज 40 क्विंटल गन्ना खेत से उठा ले गए थे। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपा गया था, पर पुलिस दो महीने बाद भी कुछ नहीं कर पाई है और हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

घर से कॉलेज गई छात्रा लापता परिजन बेहाल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मोहल्ला अर्जुननगर कॉलोनी की एक छात्रा अचानक लापता हो गई है। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर के मोहल्ला अर्जुननगर कॉलोनी निवासी अजयपाल सिंह की 19 वर्षीय पुत्री प्रतिभा सिंह उर्फ अन्नू श्री गुरु हरिकिशन डिग्री कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। परिजन बताते हैं कि वह 28 मई की सुबह करीब 9 बजे कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन जब शाम तक घर नहीं लौटी तो परिवार को चिंता हुई। कॉलेज में पूछताछ करने पर पता चला कि वह उस दिन कॉलेज नहीं गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों में भी तलाश की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। पीड़िता के पास मौजूद मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है, जिससे परिजन और अधिक चिंतित हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

सत्संग में हिस्सा लेने खीरी से भी जायेंगे भक्त

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) जयगुरुदेव आश्रम खानपुर आजमगढ़ का वार्षिक सत्संग समारोह आगामी 3 से 5 जून तक आयोजित होगा। जिसमें लखीमपुर खीरी से भी तमाम लोग अजमगढ़ जाएंगे। जिसकी तैयारियाँ प्रारम्भ हो गईं हैं। कार्यक्रम के अनुसार 3 जून को सतसंग कार्यक्रम शुरू होगा। सुबह 7.00 बजे व सायं 4.00 बजे से हर रोज सत्संग होगा। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जी महाराज का सत्संग 5 जून को सुबह 11.00 बजे से होगा। संस्था के राष्ट्रीय उपदेशक एवं कार्यक्रम संयोजक सतीश चन्द्र ने बताया कि गृहस्थ आश्रम में रहकर लोक-परलोक दोनों बनायें। थोड़ा सा समय मालिक की याद में जरूर लगायें। यह मानव शरीर इसी काम के लिये मिला। उन्होंने आम जनता से अपील है कि समय निकाल कर सत्संग का लाभ प्राप्त करें। जयगुरुदेव संगत लखीमपुर के जिलाध्यक्ष मनोहर सिंह और मीडिया प्रभारी मनोज त्रिवेदी ने बताया कि लखीमपुर से भी काफी संख्या में श्रद्धालु खानपुर आजमगढ़ जायेंगे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मोहम्मदी खीरी। मुडा निजाम चौकी क्षेत्र के गांव सहजनियां के पास रात में बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार राजेश उर्फ राजेश्वर 40 वर्ष पुत्र जोखेलाल निवासी देवलरिया अपनी बाइक से खुटार जरूरी काम को लेकर बुधवार को गया था। रात 11 बजे घर वापसी करते समय गांव सहजनिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मिले दस्तावेजों से परिजनों को सूचना दी गई थी।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में 250 मरीजों का परीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन नगर पालिका परिषद में किया गया। जिसका उद्घाटन अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, समाजसेवी अशोक सक्सेना ने फीता काटकर किया। डॉ श्राफ चैरिटी आई हास्पिटल सहदेवा मोहम्मदी द्वारा आयोजित नेत्र शिविर में डॉ रुकइया, डॉ प्रतीक, विपिन पाण्डेय, समीर अली, शोभित दीक्षित, अमित राठौर, भावना, जयसिंह, मुस्कार, राजकुमारी, रत्ना, रूपम, डॉ मनीष, नौरीन, मोहिनी, नईमा बानो ने 250 लोगों का नेत्र परीक्षण किया। जिसमें 90 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किये गये। 40 मरीजों को अस्पताल की बस से मोहम्मदी सहदेवा ले जाया गया, जहां उनका निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन किया जायेगा। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने बताया कि नगर सहित क्षेत्रीय लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद में नेत्र शिविर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि, हरिओम वर्मा, आशीष अवस्थी, सुशील कश्यप, विजय प्रकाश मिश्र, भाजपा नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, काके सहगल, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

अवैध कट दोबारा खोलने पर होगी सख्त कार्रवाई

- डीएम-एसपी ने ली सड़क सुरक्षा की बैठक

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सीटबेल्ट, हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। बैठक में अब तक किए गए चालानों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। एआरटीओ ने प्रवर्तन, अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हाईवे पर पूर्व में बंद किए गए अवैध कट को यदि किसी ने दोबारा खोला, तो उसे चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर कई अहम निर्देश भी दिए गए। बैठक में डीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा की।

गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन यूपी ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया मुख्य अतिथि यूपी ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वाश होता है। स्वस्थ मस्तिष्क से ही स्वस्थ समाज के निर्माण को बल मिलता है। खेलकूद से स्वास्थ के साथ साथ टीम भावना उत्पन्न होती है जो हम सबको आपस में मिलकर सेवाभाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस लगातार टूनामेंट आयोजन के साथ 18वें वर्ष में प्रवेश पर आयोजन समिति की सराहना की। स्व,राजेंद्र गिरी स्टेडियम में बुधवार की शाम खेले गए मैचों में यूपी ग्रामीण बैंक, पीटी आई इलेवन व राइन क्लब गोला ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित का टूनामेंट में बढ़त हासिल कर ली। उद्घाटन के पहले यूपी ग्रामीण बैंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहित 40, अरविंद 31 की मदद से 10 ओवरों 137 का स्कोर खड़ा कर दिया। तहसील, कलब ने पीछा करते हुए अतुल58, राज 18 की मदद देखभाल को रोमांचक बना दिया। लेकिन टीम के अन्य साथी न टिकबसेक और बैंक की टीम 4रनों से विजई रही। बाकी के दोनों मुकाबले एकतरफा साबित हुए और पीटी आई इलेवन तथा राइन क्लब निवासन जीत हासिल कर बढ़त हासिल कर ली।

इस अवसर मैदान पर क्रिकेट का आनंद लेने को आयोजन समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी, मंत्री के,के,शुक्ल,उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरी, कोषाध्यक्ष जोगेश साहनी, उपमंत्री कमाल अहमद, राजेंद्र निषाद,राज कुमार राजपूत, श्रीराम राजपूत,सुभाष राजपूत,प्रमोद साहनी,राम गुलाम पांडेय तथा एन, डी,शर्मा,विष्णु अवतार रस्तोगी, सुरेन्द्र शर्मा,अजय गिरी,मोहित पूरी आदि मौजूद थे।

पीयूष कुमार सिंह पीडी बने कुशीनगर

लखीमपुर खीरी। पीयूष कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी फूलबेहड़ को परियोजना निदेशक डीआरडीए कुशीनगर के पद पर पदोन्नति करते हुए उन्हें कुशीनगर का परियोजना निदेशक बनाया गया है। पीयूष कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी फूलबेहड़ का ब्लाक पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। ब्लॉक पर तैनात कर्मचारियों ने पदोन्नति होने पर उन्हें शुभकामनाएं देकर खुशी जाहिर की। पीयूष कुमार सिंह ब्लॉक लखीमपुर के खंड विकास अधिकारी तैनात रहे। वर्तमान फूलबेहड़ के खंड विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। 4 साल का उनका जनपद खीरी में बेहतर कार्यकाल रहा। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी ने पीयूष कुमार सिंह को जनपद खीरी से कार्य मुक्त कर दिया। शुक्रवार को कुशीनगर पहुंचकर पीयूष कुमार सिंह परियोजना निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस मौके पर जनपद खीरी के समस्त बीडीओ ने बुके देकर शुभ कामनाएं दी।

शिविर का आयोजन

सिंगाही खीरी। अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत की ओर नेत्र परीक्षण शिविर लगवाया गया जिसका उद्घाटन चेयरमैन द्वारा किया गया। इस शिवर में सीतापुर आंख अस्पताल के डाक्टरों ने दो सौ मरीजों का परीक्षण किया।

डग्गामार वाहनों के संचालन पर लगायी जाये प्रभावी रोक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर हो रही डग्गामारी पर प्रभावी रोक लगवाने के सम्बन्ध में डीएम को ज्ञापन भेजा है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा और महामंत्री आलोक कुमार अवस्थी का कहना है कि राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अवैध रूप से संचालित हो रही डग्गामार वाहनों के कारण परिवहन निगम को तीन से चार करोड़ रुपए प्रतिदिन की आमदनी से वंचित होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के लाखों रुपये प्रतिदिन की टैक्स चोरी भी हो रही है।

इतना ही नहीं इस अनाधिकृत संचालन से यात्री-जनता की न सिर्फ जान जोखिम में रहती है अपितु आये दिन यह अवैध वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते है और अनेकों अमूल्य जीवन काल के गाल में समा जाते हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि लखीमपुर खीरी जिले/शहर के विभिन्न स्थानों से अवैध डग्गामार वाहन संचालित हो रहे हैं। इतना ही नहीं परिवहन निगम के बस स्टेशन के सामने से भी छोटी-बड़ी डग्गामार वाहनों का खुलेआम संचालन हो रहा है और यदि परिवहन निगम कार्मिकों द्वारा इन्हें रोकने का प्रयास किया जाता है तो यह उन्हें प्रताड़ित कर मारपीट करने को तत्पर रहते हैं। कई बार तो निगम के चालकों-परिचालकों को बुरी तरह पीट भी देते हैं। इस स्थिति में डिपो के कर्मचारियों में असंतोष व आक्रोश होना स्वाभाविक है। इन उग्गामार वाहनों के संचालन के कारण निगम बसों की आय कुप्रभावित होती है, जिसके कारण 50 प्रतिशत से कम लोडफैक्टर आने पर संविदा चालकों-परिचालकों के वेतन में कटौती की जाती है और कम आमदनी के कारण नियमित कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता समय से व देय तिथि से नहीं दिया जाता। उनका करोड़ों रुपए वेतन एरियर का भुगतान नहीं किया जाता, जिससे इस भीषण मंहगाई में कर्मचारियों का आर्थिक उत्पीड़न होता है, जो उनके प्रबल असंतोष का कारण बनने के साथ ही आन्दोलन करने को भी विवश कर देता है। मांग की गई है कि लखीमपुर खीरी जिले के उक्त स्थानों एवं परिवहन निगम के बस स्टेशन के समीप सामने से हो रही खुलेआम डग्गामारी पर रोक लगवाई जाए। जिले की सीमा में गुजरने वाली अखिल भारतीय पर्यटक परमिट धारक बसों की सघन चेकिंग कराकर उनके द्वारा परमिट के शर्तो के किये जा रहे उल्लंघन के आधार पर कठोर कार्यवाही कराई जाए। यदि समय रहते इस पर प्रभावी रोक नहीं लगाई जाती तो परिवहन निगम कर्मचारी शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन / अन्य आन्दोलनात्मक कार्यक्रम करने को विवश होंगे। ज्ञापन की प्रतियां मुख्यमंत्री, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), अध्यक्ष उप्र परिवहन निगम, प्रमुख सचिव परिवहन विभाग, परिवहन आयुक्त, प्रधान प्रबंधक उप्र परिवहन निगम, प्रबन्ध निदेशक, उप्र परिवहन निगम,क्षेत्रीय प्रबन्धक, उप्र परिवहन निगम हरदोई क्षेत्र, सहायक क्षेत्रीय प्रथधक उप्र परिवहन निगम गोला डिपो को भी भेजी गई हैं।

लाखों खर्च करने के बाद भी नहीं मिल रहा पेय जल

बेलरायां खीरी। हर घर जल योजना ग्रामीण दम तोड़ती नजर आ रही है। जल निगम द्वारा बनाया गया ओवर हैड टैंक से लोगों को पेय जल नहीं मिल रहा है। ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत भेदौरी के तकियापुर गांव में लाखों खर्च करने के बाद बनाई गयी पानी की टँकी शोपीस बनकर खड़ी है। बीते 2020 से टँकी निर्माण का कार्य चालू होकर पांच साल बीत गए। 5 साल बाद भी क्षेत्र वासी को पेयजल नहीं मिल रहा है। ग्रामीण हैंडपंप व अन्य प्रकार के जल स्त्रोतों पर निर्भर है। टँकी निर्माण के बाद बिछायी गयी पाइपलाइन शुरू से ही लीकेज की समस्या बनी रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसकी सुध नही ली हैं। वही कुछ ग्रामवासियों का कहना है कि महीने दो महीने में कुछ कर्मचारी आते हैं और दो तीन दिनों तक जगह जगह गड्ढे करके कुछ पाइपलाइनो में मरम्मत आदि का कार्य करके चले जाते है। फिर वही ढाक के तीन पात ऐसा लगभग कई सालों से देखने को मिल रहा है।

मदरसे में रेड क्रॉस ने लगाया समर कैंप

शाहजहांपुर -इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,शाहजहांपुर ने मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूरुल हूदा में समर कैंप का आयोजन किया जिसमें छात्रों को बेसिक लाइफ सपोर्ट, आकस्मिक उपचार एवं धूपझ्रलू से बचाओ के उपाय बताए जिसमें सूती ढीले कपड़े पहने छाता टोपी का इस्तेमाल करे ठंडा पेय प्रदार्थ ले भारी भोजन से बचे खुली ओर ठंडी जगह पर जाए यदि लू के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉ से संपर्क करे लू के लक्षण की जानकारी देते हुए बताया की तेज गर्मी में चक्कर आना शरीर का तापमान बढ़ना और पीसना कम आना तब नींबू पानी या डफ्र का बार बार सेवन करे इस अवसर पर रैड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ विजय जौहरी ने मदरसे के छात्रझ्रछात्राओं को करोना बचाओ आपदा प्रबंधन हेतु मास्क वितरण किए और कुछ स्वस्था संबंधित आवश्यक सामग्री और पानी की बाल्टी प्रधानाचार्य इकबाल मिया को भेट की नियमित मदरसे में शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रधानाचार्य द्वारा चिन्हित छात्रों को रेड क्रॉस का मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया रेड क्रॉस सचिव डॉ जौहरी ने छात्रों को रेड क्रॉस के बारे में जानकारी दी और उज्जल भविष्य के लिए रेड क्रॉस सहयोगी भूमिका का निर्वाह करेगी इस अवसर पर प्रधानाचार्य इकबाल मिया, इजहार हसन, शरिक,साजिद अली खान, जहूर खान,हैदर अली आदि उपस्थित रहे

जन राज्य फ्रंट इंडिया ने विभिन्न समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

शाहजहांपुर। जन राज्य फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अजय मीरा पाण्डेय अंशु ने जिले की ध्वस्त कानून व्यवस्था सहित, विभिन्न जनहित के युवा व छात्र छात्राओं के हितों से संबंधित समस्याओं पर पुलिस अधीक्षक का उनके कार्यालय में घेराव कर अपना 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा पुलिस अधीक्षक ने जन राज्य फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अंशु पाण्डेय के माध्यम से उठाई गई महत्वपूर्ण मांगों को तत्काल स्वीकार करते हुए अपनी अधीनस्थ अधिकारियों को तुरंत आदेशित किया। अंशु पाण्डेय ने एस.पी.को बताया कि जिले की ध्वस्त पड़ी कानून व्यवस्था पर सार्थक दिशा में ठोस कदम उठाये जाने की विशेष आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक से अंशु पाण्डेय ने जनराज्य फ्रंट इंडिया के माध्यम से यह प्रमुख मांग रखी कि उच्च न्यायालय हाईकोर्ट के आदेशों के उल्लंघन मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत जो जारी किये गये हैं सख्ती से अनुपालन कराए जायें यातायात पुलिस मनमानी ढंग से जनमानस के चालान ना करे। इसके अतिरिक्त हूटर प्रेशर हार्न पर रोक लगाई जाये। पात्र लोग ही हूटर लगाये अन्यथा रोक लगाई जाये। वहीं छात्र छात्राओं के पासपोर्ट व चरित्र प्रमाण पत्रों की आख्या हेतु अंशु पाण्डेय ने विभिन्न थानों में स्पेशल डेस्क बनाने की मांग की। जिसको तुरंत पुलिस अधीक्षक ने मान लिया और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ही एक स्पेशल डेस्क तत्काल आज से ही शुरू करने का आदेश जारी करने को आदेशित किया।

बेटी की आत्महत्या के बाद पिता ने भी तोड़ दिया दम

शाहजहाँपुर। पुवायां थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को शोक की लहर दौड़ गई। एक लकवाग्रस्त पिता, विनोद कुमार (50) ने अपनी 17 वर्षीय बेटी पायल की आत्महत्या के सदमे में उसी स्थान पर दम तोड़ दिया। जहां उनकी बेटी ने फांसी लगाई थी। यह दुखद घटना 26 मई की रात और उसके बाद मंगलवार की रात को हुई, जिसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। विनोद कुमार जो पिछले पांच साल से लकवे के कारण बोलने और चलने में असमर्थ थे, अपनी छोटी बेटी पायल के साथ घर पर अकेले थे। उनकी पत्नी रितु देवी अपनी मंझली बेटी के इलाज के लिए बरेली गई थीं। 26 मई की रात पायल ने अपनी मां से फोन पर सामान्य बातचीत की थी, लेकिन अगली सुबह घर के बरामदे में उसकी लाश साड़ी से लटकती मिली। बताया जाता है कि विनोद अपनी चारपाई पर लेटे हुए थे और उन्होंने अपनी बेटी को उस दिशा में जाते देखा, लेकिन अपनी असमर्थता के कारण कुछ कर न सके। विनोद कुमार कभी दिल्ली में प्लंबर का काम करते थे और अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। लेकिन लकवे ने उनकी जिंदगी छीन ली। इलाज में उनकी सारी जमा-पूंजी खत्म हो गई, और परिवार चार बीघा जमीन पर निर्भर था। आर्थिक तंगी और बीमारी ने परिवार को पहले ही तोड़ रखा था, और अब इस दोहरी त्रासदी ने उनके घर को पूरी तरह उजाड़ दिया। मंगलवार को एक ही घर से दो अर्थियाँ उठने का दृश्य देख पूरे विक्रमपुर गांव में मातम पसर गया। रितु देवी और उनकी बची हुई बेटियों के आंसू रुक नहीं रहे थे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:—

क्रम सं.-1, निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-12-2025, कार्य का विवरण: एलजेएन-डिवीजन-लखनऊ मंडल के 18 हॉल्ट स्टेशनों पर 19 यात्री प्लेटफार्म को निम्न स्तर से उच्च स्तर तक उठाया जाने का कार्य। अनुमानित लागत:₹ 1,39,83,677.18, बयाना राशि: ₹ 2,19,900/-, निविदा मूल्य: ₹0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

- उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 08-07-2025 को 15:00 बजे।

नोट:- इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य

मुजाधि/विद्युत–47 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

TENDER FOR HIRING OF TEMP CONTRACTUAL CIVIL EMPLOYEES AT SURYA SAINIK INSTITUTE LUCKNOW

1. Tenders are invited for hiring of temporary contractual civil employees from 05Jun 2025 to 30 Apr 2026 (11 months) at Surya Sainik Institute. Lucknow Cantt. Desirous Applications can submit their bio-data on plain paper with photographs, higher education certificate, Aadhar and PAN card for the following posts by 04 Jun 2025 to OIC Surya Sainik Institute :-

Sl. No.	Name of Post	Minimum age	Maximum age	Education Qualification	Monthly Emolument
(a)	Acct Clk	18 yrs	50 Yrs (ESM only)	Graduation with knowledge of accounting	Rs 22,000/-
(b)	Mali	18 yrs	30 Yrs	Having knowledge of gardening	Rs 12,000/-
(c)	Housekeeper	18 yrs	30 Yrs	–	
(d)	MTS	18 yrs	30 Yrs	–	

2. Preference will be given to ex-servicemen.

संक्षेप

आकाशीय बिजली से दो सगी बहनों की मौत

मीरजापुर। जनपद के थाना हलिया क्षेत्र में नंदना मझिगवां उचका मोहल्ले में आकाशीय बिजली गिरने से दो सगी बहनों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को तुरंत हलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार हादसे के वक्त सभी लोग घर के बाहर नीम के पेड़ के नीचे बैठे थे। अचानक तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिससे सात लोग इसकी चपेट में आ गए। हादसे में साधना 10 वर्ष वर्ष और खुशबू 11 वर्ष वर्ष की मौत हो गई। घायलो में सोनम 14 वर्ष, रानिया 10 वर्ष, अमन 5 वर्ष, फूल कुमारी 27 वर्ष और लालू 40 वर्ष का इलाज सीएचसी में जारी है। सूचना मिलते ही लालगंज के एसडीएम संजीव कुमार अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी।

अज्ञात हमलावरों ने किया प्राणघातक हमला

आजमगढ़। जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के अकोल्ही गांव में एक सनसनीखेज घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। गांव निवासी आशीष कुमार पुत्र अशोक कुमार पर बुधवार की रात करीब 12 से 2 बजे के बीच अज्ञात हमलावर ने जानलेवा हमला किया। आशीष उस समय अपने घर के बाहर नीम के पेड़ के नीचे सो रहा था। हमलावर ने आशीष के सिर पर प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में आशीष को लालगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, आशीष की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। इस घटना ने आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल पैदा कर दिया है। आशीष हाल ही में दो दिन पहले मुंबई से अपने गांव लौटा था, क्योंकि उसकी शादी 8 जून को होने वाली थी। शादी की तैयारियों में जुटा परिवार इस अप्रत्याशित घटना से सदमे में है। आशीष के पिता अशोक कुमार (पुत्र राम बुझारत राम) ने बताया कि उनके बेटे का किसी से कोई विवाद नहीं था, और इस हमले का कारण समझ से परे है। परिवार ने इस घटना के बाद देवगांव कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें अज्ञात हमलावर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हमलावर की तलाश में छानबीन कर रही है।

चालक की मौत, खलासी घायल, लगा जाम

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय थाना के मुर्धवा बीजपुर मार्ग के ग्राम पंचायत रनटोला के जमतिहवा नाला के पुलिया में छत्तीसगढ़ से लोहे का रॉड और ग्रील लेकर वाराणसी की तरफ जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया और उसका इंजन का हिस्सा पुलिया में चला गया। जिससे इंजन के चेचिस में बुरी तरह फंस कर चंदौली निवासी 22 वर्षीय बाबू लाल की मौत हो गई जबकि कालसी 25वर्षीय खालासी नीतीश और एक अन्य मनीष को सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह साढ़े सात बजे घटी इसके बाद मार्ग पर जाम लग गया। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद चालक को बचाने का प्रयास किया गया लेकिन जब तक लोहा काटने की मशीन मंगाया गया उसकी मौत हो चुकी थी।

प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों की लूट के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन

जनसेवक दिलीप सिंह ने की पहल, सामाजिक संगठनों से की एकजुट होने की अपील

मीरजापुर। जनपद की कलेक्ट स्थित मुख्यालय पर जनसेवक दिलीप सिंह गहरवार के नेतृत्व में प्राइवेट फाइनेंस कंपनी जो जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर फुर्र हो गई के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित कर जनता का पैसा दिलाने की मांग की गई। जनपद में अनेक राज्यों और क्षेत्र से कुकुरमुत्ता की तरह उगकर आम जनता को धनवान बनने के बड़े-बड़े सपने दिखाकर उनके पैसों को लूटने तथा अपने खजाने भरने के बाद उनको ठेंगा दिखाकर अपने ऑफिस बंद कर भाग जाने तथा उनके सपनों को चूर-चूर कर देने का काम विभिन्न प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों ने किया है। जिनमें सहारा इंडिया, विवालम्यूचुअल बेनिफिट निधि, पैट्न मिनरल्स होम लिड्स, पल्स इंडिया, पशुधन रोजवेली, ग्रीन टच, टोगो टेटील मार्केटिंग शामिल है। सहारा इंडिया ने तो अपना बहुत बड़ा लोगो दिखाकर जनता को लूटने का काम किया है।

भारत देश के संपूर्ण क्षेत्र की जनता सहारा इंडिया में अपना अरबो खरबो रूपया लग चुकी है, और जिसको लेकर काफी हो हंगामा हो चुका है। लेकिन आज तक जनता को पैसा नहीं मिला। जनता द्वारा सामूहिक रूप से विरोध करने पर सरकार द्वारा यह घोषणा की गई की ऑनलाइन अपनी रिक्वेस्ट दर्ज करने पर जिन्होंने सहारा में अपना पैसा लगाया है उन्हें उनका पैसा खाते में वापस होगा। उसके लिए भी बहुत जनता ने कड़ी मेहनत करके धूप बारिश में खड़े होकर ऑनलाइन कराया, पैसा खर्च किया, लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक उनके खाते में उनका स्वयं का पैसा नहीं आ रहा है, और अपने ही पैसे के लिए जनता त्राहि त्राहि कर रही है और अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। जनता की इस पीड़ा को लेकर मीरजापुर जनपद के जनसेवक दिलीप सिंह गहरवार एवं अनेक सहयोगी संस्थाओं ने संज्ञान में लिया गया, और जिला मुख्यालय पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान दिलीप सिंह गहरवार ने सरकार से मांग की कि विभिन्न प्राइवेट कंपनियों ने जनता का जो पैसा लूटा है उन्हें उनका पैसा वापस दिलाए। विभिन्न प्राइवेट कंपनियां बैंकों द्वारा आम जनता का गाढ़ी कमाई मेहनत का रुपया लालच देकर अच्छे ब्याज का लालच देकर धोखे से बड़ी-बड़ी कंपनियों ने जमा करवा लिया और अब जब जनता को वापस देने का मौका आया तो कहीं विदेश फरार हो रहे हैं कभी कंपनी को घाटा या कंपनी डूब गई ऐसा बोलकर उनके पैसों को हड़प कर लिया है। जन सेवक दिलीप सिंह गहरवार ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति राज्यपाल, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप कर यह मांग की कि जनता का जो गाढ़ी कमाई का रुपया विभिन्न प्राइवेट बैंकों ने लिया है उन्हें प्रत्येक व्यक्ति का आधार कार्ड व खाते से सत्यापन करके तत्काल उनके खाते में पैसा वापस करें और इतने दिनों का ब्याज भी दे। उन्होंने सरकार को चेतावनी भी दी कि यदि उनके मेहनत का पैसा उन्हें वापस नहीं दिया गया तो समस्त जनता सड़क पर उतरेगी और सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी जिसके लिए जिला व राज्य प्रशासन जिम्मेदार होगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल रहने वालों में प्रमोद कुमार एडवोकेट, राजमणि दुबे, हेमंत कुमार कुशवाहा, संदीप तिवारी राजपति सिंह, लालचंद पाल मनसा लाल रितेश सोनकर योगेश शुक्ला, राधेश्याम मौर्य मनीष सिंह एडवोकेट, महेंद्र कुमार, लालता प्रसाद आदि शामिल रहे।

नाराज कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

मीरजापुर। मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर तैनात सहायक मंडल अभियंता (एईएन) की तानाशाही से नाराज कर्मचारियों ने स्टेशन पर ही जमकर नारेबाजी करते हुए एकजुट कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन कर किया नाराज कर्मचारियों का आरोप एईएन संदीप दुबे कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करते हैं, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर महिला सहकर्मियों पर अश्लील टिप्पणी करते है। बताते हैं कि एईएन द्वारा जबरन कर्मचारियों का अटेंडेंस रजिस्टर, मस्टर रोल जब्त कर लिया गया है। मामला उस समय गरमाया जब अटेंडेंस रजिस्टर मस्टर रोल मांगने गए कर्मचारियों से एईएन ने अभद्रता की नाराज कर्मचारियों का आरोप कई महीनों से एईएन कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि एईएन का कुछ दिन पहले मारपीट करते वीडियो भी वायरल हुआ था। उन पर स्टेशन पर महिला कर्मचारियों पर अश्लील टिप्पणी का भी आरोप है। मामले में एकजुट कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर उच्चाधिकारियों से तानाशाह एईएन की शिकायत की। कर्मचारियों ने कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे एन सी आर एन के महामंत्री और मण्डल मंत्री समेत मंडल रेल प्रबन्धक से मुलाकात कर एईएन के तानाशाह विरूद्ध कार्यवाही की मांग करेंगे।

महिलाओं व किशोरियों को जागरूक किया

जौनपुर। सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने विश्व मासिकधर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूक करने के लिए सुतहट्टी चैराहा स्थित एक प्रतिष्ठान पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं एवं किशोरियों को फ्री सेनेटरी पैड नैपकिन का वितरण भी किया गया। मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शैली निगम ने माहवारी के दौरान उपस्थित महिलाओं व किशोरियों को साफ-सफाई एवं संतुलित आहार के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा कि 28 मई को मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे मनाने का मुख्य कारण महिलाओं की सामान्यतः 28 दिनों के मासिक धर्म पीरियड साइकिल का होना है, इस दौरान महिलाएं नियमित दिनचर्या अपनाकर पीरियड की अनियमितता से बच सकती हैं। प्रीति गुप्ता ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के जीवन की एक सामान्य प्रक्रिया होने के साथ साथ नारी के मातृत्व सुख के लिए वरदान है, इसके बिना नारी सृष्टि की रचना नहीं कर सकती। अतः आप सभी द्वारा माहवारी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए पोषण युक्त भोजन के साथ अपने जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। शीला राय ने फाउंडेशन द्वारा वर्ष पर्यंत माहवारी स्वच्छता पर किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। सरला महेश्वरी, अंजु जायसवाल, साधना साहू, शकुंतला बैंकर, मोनिका गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को फ्री सेनेटरी पैड नैपकिन का वितरण किया। सखी टीम ने अंत में मुख्य अतिथि डॉ0 शैली निगम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रशिक्षु महिलाओं एवं किशोरियों सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

जौनपुर। एंटीकरप्शन की वाराणसी टीम ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सरपतहां थाने के कार्यालय में तैनात एक हेड कांस्टेबिल को रिश्वत के रूपयों के साथ गिरफ्तार कर लिया। टीम की इस कार्रवाई से थाने पर हड़कंप मच गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को एंटीकरप्शन अपने साथ लेकर शाहगंज कोतवाली गई, जहां आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे चालान न्यायालय भेज दिया। इस कार्रवाई के बाद सरपतहां थाने में हड़कंप मचा हुआ है। एंटीकरप्शन टीम की छापेमारी से थाने पर अफरातफरी का माहौलबन गया। उक्त प्रकरण थाना क्षेत्र के समसीपुर का है जहां शिकायतकर्ता द्वारा यह बताया गया कि मुकदमा लिखने के नाम पर थाने पर तैनात हेडमुहर्रिर हरि नाम यादव और उपनिरीक्षक इश्तियाक अहमद द्वारा दस हजार रूपए की मांग की गई है। पीड़ित विपिन मौर्य ने इसकी शिकायत वाराणसी स्थित अपराध निरोधक टीम से की गई जिस पर एंटीकरप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह गुरुवार को पूर्वाह्न अपनी टीम के साथ सरपतहां आने पहुंचकर अपना जाल बिछाया और विपिन मौर्य को हेड हेड कास्टेबिल को पांच हजार रुपए देने के लिए भेजा, जैसे हीं हेड कास्टेबिल हरिनाम यादव पांच हजार रुपए अपने हाथ मे लिये तुरंत एंटीकरप्शन टीम सक्रियता दिखाते हुए उन्हे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटीकरप्शन टीम की कार्रवाई से थाने में हड़कंप मच गया। टीम आरोपी को लेकर शाहगंज कोतवाली गई, जहां उनके विरूद्ध 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोपी हेडमुहर्रिर को चालान न्यायालय भेज दिया।

मधुमक्खी के हमले से 16 वन दरोगा घायल, चार गंभीर

मीरजापुर। जनपद में मधुमक्खियों ने विजिट पर गए वन दरोगाओं को अपना निशाना बनाया। 54 सदस्यीय दरोगाओं पर मधुमक्खियों ने हमला किया जिसमें 16 दरोगा घायल हो गए जबकि चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी 54 प्रशिक्षु दरोगा कानपुर नगर से विजिट पर आए थे। सभी घायलों को नजदीक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चार की हालत गंभीर होने पर जिला मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ललितपुर के बाद अब मीरजापुर जनपद में भी मधुमक्खियों ने अधिकारियों पर हमला बोला है. कानपुर से आए दरोगाओं को मधुमक्खियां ने कटाना शुरू किया तो वो सभी भागने लगे जिसमें 16 दरोगा को मधुमक्खियां ने काट लिया और चार की हालत गंभीर है। पूरा मामला मड़िहान थाना क्षेत्र के राजापुरा झरी नगरी पौधशाला के पास मड़िहान के जंगलों की है। मधुमक्खियों से बचने के लिए कंबल और आग का सहारा लिया गया. सभी किसी तरह से जान बचाकर भागे और सभी को जंगल से बाहर निकाल गया। आनन फानन में सभी घायलों को मड़िहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए चार को इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में दरोगा सुजीत सिंह, सुशील कुमार, राम सिंह यादव, नवदीप, विवेका, राजेंद्र, आशीष, विवेक कुमार, नवदीप सिंह, संदीप सिंह, अभिषेक कुमार, अमित कुमार, राजेंद्र कुमार और अमित कुमार है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्रा ने भी मौके पर पहुंच कर सभी घायलों का अस्पताल में हाल जाना और बेहतर इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल रेफर करने के लिए कहा। प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्रा ने बताया कि कानपुर से ट्रेनिंग के लिए 54 वन दरोगा आए थे। भ्रमण के दौरान मधुमक्खियां ने काटा है जिनमें 16 लोग घायल हुए हैं सभी की हालत खतरे से बाहर है।

अहिल्याबाई की जन्म त्रिशताब्दी धूमधाम से मनी

सोनभद्र। विकास भवन में स्थातिप जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर रागिनी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म शताब्दी दिवस ग्राम विकास विभाग, एनआरएल एम व मनरेगा विभाग के द्वारा धूमधाम से मनाया गया, आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया, साथ में विशिष्ट अतीत के रूप में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, ब्लॉक प्रमुख रावटसगंज अजीत सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया की रानी अहिल्याबाई का जन्म दिवस हम लोग एक प्रेरणा के रूप में मनाते हैं, इन्होंने न केवल एक सफल ग्रहणी रही बल्कि इन्होंने रोजगार के क्षेत्र में भी सफल कार्य किया और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। इन्हें प्रथम उद्यमी महिला के रूप में भी जाना जाता है, इन्होंने सबसे पहले अपने हाथ से साड़ी बनाने का कार्य किया और खुद से बनाई हुई साड़ियां पहनती थी जो यह दशार्ता है कि महिला अगर चाहे तो वह सफल उद्यमी हो सकती है समूह की जो महिलाएं हैं, उन्हें भी इनसे प्रेरणा लेकर के सफल उद्यमी बनना चाहिए।

उपायुक्त स्वत रोजगार सरिता सिंह ने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर के ऊपर तमाम विपत्तियां एवं समस्याएं आई, कम समय में ही उनके पति का देहांत हो गया इसके पश्चात उनके राज्य को संभालने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई यह एक बेहतर राजनीतिक के रूप में कार्य करते हुए अपने राज्य की प्रजा का पालन पोषण करती रही एवं महिलाओं के लिए एक उदाहरण भी बना करके उभरी। भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन्होंने अपने राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी मंदिरों की स्थापना की इनके द्वारा सत्संग स्थलों की स्थापना कराई गई और साथ ही महिलाओं के विकास के लिए इन्होंने एक उदाहरण के रूप में कार्य किया जब हमारे देश पर मुस्लिम शासको का शासन था, उसे शासन काल में भी इन्होंने मंदिरों का निर्माण कराया। ब्लॉक प्रमुख रावटसगंज अजीत रावत ने विस्तार से अहिल्याबाई के जीवन पर चर्चा पर चर्चा की एवंमहिलाओं को यह बताया कि आप भी इनसे प्रेरणा लेकर के आगे बढ़ सकती हैं।

बालिका से दुष्कर्म करने वाले को 25 वर्ष की कैद

जौनपुर। जिले की रहने वाली महिला ने जफराबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि गांव के ही एक व्यक्ति के उसकी छह साल की बच्ची के साथ दुराचार किया है। जफराबाद थाना क्षेत्र में बीते 27 अप्रैल को शिव मंदिर के बाहर खेल रही छह वर्षीय बच्ची के प्राइवेट पार्ट पर किस करने का आरोपी खुर्शीद आलम उर्फ मोहम्मद हमजा को सजा सुनाई गई। दुष्कर्म और पाक्सो की धाराओं मे अपर सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार द्वितीय ने 25 वर्ष कारावास और 50,000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना के एक माह दो दिन एवं पत्रावली पर संज्ञान लेने के एक महीने में अपर सत्र न्यायाधीश ने फैसला सुनाया है। दिन-प्रतिदिन सुनवाई के दौरान करीब एक महीने के अंदर पीड़िता समेत सात गवाहों का बयान दर्ज हुआ था। घटना के दूसरे दिन ही पुलिस ने पूरी विवेचना कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। पीड़िता की मां ने घटना के दिन ही प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता का अद्वितीय उदाहरण है अहिल्याबाई : दारा सिंह

आजमगढ़। पूर्णश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत नगर पालिका सम्मेलन नेहरु हाल में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में दारा सिंह चैहान कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा महिला सफाई कर्मचारियों को अंगवस्त्र पुष्प गुच्छ व स्वच्छता किट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दारा सिंह चैहान ने कहा कि पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर भारतीय हतिहास की उन महान नारियों में से हैं, जिन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धर्म-परायणता का ऐसा अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी स्मृति आज भी भारतीय जनमानस में श्रद्धा के साथ अंकित है। 31 मई, 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जनपद स्थित चांडी ग्राम में जन्मी अहिल्याबाई, प्रारंभ से ही विलक्षण प्रतिभा और प्रखर बुद्धि की धनी थीं। युद्ध में पति खांडेराव की मृत्यु. फिर ससुर मल्हारराव का निधन और अंततः अपने इकलौते पुत्र मालेराव की असामयिक मृत्यु ये सारे आघात अहिल्याबाई पर एक के बाद एक टूटे, परंतु उन्होंने इन्हें दुर्बलता नहीं, बल्कि दायित्व का आह्वान समझा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव कुमार सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष माला द्विवेदी, श्रीकृष्ण पाल, प्रेम प्रकाश राय, पूनम सिंह, विभा बर्नवाल, अवनीश मिश्रा, अजय सिंह, विवेक निषाद, मृगांक शेखर सिन्हा, संतोष चैहान, धर्मवीर चैहान, अवनीश चतुवेर्दी, शोभित श्रीवास्तव मौजूद रहे।

पुरुषों ने महिला संरक्षण कानूनों के दुरुपयोग व पुरुषों के उत्पीड़न के खिलाफ उठायी आवाज

जिला संवाददाता (vol)

मीरजापुर। जनपद में एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला, जहां पुरुषों ने महिला संरक्षण कानूनों के दुरुपयोग और पुरुषों पर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद की। कलेक्ट्रेट परिसर में हुए इस प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने पुरुष आयोग के गठन की मांग करते हुए कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए, और न्याय प्रणाली को लिंगभेद के बजाय निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दहेज और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में 99% तक झूठे आरोप लगाए जाते हैं, जिससे निर्दोष पुरुष और उनके परिवार मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के 21 मई 2025 के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि झूठे आरोप लगाने वाली महिलाओं पर भी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सामाजिक संस्था ह्लसंकल्पह्व के माध्यम से सरकार को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें झूठे आरोपों में फंसे पुरुषों के लिए मुआवजा योजना, एन आर आई मैट्रीमोनियल कोर्ट की स्थापना, और घरेलू हिंसा कानून को लिंग-निरपेक्ष बनाने जैसी मांगें शामिल थीं। वक्ताओं ने बताया कि कई निचली अदालतें सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करतीं, जिससे पुरुषों को न्याय नहीं मिल पाता। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो यह सामाजिक असंतुलन और आत्महत्याओं को और बढ़ा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह आंदोलन पुरुष अधिकारों की रक्षा के लिए विधिपूर्वक चलता रहेगा।

● सामाजिक संस्था 'संकल्प' ने सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

अहिल्याबाई का कृतित्व और व्यक्तित्व प्रेरणादायी

जौनपुर। सुइथाकला विकास खण्ड परिसर स्थित सभागार में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में महिला सशक्तिकरण हेतु विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याण हेतु संचालित कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि प्रमुख प्रति.डॉ.उमेश चन्द्र तिवारी ने रानी अहिल्या बाई होलकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा नारी सशक्तिकरण हेतु उनके प्रयास आज भी प्रेरणादायक हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, न्यायप्रियता, धर्मनिष्ठा के प्रति समर्पित था। खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का सम्पूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। उनके पदचिह्नों पर चलकर हम भारत के गौरव को पुनर्स्थापित कर सकते है। इस अवसर पर एडीओ आई एस बी ब्रह्मानंद यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेंद्र सोनाल, सौरभ मिश्रा, जितेन्द्र शाह, अकाउंटेंट मनोज, सुनील और श्रीनाथ मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

हत्या की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार

आजमगढ। थाना जहानागंज पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर हत्या की घटना का अनावरण कर 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चापड़ बरामद किया गया। 27 मई की रात में घटना हुई थी। 28 मई को वादी सुदर्शन राजभर पुत्र शिवप्रसाद निवासी ग्राम भतडी चक भतडी थाना रानीपुर जिला मऊ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया था। उसका आरोप था कि उसका लड़का अमित भरपुरवा गांव के निवासी जितेन्द्र राजभर व सुदर्शन राजभर के साथ उनके घर पर बैठ कर बात चीत कर रहा था कि अचानक रितेश राजभर पुत्र सुरेन्द्र राजभर वहाँ धारदार हथियार लेकर आया। अमित, सुदर्शन तथा जितेन्द्र के ऊपर हमला कर दिया। जिसमें मेरे लडके अमित के गर्दन मे धारदार हथियार से चोट लगने के कारण अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे ही उसकी मृत्यु हो गई तथा सुदर्शन और जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गये। वांछित अभियुक्त रितेश राजभर 20 वर्ष को बबूरा से आगे सेमा देउरा जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि अमित उर्फ लखंदर, सुदर्शन व जितेन्द्र, मेरी माँ पर बुरी नजर रखते थे तथा अक्सर कमेंट करते रहते थे। मैंने कई बार इन लोगों को मना किया था कि ऐसा मत करे पर ये लोग मानते नही थे, शराब पीकर ये लोग गाली गलौज करते थे तथा मेरी माँ पर अभद्र टिप्पणी किया करते थे। तभी से मै बदला लेने के लिए मौके की तलाश मे था। 27 मई की रात को ये तीनों घर के बरामदे मे चौकी पर बैठकर शराब पी रहे थे। मै अपने कमरे के बाहर छिपकर चापड़ लेकर मौके की तलाश मे इंतजार कर रहा था, जैसे ही जितेन्द्र कुछ सामान लेने अपने कमरे मे गया तभी मै अचानक से वहाँ पहुंचकर अमित के गर्दन पर चापड़ से प्रहार कर दिया जिससे अमित चैकी पर से नीचे गिर गया, उसके नीचे गिरते ही मैने अपने चाचा सुदर्शन के गले पर भी चापड़ से प्रहार कर दिया जिससे वह घायल हो गये तभी वहाँ जितेन्द्र भी अपने कमरे से वापस आ गया तब मै उसको भी चापड़ से मारने के लिए दौड़ा लिया तो वो अपने कमरे मे भाग कर गया व डंडा लेकर मुझे भगाने का प्रयास करने लगा जब मैने उसे मारना चाहा तो उसने बचाव मे डंडे से मुझे मारा जिससे मेरे सिर मे चोट लग गयी।

डीम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

सोनभद्र। डीएम बी0एन0 सिंह ने गुरूवार कसे कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा जिन विभागों को शासन द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान डीएम ने परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया जाये, जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता की स्थिति का पता चल सकें, आवास का निर्माण बेहतर हो सकें, इसके लिए लाभार्थी को भी प्रेरित किया जाये। प्रधानमंत्री आवास के सर्वे में पात्रता की भी जॉच सुनिश्चित किया जाये, जिससे पात्र लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया जाये, आवास निर्माण के निरीक्षण रिपोर्ट से भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

डीएम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रसाशन विभाग की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि बाजारों में बिकने वाली खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया जाये और मिलावट जैसी सामग्री का सैम्पलिंग कराया जाये और मिलावट पाये जाने पर सम्बन्धित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मिलावट खोरी की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी, दुकानों से जॉच हेतु लिये नमूना की जॉच रिपोर्ट भी उउपब्ध कराया जाये, सम्बन्धित निरीक्षक क्षेत्र में निरीक्षण करें, सैम्पल की जॉच कराये तथा रिपोर्ट से अवगत करायें। समीक्षा बैठक में डीएम ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किये कि गेंहू क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया किया जाये, गेंहूँ खरीद के समय किसानों को किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, गेंहूँ खरीद में बिचैलियों की शिकायत मिलने पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए गेंहूँ खरीद में बिचैलियों द्वारा गेंहू की खरीद न होने पायें, इस कार्य में सम्बन्धित विभाग पूरी तैयारी के साथ कार्य करें, सम्बन्धित विभाग अपने स्तर पर गहनता पूर्वक गेंहू क्रय केन्दों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें, जिससे बिचैलियों को दूर किया जो सकें, जो भी बिचैलयों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाये, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कार्यवाही कर उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी संबन्धित की होगी।

ब्लॉक के सभी गांवों का विकास सराहनीय

जौनपुर। ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी वंशराज सिंह द्वारा अपने चार वर्षों में किया गया विकास कार्य सराहनीय है। यह बातें गुरुवार को सिरकोनी विकास खण्ड मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए पूर्व विधायक डॉ0 हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक के सभी गांव में विकास का कार्य हुआ है। बैठक में सदस्यों ने पांच करोड़ रुपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव दिया। बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों को पिछले वित्तीय वर्षों में हुए कार्यों को एडीओ आइएसबी रामजी सिंह ने पढ़कर सुनाया। जिसकी सभी ने पुष्टि किया। उसके बाद एडीओ एजी आशीष त्रिपाठी ने सदस्यों को बीज उपलब्धता की जानकारी दिया। जिससे किसान आसानी से बीज पा सकें। बीडीओ नीरज जायसवाल ने सदस्यों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, पेंशन योजना, आवास योजना, राशनकार्ड बनवाने पर चर्चा, एक परिवार एक पहचान पर चर्चा सहित अन्य कई जनहितकारी योजनाओं पर जानकारी दिया। उन्हीने कहा कि अब राशनकार्ड नम्बर ही फैमली नम्बर होगा। बैठक में बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए आशुतोष सिंह ने कहा कि ब्लॉक का कोई गांव आज विकास कार्य से अछूता नही है। सभी गांवों में प्रमुख के कार्यो की पट्टिका लगी हुई है। इसके पूर्व अतिथियों का रमेश चन्द्र जायसवाल, शशिकांत पाठक, सजंय सिंह, शुभम सिंह, हर्षित सिंह, अखिलेन्द्र सिंह आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन एडीओ आइएसबी रामजी सिंह ने किया। एडीओ पंचायत रत्नेश सोनकर, रामाश्रय राय, अंकेश राय, धर्मराज यादव, विनय सिंह, सुरेंद्र चैहान व काफी बीडीसी सदस्य व प्रधान मौजूद रहे।

संक्षेप

जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित थीं अहिल्याबाई: जेपी शाही

कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी के संयोजन में गुरुवार को पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में ब्लाक सभागार हाटा में महिला पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया की। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष जेपी शाही जी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का नेतृत्व उस समय प्राप्त हुआ था जब देश पर अंग्रेजों का बहुत प्रभाव था। उन्होंने सैकड़ों मंदिरों, धार्मिक स्थलों तथा सार्वजनिक हित में निर्माण कराया। विश्व प्रसिद्ध बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार रानी अहिल्याबाई होल्कर ने कराया। उनका जीवन लंबे समय तक प्रेरणा दायक रहेगा।

विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि न्याय आध्यात्मिकता और समाज की सेवा ही उनकी जीवनचर्या थी। ब्लाक प्रमुख आरजू राव ने कहा कि युद्ध कौशल में अत्यंत निपुण अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सुरक्षा के लिए महिलाओं की एक सेना भी तैयार कीथी।

अधेड़ की गला रेतकर हत्या

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के कसया थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड रानी लक्ष्मी बाई नगर (इनरहा) निवासी एक अधेड़ व्यक्ति की बुधवार की रात को गला रेत कर हत्या कर दी गई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम जाँच पड़ताल करने पहुंची। मौके से हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर ली है, तो वही मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। घटना के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस पर परिजनों और ग्रामीणों ने सूचना देने के बाद भी घटना स्थल पर पुलिस और एम्बुलेंस के नहीं पहुंचने पर नाराजगी भी जताई। जानकारी के अनुसार कसया थाना क्षेत्र के वार्ड. 1रानी लक्ष्मी बाई नगर (इंरहा)निवासी राम चंद्र गुप्ता पुत्र शिवअवतार गुप्ता (65) वर्ष अपने घर से कुछ दूरी पर (नरकटिया) गांव के पास स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल के पीछे रात्रि करीब 8:45 बजे अपने आम के पेड़ को रखा रहे थे, कि उसी दौरान अज्ञात बदमाशों द्वारा गला रेत कर फरार हो गए ' रात को जब गांव का ही कोई व्यक्ति उधर टहलने गया तो उन्हें तड़ फड़ाते हुए खून से लतपथ देखा तो शोर मचाया शोर सुनकर मौके पर काफी लोग जुट गए। मौके पर मौजूद परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस और ऐम्बुलेंस को फोन से सूचित किया ' लोगो के बताये जाने के अनुसार सूचना देने के लगभग एक घंटे बाद भी एम्बुलेन्स और पुलिस के नही पहुंचने पर परिजन और ग्रामीण उन्हें ई- रिक्शा पर लाद कर सीएचसी कसया लाए, जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया ' सुचना के बाद मय फोर्स सीएचसी पर पहुंचे थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रयास किया तो, नाराज परिजन और ग्रामीणों ने सूचना के बाद भी पुलिस और ऐम्बुलेंस के नही पहुंचने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए नही लें जाने दे रहे थे।सुचना पर

● परिजनों और ग्रामीणों ने सूचना देने के बाद भी घटना स्थल पर पुलिस और एम्बुलेंस के नहीं पहुंचने पर नाराजगी भी जताई

तत्काल पहुंचे पहुंचे सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह ने घटना के बावत जानकारी लेते हुए परिजनों को समझा बुझा कर तत्काल कार्रवाही का आश्वासन दिए, जिसके बाद परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद तत्काल सीओ और थानाध्यक्ष पुलिस को घटना की सूचना देने वाले युवक को अपने वाहन में बैठा कर मय फोर्स घटना स्थल पर पहुंच कर पूछ ताछ व जाँच पड़ताल में जुट गई। घटना स्थल पर फॉरेनसिक टीम भी पहुंच गई और साक्ष्यो की जाँच की ' मौके से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक धारदार हसिया व अन्य सामान बरामद कर ली है ' मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी में जुट गई है इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

प्रमुख सचिव सहकारिता का जनपद आगमन 30 मई को

बहराइच । प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन श्री सौरभ बाबू आई.ए.एस. का 30 मई 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रमुख सचिव 30 व 31 मई 2025 को जनपद बहराइच में परिलक्षित परिवर्तनों का भौतिक/स्थलीय निरीक्षण एवं समीक्षा करेंगे। प्रमुख सचिव 31 मई 2025 को सांय 07:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

संघर्षो व नेतृत्व की क्षमता की प्रतिमूर्ति थी रानी अहिल्याबाई होल्कर: चेयरमैन

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर पंचायत के सभागार मे नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त की अध्यक्षता मे रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दीस्मृति मे कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर नगर पंचायत मे अच्छे कार्य करने वाली महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र पत्र देकर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने सम्मानित किया नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन मे कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर संघर्षो व कुशल नेतृत्व की प्रतिमूर्ति थी उनका पुरा जीवन संघर्षो से घिरा रहा है रानी अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य की स्थापना मे अहम भूमिका निभाई ।भाजपा के निर्देशानुसार 21 म ई से31म ई तक उनकी 300वी जयन्ती मनाने का निर्णय लिया नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन चरित्र समाज के सभी वर्गो के लिए प्रशस्तिप्रत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने कार्य नगर पंचायत द्वारा किया गया ।

रोलर से टकरायी कार, फाइनेंस कंपनी के पांच कर्मचारी घायल

देवरिया। फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों की कार गौरीबाजार-रुद्रपुर मार्ग पर सड़क पर खड़े रोलर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार पांच कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोग एंबुलेंस से सीएचसी गौरीबाजार भेजा। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया जाता है कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी किसी बारात में गए थे। गुरुवार की भोर में कार से वापस लौट रहे थे। गौरीबाजार-रुद्रपुर मार्ग पर बनसप्ती के समीप तड़के तीन बजे उनकी कार सड़क पर खड़े रोलर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार मऊ निवासी शुभनाथ (48), महराजगंज निवासी बृजभूषण गोड़ (35), आजमगढ़ निवासी सन्नी कनौजिया (25), बलिया जनपद के नरही थाना क्षेत्र के अरीरपुर निवासी इंद्रजीत यादव (30) पुत्र उदयप्रताप यादव, मिरजापुर जनपद के जिगना थाना क्षेत्र के गौरा निवासी राहुल सिंह घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोग एंबुलेंस से सीएचसी गौरीबाजार भेजा। गंभीर हालत में चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

महिला की नदी में डुबने से हुई मौत

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी मे छोटी गण्डक नदी की तरफ शौच करने गयी उषा देवी की मौत नदी मे डुबने से हो गयी।उनका पुत्र आशुतोष यादव किसी तरह डुबने से बच गया ।बताया गया है कि भाटपाररानी थाना क्षेत्र के ग्राम दनउर के फुलेमान टोला निवासिनी 55वर्षीय उषा देवी पत्नी स्व दिनेश यादव ग्राम डुमरी मे एक शोखा के पास गयी थी ।वहां से शौच करने जब अपने पुत्र आशीष के पास गयी थी ।नदी मे पैर फिसल जाने के बाद नदी मे डुबने लगी ।पुत्र आशीष बचाने के लिए नदी मे कुद पडाऔर डुबने लगा। माँ को नही बचा पाया ।शव गाँव परसौनी के सामने मिला ।आशीष ग्रामीणों को आपबीतीः बताया तो छोटी गण्डक नदी के परसौनी घाट कर ग्रामीणों के सहयोग से आशीष ने मुखाग्नि देकर अन्तिम संस्कार किया । आशीष काफी दिनो से पेट्रोल पम्प चाँदपार के पास किराये के मकान रहता है ।ज्ञातब्य है कि पिता दिनेश यादव भी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया था ।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मनायी गयी पुण्यतिथि

कुशीनगर। राष्ट्रीय लोकदल द्वारा कसया नगर स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगला में पूर्व प्रधानमंत्री लोकदल के संस्थापक, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 38 वीं पुण्यतिथि मनाई गई तथा उनके संकल्पों का भारत बनाने का संकल्प दोहराया गया ।गुरुवार को आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में स्व. चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी साहब किसानों, मजदूरों के मसीहा थे। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि स्व चरण सिंह ने सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया।वह सच्चे राष्ट्र नायक थे। जमींदारी कानून का खात्मा, चकबंदी कानून, मंडी समितियों की देश में स्थापना कर देश को नई दिशा दी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा ने उन्हें आजाद भारत का निमार्ता बताया। इस दौरान हरिकेश कुंवर, श्रीनाथ गुप्ता, विंदेश्वर निगम सहित आदि मौजूद रहे।

शवदाह गृह निर्माण कार्य का शिलान्यास

कुशीनगर। नगर पंचायत फाजिलनगर के वार्ड संख्या 13 रज्जब पिपरा में गुरुवार को शवदाहगृह निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा तथा नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन प्रताप शाही के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह शवदाहगृह लगभग 28 लाख रुपये की लागत से निर्मित होगा ।मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि यह परियोजना स्थानीय लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग थी। हम फाजिलनगर को सुविधाओं से परिपूर्ण, स्वच्छ और आधुनिक नगर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। शवदाहगृह का निर्माण न केवल नागरिक सुविधा को बढ़ावा देगा, बल्कि स्वच्छता और गरिमा के साथ अंतिम संस्कार की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा ।नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन प्रताप शाही ने भी अपने संबोधन में कहा कि हमारी प्राथमिकता जनता की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है।यह शवदाहगृह पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगा। जिससे लोगों को अंतिम संस्कार के समय किसी भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान सभासद कमलेश वर्मा, शमशाद आलम, अरशद राजा, जेपी सिंह, रामसेवक सिंह, खालिद अंसारी, राकेश, नसीम अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

विकास खंडस्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

देवरिया । सदर विकास खण्ड के सभागार प्रशिक्षण कार्यक्रम मे विकासखण्ड स्तरीय अन्तर्विभागीय अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत राज अधिकारी देवरिया रतन कुमार ने दीप प्रज्ज्वललित कर किया ।उन्होंने कहा कि स्थानीय विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास अनिवार्य है मानव जाति के रूप में हम अपने ग्रह के लिए एक स्थाई भविष्य चाहते हैं तो हमें पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना पड़ेगा ।रुद्रपुर तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि सभी विभागों का समन्वय ही बेहतर परिणाम लेकर आएगा जिससे हमारे ग्राम पंचायतो मे निवास करने वाले लोगो का जीवन स्तर बेहतर होगा ।डीपीआरसी प्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने कहा कि सतत विकास के 17 लक्ष्यो का स्थानीयकरण करके 9 थीम निर्धारित किये गये जिसमे सभी विभागों की अपनी -अपनी भूमिका सुनिश्चित की गयी ।इसी निम्मित ग्राम पंचायत विकास योजना बनाते समय भी संकल्प पत्र मे लिए गये थीमो पर ही कार्ययोजना बनाने की बात की गयी ।वरिष्ठ प्रशिक्षक अजीत कुमार तिवारी ने गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत गाँव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव एवं पर्याप्त जलयुक्त गांव के संदर्भ मे विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही ।जनकल्याणकारी योजनाओं मे सभी पात्र लाभार्थियों को अनिवार्य रूप से जोड़कर ही हम सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल कर सकते है ।सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह ने सभी के आभार व्यक्त किया ।उक्त प्रशिक्षण मे आशुतोष कुमार, आलोक तिवारी, अजय दूबे, चेतन चौहान आदि ने भी प्रशिक्षण दिया ।प्रशिक्षण मे अनिल सिंह, परशुराम राम, तारकेश्वर तिवारी,डॉ. नवीन कुमार पप्पू, डा. मानवेन्द्र चतुर्वेदी, डा. शम्भू प्रसाद, हरिपाल यादव, विनय पाण्डेय, सुषमा दूबे, आंनदस्वरुप तिवारी, लियाकत अहमद, राजनंदनी सिंह आदि मौजूद रहे ।-

माधव के स्मरण से मनुष्य हर बंधन से मुक्त हो जाता हैं: वेदान्ती नन्दन

कुशीनगर। जिले के सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित लेहनी गांव में चल रहे सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथावाचक वेदान्ती नन्दन ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का रसपान कराया। उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि माया को भजने से मनुष्य के हाथ पैर बध जाते हैं लेकिन माधव को भजने से मनुष्य हर एक बंधन से मुक्त हो जाता है बताते हुए कथा व्यास वेदान्ती नन्दन ने कहा कि भगवान का जब आगमन होता है संसार मे तो हर अंधकार समाप्त हो जाता है भगवान को भजन करने मात्र से जीव हर एक सुख को प्राप्त कर सकता है बताते हुए भगवान बाल श्री कृष्ण लाल का जन्मोत्सव मनाया गया राजा परीक्षित के रूप में बैठ कर कथा सुन कर भाव विभोर होते रहे ।इस दौरान बाबू सत्येन्द्र कुमार सिंह ग्राम प्रधान, हरिचरण सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, दीपेंद्र कुमार यादव, प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

सिसवा बाजार में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

कुशीनगर। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को समर्पित विशाल तिरंगा यात्रा गुरुवार को सिसवा बाजार में निकाली गई। यह आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी संजय गुप्ता के नेतृत्व में हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में देशभक्तों ने भाग लिया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मां बंग्ला भवानी मंदिर प्रांगण से हुआ और यह सिसवा बाजार होते हुए बेदूपार गांव के प्रधान अवनीश कुशवाहा के निवास स्थान तक पहुँची। यात्रा के दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए ह्लभारत माता की जयह्व और ह्लवंदे मातरम्ह्व के जयघोष करते हुए सेना की वीरगाथाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कहा कि ह्लयह नया भारत है, जिसकी सीमाएं अब सुरक्षित हाथों में हैं।

ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि हमारी सेनाएं हर चुनौती से निपटने में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरा देश सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल रहा है।

ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी का आयोजन

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर ब्लॉक सभागार फाजिलनगर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनें और समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाएं। आजीविका मिशन, नारी शक्ति को स्वावलंबी बनाने का एक सशक्त माध्यम है। समूह सखियां और स्वास्थ्य सखियां गांवों में सामाजिक बदलाव की मिसाल बन रही हैं। हमारा प्रयास है कि हर महिला तक यह योजना पहुंचे और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके ।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अब सिर्फ घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं। समूहों के माध्यम से वे विभिन्न आजीविका संसाधनों से जुड़ रही हैं। यह मिशन उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास व नेतृत्व की भावना का भी विकास कर रहा है। हमारी जिम्मेदारी है कि इस योजना का लाभ हर जरूरतमंद महिला तक पहुंचे। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र ने महिला उत्थान के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

भाजपा नेता इंद्रजीत सिंह कुशवाहा, एडीओ (एजी) संजीव कुमार वर्मा, एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सिब्बू राय, रेखा सिंह, समूह सखी सुमित्रा देवी, ममता सिंह कुशवाहा, राजकुमारी देवी, वंदना पाठक, प्रतिभा सिंह, शकुंतला प्रजापति, स्वास्थ्य सखियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं मौजूद रहीं।

राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

बहराइच। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच ने बताया कि प्रवेश सत्र 2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में एन.सी.वी.टी. एवं एस.सी.वी.टी. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयन/प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ हो गयी है। सत्र अगस्त 2025 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट एससीवीटीयूपी डाट इन पर 05 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की आयु 01 अगस्त 2025 को 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु रू. 250=00 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए रू. 150=00 आवेदन शुल्क निर्धारित है। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश हेतु अलग-अलग व्यवसायों के लिए न्यूनतम शैद्विाक योग्यता कक्षा 08 एवं हाईस्कूल निर्धारित है।

कांग्रेस का संविधान बचाओ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

देवरिया। कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को जिला स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवक कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव ने शिरकत किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार पूरी तरह से संविधान को खत्म कर देना चाहती है। हमारा संविधान दुनिया के श्रेष्ठ संविधानों का अध्ययन कर पूरे विश्व का सर्व श्रेष्ठ संविधान बनाया गया। जिस संविधान को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और डॉ राजेंद्र प्रसाद जैसे महापुरुषों ने मिलकर बनाया। आज संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी संसद से लेकर सड़क पर मौजूद है। जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लगातार राष्ट्र निर्माण का काम किया है। आज संविधान को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। जिसे हम कांग्रेस के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। हर कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी मजबूती से संविधान की रक्षा के लिए खड़ा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद, ऋषिकेश मिश्रा, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, नागेंद्र शुक्ला, सुभाष राय, जवाहरलाल चौहान, विजय शंकर मिश्रा, सुनील कुमार तिवारी, वरूण राय, महेन्द्र अंबेडकर, संजीव कुमार मिश्रा, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, धर्मेंद्र पाण्डेय, रत्नेश मल्ल पिंटू, चंदू वर्मा, शहनाज जफर, जुलेखा खातून, मधु शर्मा, आलोक त्रिपाठी, रीता देवी, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, रामाशीष साहनी, इस्लाम खान, गोविंद मिश्रा, मार्कण्डेय मिश्रा, दीनदयाल, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, अंशु मिश्रा, हरिश्चंद्र सिंह, विनोद दुबे, सुनील द्विवेदी, कुलदीप यादव, प्रेम लाल भारती, डॉ रमेश कुशवाहा, पन्नालाल पाठक आदि उपस्थित रहे।

रालोद ने मनायी चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि

सोहावल-अयोध्या। भारत रत्न किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरणसिंह की 38 वीं पूण्यतिथि के अध्यक्ष पर राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या सरयू किनारे स्थित चैधरी चरणसिंह घाट व सोहावल चौधरी चरण सिंह पम्प कैनाल रौनाही पर चौधरी चरणसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया चैधरी चरण सिंह घाट अयोध्या पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष /जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव एवं संचालन जिला महासचिव संगठन राम शंकर वर्मा ने किया। बतौर अतिथि चैधरी रामसिंह पटेल ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चौधरी चरणसिंह किसानों के मसीहा थे। उन्होंने किसान हितों मे अनेकों काम किया है। नाबार्ड बैंक की स्थापना, चकबंदी कानून, जैसे तमाम किसान हित मे कार्य उन्हीं की देन है। श्री पटेल ने राष्ट्रीय लोकदल को सच्ची किसान हितैषी पार्टी बताया ।

मनरेगा कार्यों में भारी अनियमितता

ग्राम प्रधान पर फोटो खिंचवाकर कागजी कार्यवाही पूरी करने का आरोप

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के पडरौना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा सिंघन जोड़ी में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे पोखरे की खुदाई कार्य में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है।

ग्राम प्रधान पर आरोप है कि वास्तविक मजदूरों से काम कराने के बजाय केवल फोटो खिंचवाकर मस्टररोल भरने की खानापूर्ति की जा रही है। 28 मई 2025 को मस्टररोल में 70 मजदूर दर्ज दिखाए गए, लेकिन मौके पर एक भी मजदूर नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से मात्र 7-8 मजदूरों से काम करवाया गया है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में मजदूरों की उपस्थिति दर्शाकर भुगतान की प्रक्रिया चलाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि कुछ दिनों में सिर्फ फोटोशूट के लिए मजदूरों को बुलाया जाता है, जिससे योजना का उद्देश्य और पारदर्शिता दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब इस बाबत पत्रकारों ने ग्राम प्रधान से सवाल किया, तो वे भड़क उठे और जवाब देने से बचते नजर आए। ग्राम सभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत चल रहे इस कार्य में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इस घोटाले को बढ़ावा दे रही है। इस पूरे मामले पर जब डीसी मनरेगा राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा, ₹मामला संज्ञान में आया है, इसे दिखवाता हूँ ।₹ जांच कर कारवाई की जाएगी।

● मस्टररोल में दर्ज 70 मजदूर, मौके पर नहीं मिले कोई मजदूर
● डीसी मनरेगा ने जांच का दिया आदेश

अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस जब्त एक बदमाश गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने जनपद में अपराध व अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रुद्रपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सतगढ़ही पुलिया के पास से एक अभियुक्त अंगद पुत्र धनई प्रसाद निवासी छितही बाजार थाना रुद्रपुर जनपद को एक अवैध पिस्टल 32 बोर व 3 जिंदा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लेकर बरामद अवैध पिस्टल व कारतूस को कब्जे में लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-188/25 धारा 3/25 आयुध अधि. का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

स्कॉलर्स व किड्जी के छात्र - छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

देवरिया। राघव नगर स्थित स्कॉलर्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल व किड्जी के छात्र छात्राओं ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान सभी छात्र 'वंदे मातरम', भारत माता की जय' के नारे के साथ हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजकुमार अग्रवाल, उप निदेशक निकुंज अग्रवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती सपना केजरीवाल, एकेडमिक हेड संतोष पाण्डेय तथा समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होने छात्रों को भारतीय सेना के शौर्य की गाथा सुनाई। यात्रा में शामिल बच्चे' भारत की एकता और अखंडता का संदेश दे रहे थे। पूरा वातावरण देशभक्ति की से ओतप्रोत हो रहा था।

किसान हितों के प्रबल पैरोकार थे चौधरी चरण सिंह : चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसान हितों के प्रबल पैरोकार थे। जिन्होंने जब -जब पद पाया पूंजीवादी शक्तियों के सामने झुके बिना देश के किसानों की तरक्की हेतु आवश्यक संसाधन मुहैया कराने का इंतजाम किया। उक्त उद्गार चौधरी चरण सिंह के स्मृति दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपने शासन में ईमानदारी और वैचारिक दृढ़ता को सदैव प्राथमिकता पर रखा ।सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने चौधरी चरण सिंह के लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए कहा कि मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या प्रधानमंत्री जैसे जो भी पद चौधरी चरण सिंह को मिले। श्रद्धांजलि देने वालों में सुरेश नारायण सिंह, इंद्रासन यादव,नाजिर अंसारी, उत्तिम यादव, शंकर गोंड, सन्तोष मद्धेशिया, गोकुला यादव, अविनाश कुमार यादव, मुरलीधर यादव, व्यास यादव, रामप्यारे यादव आदि रहे।

बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए धरना जारी

देवरिया। बैतालपुर चीनी मिल चलाने हेतु चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चलाया जा रहा धरना कलेक्ट्रेट में गुरुवार को 173 वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि सूबे के मुखिया कई बार बैतालपुर चीनी मिल चलाने की घोषणा कर चुके हैं।

मगर अभी तक कोई प्रगति नही हुई। धरने को इंद्रधर मणि त्रिपाठी, अनूप कुमार सिंह, बैजनाथ दुबे, जयप्रकाश प्रसाद, बकरीदन उर्फ बरकत अली, राम इकबाल चौहान, कुलदीप पाण्डेय, शिवलोचन चौहान, विजय शंकर कर्मयोगी, जगदीश यादव, कामाख्या सिंह, रमेश कुमार पाण्डेय, जोखन, संजीव कुमार शुक्ला, विजय कुमार सिंह, गुझेश्वर प्रसाद शर्मा, रामनिवास, मिठाई, मुन्ना निषाद, जनार्दन निषाद, रामचंद्र निषाद आदि मौजूद रहे।

सपाइयों ने किया कटान प्रभावित क्षेत्र का दौरा

देवरिया। समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल बरहज विधानसभा के परसीया देवार व विशुनपुर देवार पहुँचकर सरयू नदी से हो रहे कटान का निरीक्षण किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि जिस प्रकार नदी सैंकड़ों एकड़ खेती जमीन काट कर नदी में गिरा रही है। अगर शीघ्र ही कटान की व्यवस्था नहीं की गया तो विशुनपुर देवार व परसीया देवार के किसान भूमिहीन हो जाएँगे और खाने के लाले पड़ जाएंगे। इसलिए हम सरकार व बाढ़ खन्ड विभाग से माँग करते है की तत्काल प्रभाव से कटान रोकने की व्यवस्था की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से रणविजय सिंह, सत्येंद्र यादव, विकास यादव, यशवंत यादव, राजेश कुमार, भोला यादव, शुनिल शर्मा, राजू तिवारी, संतोष सिंह, राहुल यादव आदि उपस्थित रहे।

रालोद ने चौधरी चरण सिंह को याद कर दी श्रद्धांजलि

देवरिया। राष्ट्रीय लोकदल देवरिया कार्यकर्ताओ ने कार्यकर्ताओ ने किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जी की 38वी पुण्यतिथि पर सोनूघाट स्थित उनकी मूर्ती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई। इस दौरान कार्यकताओं उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। क्षेत्रीय संगठन महासचिव विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान, दलित, मजदूर एवं समाज से वंचित लोगो के उत्थान के लिए आजीवन कार्य करते रहे।

जिलाध्यक्ष रमाशंकर चौहान ने कहा कि जमीदारी उन्मूलन, चकवंदी एवं ग्रामीण विकास की अवधारणा की नींव रखी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लालसा यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का मानना था कि देश का विकास गांव के खेत, खलिहानो के विकास से ही संभव है। श्रदांजली सभा में जिला उपाध्यक्ष शिवदत्त पाठक, श्यामबली आर्य, डॉक्टर शम्भू प्रसाद , अजय राय, बलिस्टर चौहान, उपेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

एक दिवसीय फील्ड डे का आयोजन

हरगांव (सीतापुर)। चीनी मिल हरगांव द्वारा मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मिल क्षेत्र के आठ स्थानों पर पेड़ी के खेतों में जहां पर रैटून मैनेजमेंट मशीन चलाई गई थी। उन खेतों पर एक दिवसीय फील्ड डे का आयोजन कर कृषकों को उक्त यंत्र के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ताकि कृषकों की गन्ने की पैदावार बढ़ सके। वार्ता के दौरान बताया गया कि पौधे गन्ने की कटाई कभी भी जनवरी माह में न करे। ठंड में पेड़ी गन्ने में फुटाव नहीं होता है। साथ ही माह दिसंबर के मध्य में पौधे गन्ने के खेतों की सिंचाई अवश्य करें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा गन्ने की बुवाई चार फीट की दूरी पर करें ताकि मशीन से गन्ने की कटाई की जा सके। जिन कृषकों द्वारा अभी तक अपने खेतों में खाद नहीं डाली है वो अच्छी पैदावार लेने हेतु एक बोरी यूरिया, दो बोरी सुपर एवं दो बोरी पोटाश तत्काल डाल दें। ताकि कल्ले निकल सकें साथ ही चीनी मिल से कोराजन लेकर खेत में डालें। पानी में घुलनशील उर्वरक के घोल का स्प्रे अपने खेतों में करें घुलनशील उर्वरक हेतु चीनी मिल से संपर्क करें।

अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। जिसमें मुख्य रूप से खैराबाद के स्थानीय लान में विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निवर्तमान सांसद रेखा वर्मा व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में आए हुए लोगों से कहा की माता अहिल्याबाई होलकर भारत के सम्मान का ताज हैं आज जरूरत है कि हम उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से पूरी तरीके से अवगत हो। और सच्चे इतिहास को देश के समक्ष रखें।

जिससे हमारे देश का बच्चा-बच्चा व मातृशक्ति माता अहिल्याबाई होलकर की धर्म नीति व राष्ट्र प्रेम की नीति से अवगत हो और उनके पद चिन्हों पर चल के भारत को विश्व गुरु बनाने का कार्य करें मंत्री पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में बोलते हुए माता अहिल्याबाई होलकर के संपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला और सम्मेलन में आए हुए लोगों से आवाहन किया कि हम जन-जन तक जाकर उनके किए गए कार्यों का बखान करें। जिससे माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रेरणा से भारत का प्रत्येक नागरिक एक सच्चा राष्ट्रभक्त व धर्मचारी बन सके। कार्यक्रम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु खैराबाद नगर पालिकाध्यक्ष बेबी गुप्ता व उनके प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, अमित दीक्षित जया सिंह आदि उपस्थित रहीं। महमूदाबाद विधानसभा में नगर पालिका महिला सशक्तिकरण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत व पूर्व विधायक रामनगर शरद अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांसद जयप्रकाश रावत ने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि आज भारत की मातृशक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन के तहत कानूनी रूप से मजबूत हो रही। उन्होंने नारी शक्ति अधिनियम लाकर मातृ शक्ति को कानूनी शक्ति प्रदान की है। आज भारत की मातृशक्ति को माता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों का पालन करना चाहिए। जिससे भारत की मातृशक्ति धर्म व राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। पूर्व विधायक बाराबंकी रामनगर शरद अवस्थी ने भी महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मातृशक्ति और खासकर बालिकाओं महारानी अहिल्याबाई होल्कर की नीति का अध्ययन करके राष्ट्र व धर्म की सुरक्षा करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में अभियान संयोजक सुधाकर शुक्ला व सह संयोजक कंचन प्रभा पांडे सीता इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमेश बाजपेई विरल सुधीर सिंह आदि उपस्थित रहे। लहरपुर विधानसभा में नगर पालिका सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी संतोष सिंह उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की मुख्य अतिथि संतोष सिंह ने रानी अहिल्याबाई होलकर पर विस्तार से प्रकाश डाला। भारतीय जनतापार्टी द्वारा उनके सम्मान में किए जा रहे कार्यों को महापुरुषों के सम्मान से जुड़ा हुआ बताया।

त्रिशताब्दी जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित

उन्नाव। पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जन्मदिवस कार्यक्रम का ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष आनन्द अवस्थी ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पंकज गुप्ता उपस्थित रहे। क्षेत्र के सिकंदरपुर ब्लॉक सभागर में आयोजित पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पंकज गुप्ता ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद अवस्थी ने कहा माता अहिल्याबाई होल्कर कोई साधारण स्त्री नहीं थी।

उन्होंने अपने जीवन काल मे गरीबो के उत्थान के लिए हर क्षेत्र में कार्य किया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक अमित त्रिपाठी उपाध्यक्ष भाजपा ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिये ग्राम प्रधान आशा देवी (खवाजगीपुर) श्वेता गुप्ता (सलेमपुर) बिटान (अगेहरा), माया देवी (सदमपुर) एवं पंचायत सहायक पूजा (पूरनिस्पसारी), पूजा गौतम (कनिकामऊ) विनी रावत (सथरा) को सम्मानित किया गया।

वन स्टाफ सेंटर के निरीक्षण में मिलीं 7 बालिकाएं उपस्थित

सीतापुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना, के निर्देशानुसार 29 मई को समय 11:30 बजे नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा वन स्टाप सेन्टर की दोनों यूनिट व दत्तक गृह का निरीक्षण किया गया। उपरोक्त वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण के समय 07 बालिका उपस्थित मिली। ड्यूटी रोस्टर के अनुसार समस्त स्टाफ उपस्थित मिला एवं शेल्टर होम में साफ-सफाई सही पाई गयी एवं शेल्टर होम में उपस्थित बालिकाओं से वार्ता की गयी। उपस्थित बालिकाओं द्वारा बताया गया कि खाना इत्यादि समय से मिलता है। इसी क्रम अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को साफ-सफाई पर अत्यधिक ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया तथा खाने पीने की वस्तुओं को भी समयानुसार व नियमानुसार देने हेतु निर्देशित किया गया।

मछरेहटा में ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर, पति ने थाने में दी शिकायत

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सैनपुर निवासी राकेश कुमार ने मछरेहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 19 मार्च 2025 को दोपहर 3.30 बजे वह अपनी पत्नी ममता के साथ मोटरसाइकिल से मिश्रिख जा रहे थे। धनधारी जंगल में बेतवा नदी के पास मिट्टी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राकेश की पत्नी ममता गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल ममता को पहले एंबुलेंस से मिश्रिख सीएससी ले जाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने के कारण अब उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मौके पर मिले आधार कार्ड से ट्रैक्टर चालक की पहचान सीतापुर के खरगापुर निवासी रंजीत पुत्र रामबाबू के रूप में हुई है।

पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने मां-बेटी को पीटा

,सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के मुकीमपुर गांव में पुरानी रंजिश और अभद्र टिप्पणी का विरोध करना एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी को भारी पड़ गया। गांव के दबंगों ने दोनों को जमकर पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सिधौली में भर्ती कराकर मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़िता मंजू पत्नी छोटे लाल ने बताया कि वह अपनी नाबालिग पुत्री मुस्कान के साथ दरवाजे पर बैठी थीं। तभी गांव के ही कुछ विपक्षी वहां से गुजरते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर मां-बेटी को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर-शराबा सुनकर जब गांव वाले मौके पर पहुंचे। तब आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मंजू देवी ने बताया कि विपक्षियों से उनका पुराना विवाद चल रहा है और पूर्व में थाने में समझौता भी हो चुका था। बावजूद इसके आरोपी लगातार अभद्र भाषा और टिप्पणी करते रहते थे। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मां-बेटी को सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थोक व फुटकर दवा दुकानदारों को किरायनामा/स्वामित्व जमा करने के औषधि निरीक्षक ने दिये निर्देश

उन्नाव। सहायक आयुक्त स्टांप उन्नाव द्वारा एक पत्र औषधि निरीक्षक अशोक कुमार को जारी किया गया है, जिसमें यह कहा गया है कि जो दवा दुकानदार लाइसेंस बनवाने के समय किरायनामा/ स्वामित्व पत्र विभाग में जमा करते हैं। उसे समय अवधि बीत जाने के बाद दोबारा जमा करना आवश्यक होता है। यदि वो ऐसा नहीं

> ● पिछले पांच वर्ष के किरायनामा/स्वामित्व अभिलेखों का होगा सत्यापन

करते हैं तो इससे राजस्व का नुकसान होता है। इस क्रम में औषधि निरीक्षक ने बताया कि पूर्व में भी इसकी एक सूचना व पत्र दवा विक्रेताओं को जारी किया गया है। जिसके बाद काफी दवा दुकानदारों ने संबंधित अभिलेख विभाग में प्रेषित कर दिया है। लेकिन अभी बहुत से दवा दुकानदारों ने अपने किराएनामे और स्वामित्व संबंधित अभिलेख विभाग में जमा नहीं किये है जिस पर पुनः एक पत्र दवा विक्रेताओं को जारी किया गया है जिससे किराएनामे और स्वामित्व अभिलेखों का सत्यापन और एकत्रीकरण किया जा सके। औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दवा दुकानदारों को वित्तीय वर्ष 2020 से 2025 तक के किरायेनामा और स्वामित्व का प्रमाण पत्र की छायाप्रति और साथ ही अग्रिम वर्ष जिनका समय हो गया है किराएनामे का उसे विभाग में जल्द जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जो दुकानदार ऐसा नहीं करेगा और राजस्व का नुकसान करेगा उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। इस संबंध में उन्नाव दवा विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मयंक बाजपेई ने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में भी पत्र जारी किया गया था जिसके बाद दर्जनों दवा दुकानदारों का किरायनामा/स्वामित्व संबंधित अभिलेख विभाग में जमा करवाया गया है जो बाकी बचे है उन तक सूचना पहुंचा कर जल्द ही बकाया लोगों के भी अभिलेख जमा करवाने के प्रयास किया जायेगा। दवा दुकानदार पूरी मेहनत और लगन के साथ जनहित में लगा रहता है। वो राजस्व का नुकसान सरकार का नहीं होने देगा। भूल वस अगर किसी के अभिलेख विभाग में अभी जमा नहीं हो पायें है तो उसे जल्द ही जमा करवाने का प्रयास किया जायेगा।

किसानों की बंधक जमीन पर बैंक कर्मचारियों ने लगाई लाल झंडी

सांडा/सकरन (सीतापुर)। भारतीय स्टेट बैंक शाखा सांडा से लिए गए कृषि ऋण की उधारी न जमा करने वाले डिफाल्टर किसानों की बंधक जमीन को उपजिलाधिकारी लहरपुर के आदेशोपरान्त संग्रह अमीन, लेखपाल, शाखा प्रबंधक व रिकवरी टीम के द्वारा वसूली के लिए खेतों पर लाल झंडी लगाकर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिरवरपुर क्योंटाना हरदोपट्टी व सिकरी बेहटा निवासी रामकिशुन व रामचेतन के द्वारा शाखा सांडा से 980461 रुपए व ब्याज एवं 1348165 रुपये सहित अतिरिक्त ब्याज लिया गया था। जोकि एनपीए होने के बावजूद भी अदायगी नहीं कर पाये। जिसकी अदायगी के लिए कर्ज रिकवरी टीम के किरन कुमार मिश्रा, प्रियांक दीक्षित व अव्यकतेश के द्वारा भरपूर प्रयास किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया जनऔषधि केंद्र का शुभारम्भ

जिला संवाददाता

महोली (सीतापुर)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने इस योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए कहा कि इसका मकसद गरीब तबके के लोगों को सस्ती दर पर दवाएं मुहैया कराना है। समाज का वह वर्ग जो महंगी दवाएं खरीदने के लिए सक्षम नहीं था उसे अब निराश होना नहीं पड़ेगा। केंद्र से बेहद सस्ते मूल्य पर दवाएं उपलब्ध कराकर देश का निरोगी बनाना है। महोली में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को सस्ती दर पर दवाएं मिल सकेंगी। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ दीपांशु शुक्ला, डॉ पूजा सिंह, डॉ दीपक तिवारी, डॉ मोहित पाल, अशोक कुमार, राजीव बाजपेयी, जन्मेजय सिंह, राज कुमार तिवारी, करुणा शंकर कटियार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

समर कैंप में बच्चों की खेलों में रुचि ज्यादा

बिसवां नगर (सीतापुर)। कंपोजिट विद्यालय जहांगीराबाद में गुरुवार को समर कैंप का आठवां दिन था। इस दिन बच्चों ने रोज की तरह योगाभ्यास किया। बच्चों की मंशा के अनुरूप उनको अलग-अलग क्रियाकलाप करने को कहा गया। कुछ बच्चों से मिट्टी के खिलौने बनवाये गये तो कुछ से चित्रकला बनवाई गई। जिसमें पर्यावरण, स्वच्छ भारत और जल संरक्षण पर पोस्टर बनवाये गये। इसके अलावा कुछ बच्चों ने रोज की तरह विभिन्न खेलों का आनंद लिया। बच्चों को पुराने खराब कागज को मैश करके कुछ आकृतियां बनाना सिखाया गया। देहात क्षेत्र के इस समर कैंप में बच्चे चित्रकला, मिट्टी कला के साथ साथ खेलों में ज्यादा रुचि ले रहे हैं।

श्री विष्णु महायज्ञ और संत सम्मेलन आज

बिसवां नगर (सीतापुर)। संत शिरोमणि श्री-श्री 1008 श्री त्यागी महाराज एवं श्री बालाजी मंदिर भीमसर, झुंझनू-राजस्थान के पवन महाराज की कृपा से जहांगीराबाद केवानी नदी के पावन तट पर स्थित श्री राधाकृष्ण आश्रम में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर श्री विष्णु महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का सात दिवसीय आयोजन शुक्रवार 30 मई से किया जा रहा है। जो आगामी 5 जून तक चलेगा। यज्ञ आयोजक महंत बाबा विशम्भरदास ने बताया कि यज्ञ के पहले दिन 30 मई को एक भव्य विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा मौसम में ताप की तीव्रता को देखते हुये सुबह 8 बजे किवानी नदी तट से कलशों में जल भरकर पहले जहांगीराबाद चैराहा स्थित शिव मंदिर पर पहुंचेगी। तत्पश्चात कस्बा भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ मण्डप तक जायेगी। उन्होंने बताया कि 31 मई को मण्डप प्रवेश के बाद 01 जून को अरणी मंथन होगा। अरणी मंथन के साथ ही यज्ञशाला में अग्नि का आविर्भाव होगा और यज्ञ हवन आदि शुरू होगा। 05 जून वृहस्पतिवार को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ एक विशाल भंडारा भी आयोजित होगा।

पंचायत महिला सशक्तीकरण संगोष्ठी का आयोजन

सिधौली (सीतापुर)। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत सोमवार को सिधौली ब्लॉक सभागार में पंचायत महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी-सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत रहे। जिन्होंने महान राष्ट्रनायिका अहिल्याबाई होल्कर के जीवन परिचय एवं कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक रावत ने अपने संबोधन में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने न्याय, धर्म और जनसेवा से इतिहास में एक आदर्श स्थापित किया है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे भी अहिल्याबाई के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राकेश पाण्डेय ने किया। आयोजनकर्ता ब्लॉक के वरिष्ठ भाजपा नेता रामबक्श रावत रहे। इस अवसर पर चेयरमैन गंगाराम राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्कर गुप्ता, सोनू शुक्ला, अमित शुक्ला, उपेंद्र त्रिपाठी, देवीदयाल राठौर, खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, एडीओ हंसराज, एडीओ एजी योगेश शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में महिला प्रतिनिधियों ने सामाजिक जागरूकता, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता पर अपने विचार साझा किए।

आशा बहुओं ने सीएमएस और सुरक्षा गार्डों पर लगाया आरोप

उन्नाव। जिला अस्पताल इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। महिला विभाग, पुरुष विभाग, में आय दिन मरीजों एवं तिमारदारो स्टाप सुरक्षा गार्डों से मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। जो सुर्खियों में है। गुरुवार को महिला अस्पताल में आशा बहुओं ने ओपीडी गेट के बाहर लगे सुरक्षा गार्ड पर आशा बहुओं ने आरोप लगाया है कि अस्पताल ओपीडी में लगे सुरक्षागार्ड हमारे साथ आई गर्भवती महिलाओं के साथ अंदर ओपीडी में डॉक्टर के पास जाने नहीं देते और अस्पताल आई गर्भवती महिलाएं डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाती और जब पहुंचती है तब ओपीडी का समय खत्म हो जाता है। जिसके कारण दूर दराज इलाज के लिए आई महिलाओं को बाहर से जांच और अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है। जबकि आशा बहुओं की माने तो महिला सीएमएस फौजिया अंजुम का साफ कहना है कि बाहर की जांच और अल्ट्रासाउंड कोई भी रिपोर्ट डॉक्टर नहीं देखेगा। सरकार द्वारा दी गई जिम्मेदारी को आशा बहु निभाने में असमर्थ नजर आ रही है। महिला सीएमएस द्वारा आशा बहुओं से अभद्रता से बात करना और गर्भवती महिलाओं के साथ आशाओं को अस्पताल के अंदर न जाने देना ये अमानवीय व्यवहार को दशार्ता है ।इसी बात से नाराज आशा बहुओं ने जिला अस्पताल में काम न करने का विरोध किया। लगभग एक दर्जन से अधिक आशा बहुओं ने काम से बहिष्कार किया जिसमें ममता,विटान, सरोजिनी, सुनीता, सरोज, बिटाना, संगीता, सरिता, नीलम, शशी, रमा, मीरा आदि लोग शामिल रही ।इस समय उन्नाव सरकारी अस्पताल के कारनामों के किस्से शायद ही किसी के कानो तक न पहुंचे हो अगर ऐसे ही चलता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब आम जनता इलाज करने के लिए जिला अस्पताल छोड़ अन्य अस्पतालों की ओर रुख करने लगेंगे। जिला अस्पताल में जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी ही जिम्मेदार नहीं दिखेंगे तो अन्य कर्मचारियों पर कैसे विश्वास होगा।

आग से गृहस्थी खाक

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव गुरुदीन खेड़ा मे झोपडी मे अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी का सामान जल कर राख हुआ। गांव निवासी छोटा सिंह अपनी पत्नी रामकली के साथ खेत में झोंपड़ी में रहता है। देर रात झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही दंपति झोपड़ी के बाहर आए। आग लगने से झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया जानकारी होने पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मदद से आग बुझाई जिसके बाद सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने आग से हुए नुकसान का आंकलन किया।

डॉ. वीरेन्द्र को जिलाध्यक्ष किया गया मनोनीत

सीतापुर। राजकीय आप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन में वीरेंद्र कुमार मधुकर को सीतापुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। गुरुवार 29 मई को जिला मुख्यालय पर अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुरेश कुमार पर्यवेक्षक, डॉ संजय श्रीवास्तव, सरला यादव, प्रांतीय अध्यक्ष सर्वेश पाटिल मौजूद रहे। अजीत कुमार जिला सचिव और मनोज वर्मा कोषाध्यक्ष के रूप में चयनित हुए हैं। बताते चलें कि वीरेंद्र कुमार मधुकर बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात हैं। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारी को उनके शुभचिंतकों सहयोगियों ने शुभकामनाएं बधाई दी।

नगदी सहित 7 लाख रुपये के जेवर चोरी

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत इमलिया नहर कोठी गांव में बीती रात एक घर में चोरों ने जमकर तांडव मचाया। अज्ञात चोरों ने जेवर नगदी सहित लाखों का सामान पार कर ले गये।

पीड़ित अमोल सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने बताया हम सभी लोग अपने घर में सोए हुए थे। तभी मौका पाकर बुधवार की बीती रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा घर के अंदर घुसकर दो कमरों का ताला तोड़कर, अलमारी में रखे जेवर व 7 हजार की नगदी समेत लगभग 7 लाख का सामान पार कर ले गये। पीड़ित सुबह सो कर उठा तो देखा घर के दो कमरों का ताला टूटा हुआ है। अलमारी में रखे हुए जेवर नगदी सेमत चोरी हो गया। जिससे पूरे इलाके में हड़कमंप मच गया। पीड़ित ने रामकोट थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दे दी है। रामकोट एसएसआई शिव प्रसाद पांडेय अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सकरन ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेलवा

साण्डा/सकरन (सीतापुर)। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत बेलवा में ग्राम प्रधान द्वारा जमकर किया जा रहा भ्रष्टाचार मनरेगा से लेकर राजवित्त में ग्राम प्रधान द्वारा ठेकेदारी पर कराया जा रहे काम ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चकबंध पटाई का जो कार्य किया गया। उसमें ग्राम प्रधान के द्वारा केवल घास झीलकर पैसा निकालने का काम किया गया। चकबंधों पर एक फिट भी मिट्टी नहीं डलवाई गई। केवल घासझील कर पैसा निकालने का काम किया गया बात यहीं तक सीमित नहीं है। ग्राम प्रधान के द्वारा राजवित्त में भी जमकर भ्रष्टाचार किया गया। लेकिन यहां सवाल इस बात का है एक तरफ योगी सरकार ग्राम पंचायत को मॉडल गांव बनाने के लिए ग्राम पंचायत के विकास के लिए बराबर धन मुहैया करा रही है। महात्मा गांधी योजना को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं।

सीओ कार्यालय के सामने सफाईकर्मी ने दिव्यांग युवक की बेरहमी से की पिटाई

सिधौली (सीतापुर)। तहसील परिसर में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई। जब ग्राम न्यायालय और पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के सामने एक सफाईकर्मी द्वारा एक दिव्यांग युवक को बेरहमी से पीटने की घटना सामने आई। पीड़ित युवक छोटू पुत्र श्रीराम निवासी नरोत्तम नगर,

> ● ग्राम न्यायालय के कुछ कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर दिव्यांग युवक को छुड़ाया

बाल्मीकि मंदिर, सिधौली को सफाईकर्मी सागर ने सरेराह जमीन पर पटक-पटक कर मारा, बाल खींचे और गला दबाया।

चैंकाने वाली बात यह रही कि घटना स्थल के आसपास मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप करना जरूरी नहीं समझा। करीब आधे घंटे तक यह अमानवीय कृत्य चलता रहा। अंततः ग्राम न्यायालय के कुछ कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर दिव्यांग युवक को छुड़ाया। इस घटना का वीडियो भी कुछ लोगों ने बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि जब न्यायालय के सामने इस तरह की घटना हो सकती है तो आम जनता कितनी सुरक्षित है?

अलीगढ़ के युवक से मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव महपरापुर में मंगलवार रात कार निकालने को लेकर हुए विवाद में मामा के घर जा रहे युवक के साथ मारपीट के दौरान धक्का लगने से गिरे युवक के घायल हो जाने पर इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय रास्ते में हुई मौत मामले में पोस्टमार्टम के बाद मृतक युवक का शव लेकर उसके परिवार वाले घर अलीगढ़ चले गए। उधर मृतक के मामा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने भेज दिया है। महापरा पुर निवासी फतेहबहादुर सिंह का भांजा सुमित निवासी जनपद अलीगढ़ मंगलवार को अपने मामा के यहां जा रहा था तभी रास्ते में गांव का कुलदीप अपना लोडर लिए खड़ा था जिसे हटाने को सुमित ने कहा जिसपर दोनों में विवाद हो गया। इसी मारपीट में कुलदीप ने सुमित को धक्का दे दिया जिससे वह गिरकर घायल हो गया। घायल सुमित को परिजन कानपुर हैलेट अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में सुमित की मौत हो गई। सुमित के मामा फतेहबहादुर सिंह ने कुलदीप, विनय शोभित आदि को आरोपित करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुमित का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद जहां परिजन उसका शव लेकर कैथवारी अलीगढ़ चले गए वहीं थाना पुलिस ने दबिश देकर कुलदीप विनय व शोभित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने भेज दिया है।

संक्षेप

बिना हेलमेट कर्मचारियों पर दो गुना जुर्माना: डीएम

बांदा। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीएम जे0 रीभा ने सभी सरकारी कर्मचारियों से बिना हेलमेट लगाने पर दो गुना जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बांदा-बहराइच मार्ग एवं पपरेंदा में सड़क किनारे खड़े ओवरलोड वाहनों को हटाए जाने और ओवरलोड वाहनों के संचालन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ई-रिक्शा से लगने वाले जाम को समाप्त करने के लिए ई-रिक्शा की नंबरिंग कराने, रजिस्ट्रेशन की चेकिंग के साथ ही ई-रिक्शा संचालन के लिए एकल मार्ग को अधिक प्रभावी रूप से लागू किए जाने के लिए ट्रैफिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं कमी लाने के लिए चिन्हित दुर्घटना वाले स्थान पर संकेतक, डिवाइडर व अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने रायबरेली-बांदा नेशनल हाईवे के बचे 2 किलोमीटर मरम्मत कार्य को तत्काल हटाने और तिंदवारी में रोड से अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने शहर के बाबूलाल चैराहा में डिवाइडर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गयी कि अप्रैल माह में ओवरलोड वाहनों से 123 लाख समन शुल्क की वसूली की गयी। बिना हेलमेट 682 व बिना सीट बेल्ट के 270 चालान किए गये। उन्होंने विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रशिक्षण कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, आरटीओ शंकर सिंह, एडीएम नमामि गंगे मदन मोहन, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

वाहनों में नाम, मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य

बांदा। उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी और ओला-ऊबर जैसी कैब सेवाओं के लिए नया नियम लागू किया है। अब प्रत्येक वाहन चालक को अपनी गाड़ी में अपना नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य होगा। जब तक यह जानकारी गाड़ी में नहीं लिखी होगी उस ड्राइवर को वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय से यात्रा करने वालों को बेहिचक किसी भी वाहन में यात्रा करने समस्या नहीं होगी। खासकर यह सुविधा महिलाओं और लड़कियों के लिए और भी बेहतर होगी। इस आदेश के बाद होने वाली घटनाओं पर भी रोक लग सकेगी।

फलदार और हरिशंकरी पौधों का रोपण किया जाये: डीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीती शाम महात्मा विदुर सभागार में गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अभिनव राज, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, उपायुक्त मनरेगा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण-2025 के लक्ष्य के सापेक्ष स्थान एवं पेड़ों की संख्या की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में अभी तक कुछ विभागों द्वारा विभागीय कार्ययोजना एवं वांछित सूचनाओं सामाजिक वानिकी विभाग को उपलब्ध न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तीन दिन के भीतर कार्य योजना सहित चिन्हित रोपित स्थान एवं पौधों की संख्या निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को वृक्षोरापण-2025 कार्यक्रम के दौरान इमारती लकड़ियों के अलावा फलदार एवं हरिशंकरी पौधों (गुलमोहर, अमलतास, प्लाश, पीपल, पाकड़ व बरगद) के अधिक मात्रा में रोपण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पंचायती राज सहित अन्य बड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े भूभाग चिन्हित करते हुए सुनियोजित रूप से वृक्षारोपण कराएं और उसके सौंदर्यकरण के लिए फूलदार वृक्षों की बाढ़ भी लगाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्र में अटल वन, एकता वन, एकलव्य वन, पर्यावरण वन, शौर्य वन के लिए भूमि का चिन्हांकन करते हुए उन्हें विकसित कराएं तथा उन स्थानों का सौंदर्यकरण करते हुए लोगों के बैठने के लिए बेंच आदि का निर्माण भी कराएं ताकि नगरवासी शुद्ध वातावरण से आनंदित हो सकें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष कर गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करें।

जिलाधिकारी द्वारा जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान वाहनों से जनित उत्सर्जन के नियन्त्रण के लिए किये गये उपायों की समीक्षा की गयी। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016 के अनुपालन के अन्तर्गत एमआरएफ सेन्टर प्रबन्धन, साथ ही स्थानीय निकाय के विभिन्न क्षेत्रों से जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट के एकत्रण तथा अन्तिम निस्तारण तक परिवहन किये जाने के लिए सेकेण्ड्री स्टोरेज फैसेलिटीज एवं उसक कम्पोस्टिंग/आरडीएफ, लिगेसी वेस्ट की स्थिति पर चर्चा की गयी। उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट की समीक्षा में प्रदूषण अधिकारी को हास्पिटलों की जांच के निर्देश दिए जिला गंगा समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान शहरी क्षेत्रों से आने वाले नालों/ड्रेनेज के चिन्हीकरण की स्थिति तथा सीवरेज ट्रीटमेन्ट सन्यन्त्रों को अद्यतन रखते हुए नियमित रूप से संचालन के निर्देश दिए।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विज्ञान केन्द्र की ओर से गोष्ठी का आयोजन

जिला संवाददाता

बिजनौर। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं सिंचाई विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए विकास खण्ड कोतवाली के 09 ग्रामों यथा- महमूदपुर भावता, करौन्दा चैधर, कालाखेडी, पुरैनी, सैदपुरी महिचन्द, जमालपुर बंगर, मौज्जमपुर हरवंश, महेश्वरी जट एवं खुरर्मपुर खड़क में तीन टीमों को गठन करते हुए गोष्ठियों का आयोजन करते हुए विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का शुभारम्भ किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों में उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र, कृषि वैज्ञानिक डा0 के0के0 सिंह, डा0 शिंवागी, डा0 सुशील कुमार, जसवीर सिंह तेवतिया जिला कृषि अधिकारी, डा0 पिन्टू कुमार, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र डा० शकुन्तला गुप्ता, डा० नेमीचन्द, डा० भूपेन्द्र कुमार, डा0 प्रतिमा गुप्ता, डा0 सिद्वार्थ कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र द्वारा ग्राम महमूदपुर भावता में आयोजित गोष्ठी में आये कृषकों को कृषि विभाग में चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा खरीफ मौसम में उगायी जाने वाली प्रमुख फसलो से सम्बन्धित आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्वतियों के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत ई0के0वाई0सी0 आधार सीडिंग एवं अन्य जानकारी दी गयी। डा0 के0के0 सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी किसानों के बीच उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियों जैसे बीज उपचार, जैव उर्वरकों का प्रयोग, उन्नत बुवाई पद्वतियों, आई0एन0एम0, आई0पी0एम0, संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकियों, उन्नत सिंचाई पद्धतियों की जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को पशुपालन के विषय में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा ग्राम सैदपुरी महीचन्द में आयोजित गोष्ठी में आये कृषकों को कृषि विभाग में चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा खरीफ मौसम में उगायी जाने वाली प्रमुख फसलो से सम्बन्धित आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत ई0के0वाई0सी0, आधार सीडिंग एवं अन्य जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिक डा० पिन्टू कुमार द्वारा भी किसानों के बीच उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियों जैसे बीज उपचार, जैव उर्वरकों का प्रयोग, उन्नत बुवाई पद्वतियों, आई0एन0एम0, आई0पी0एम0, संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकियों, उन्नत सिंचाई पद्धतियों की जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिक डा0 नेमीचन्द द्वारा भी गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को कृषि की नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

यूनिफाइड पेंशन स्कीम कैंप का आयोजन

ललितपुर। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के निदेर्शानुसार, एसएसई, पी.वे., ललितपुर डिपो एवं स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में सुबह 10 बजे से यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) और न्यू ट्रांसफर मॉड्यूल पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अलग- अलग विभाग के 69 कर्मचारियों द्वारा प्रतिभागिता सुनिश्चित की।

मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गौ-तस्कर घायल

बांदा। गोवध में लिप्त रहे 25 हजार के वांछित आरोपी को थाना मटौंध व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी फैजान पुत्र असलम खान ग्राम नजीराबाद रघुराज नगर थाना शहर कोतवाली जनपद सतना मध्य प्रदेश का निवासी है। फैजान के विरूद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट सहित आधा दर्जन मामले चित्रकूट, मध्य प्रदेश, राज्यों में दर्ज हैं। यह कार्रवाई एसपी पलाश बंसल के आदेश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन लंगड़ा के तहत की गयी है। मुठभेड़ थाना मटौंध क्षेत्र मे मध्य प्रदेश की छतरपुर सीमा से लगे आलमखोड़ गांव के पास हुई। पुलिस को मध्य प्रदेश बार्डर पर गौरिहार छतरपुर रोड में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। पुलिस ने चेकिंग शुरू की इसी दौरान एक संदिग्ध आई 20 कार मटौंध की ओर आती दिखी। पुलिस को देखकर कार वापस मुड़कर भागने लगी। पीछा करने पर कार में बैठे गौ-तस्कर ने पुलिस पर फायरिंग की, जिससे पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी। उन्होने बताया कि फैजान के साथियों का पता लगाया जा रहा हैं फिलहाल उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इलाज के बाद उसे जेल भेजा जाएगा।

अहिल्याबाई जयंती, विधायक, अध्यक्ष का सफाई अभियान

जिला संवाददाता

बांदा। नगर पालिका परिषद ने गुरूवार को सवेरे 7 बजे शहर के नवाब टैंक घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया। राज्य मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय राज्य मिशन निदेशालय के निदेर्शों के चलते रानी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नवाब टैंक घाटों की सफाई अभियान में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, अधिशाषी अधिकारी श्रीचंद्र चैधरी, सभासद, वार्ड स्वच्छता समिति के पदाधिकारी व नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों ने श्रमदान किया। बताते चलें कि शहर का नवाब टैंक बहुत प्राचीन तालाब है। इसके संरक्षण के लिए जन सहयोग की बड़ी अपेक्षा है। कुछ लोग पूजा की सामग्री, फूल, माला व पॉलीथीन को तालाब के पानी में प्रवाहित कर देते हैं जिससे पानी प्रदूषित होता है। इसे रोकने के लिए एक स्थान चिन्हित कर संगम स्थल के नाम से स्थान नियत करने की कार्रवाई की जाएगी ताकि सीधे तालाब के पानी में कूड़ा न जाए। लोकमाता अहिल्याबाई की जन्म जयंती पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जल के बिना असंभव है कल। उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घाटों के पुनः उत्थान, रख-रखाव, सफाई एवं संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ते हुए लोकमाता के समाज को दिए गये आदर्शों पर चलते हुए सभी कार्य करें। अधिशाषी अधिकारी श्रीचंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन एवं राज्य मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय निकाय के आदेश पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। श्रमदान करने वालों में विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, स्वच्छता ब्रांड एंबेस्डर कुलदीप शुक्ला, राहुल जैन, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, सफाई, राजस्व निरीक्षक व पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

नवीन अध्यक्ष, श्लोक द्विवेदी बने नगर मंत्री

बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर इकाई का पुनर्गठन किया है। चुनाव अधिकारी डॉ बीना गुप्ता ने डॉ नवीन पांडेय को अध्यक्ष एवं श्लोक द्विवेदी को नगर मंत्री बनाया गया है। इसके पश्चात डॉ नवीन पांडेय ने कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें नगर उपाध्यक्ष रचना पटेल, शाहिद वली, विपिन दीक्षित, संजय तिवारी, नगर सह मंत्री मानसी धुरिया, ज्योत्सना गुप्ता, अर्पित द्विवेदी, वंश गुप्ता बनाए गये। एग्री विजन प्रमुख डॉ भानु मिश्र, एसएफएस प्रमुख डॉ कुंदन सिंह, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख डॉ शालिनी पुरवार, एसएफडी प्रमुख डॉ बालाजी विक्रम बनाए गये। डॉ नवीन पांडेय ने कहा कि संगठन हित में कार्य करते हुए विस्तार प्राथमिकता है। इस दौरान डॉ जगन्नाथ पाठक, डॉ गौरव शुक्ला, दिव्यांशु, आयुषी, गोविन्द, सुभाष, राज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

मेले में दुकान से चोरी करने वाला बदमाश दबोचा

ललितपुर। विगत दिनों मड़ावरा में चल रहे मोती मंदिर मेले में युवक की दुकान से पर्स चोरी हो गया था। पुलिस ने अब बदमाश को चोरी किये गये माल के साथ दबोचा है। सीओ मड़ावरा राजेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में मड़ावरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को रोहिणी बांध तिराहा से जाने वाली सड़क से धर दबोचा है। पकड़े गये युवक का नाम ग्राम रनगांव निवासी राहुल पुत्र मलखान अहिरवार बताया गया है। घटना को लेकर एसपी ने टीमों का गठन किया था, जिसमें धरातलीय सूचना, सर्विलांस व अन्य एकत्रित तकनीकी/वैज्ञानिक साक्ष्यों की मदद से राहुल अहिरवार को गिरफ्तार किया गया है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना खरगापुर क्षेत्र में रहने वाले असलम साह पुत्र इकबाल साह ने मड़ावरा थाना पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह वर्तमान में मोती मंदिर मेले में कपड़े की दुकान लगाये है। बताया कि 26-27 मई की रात करीब ड़ेढ़ बजे उसकी दुकान से हैण्ड पर्स चोरी हो गया। इस पर्स में उसका आधार कार्ड, 1200 रुपये नकद, दुकान की रसीदें, दो मोबाइल जो कि चोरी हो गया। बताया कि उसने सीसीटीवी कैमरे में देखा तो मड़ावरा के ग्राम रनगांव निवासी राहुल पुत्र मलखान अहिरवार उसकी दुकान में चोरी करते हुये कैद हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राहुल अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

युवा अधिवक्ता संघ ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

ललितपुर। युवा अधिवक्ता संघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के गेट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी एड. ने की एवं संचालन संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता विजय कुमार सिंह एड. ने किया। कार्यक्रम में महासचिव वेद प्रकाश राय एड., त्रिलोकी स्वरूप पटेरिया एड., जयंत यादव एड., लोकेश निषाद एड., धर्मेंद्र कुमार रजक, किरतभान सिंह, पुष्पेंद्र गोस्वामी, रमाकांत साहू, अरशद खान, रामकुमार वैष्णव, मनोज कुशवाहा, पहलवान यादव, अभिलाषचंद्र माझावर, प्रसन्न कौशिक, प्रमोद नामदेव, बलराम लोधी, रमाकांत गोस्वामी, साहबसिंह बुंदेला, भगतसिंह पटेल, अमन सुरजिया, सौरभ शर्मा, मनीष याज्ञिक, मधुसूदन श्रीवास्तव, कुलदीप पाठक, अर्जुन कुशवाहा, अखिलेश राय, इमरान खान, मनीष श्रीवास्तव, संतोष राजपूत, मुस्तकीम खान, आकाश यादव, दर्शन, गौरव सेन, राजपाल यादव, जयपाल यादव, शंभूदयाल शर्मा, केहरसिंह परिहार, भगत सिंह पटेल, गजेंद्र यादव, पंकज शर्मा समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल रहे।

नाप के दौरान दो पक्षों में चले लाठी, डंडे

बांदा। जमीन नाप के दौरान राजस्व टीम और पुलिस की मौजूदगी में जमकर मारपीट हुई और दोनों पक्षों से लाठी डंडे चले। इस मामले पर नरैनी कोतवाली में दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। हड़हा गांव में चक मार्ग की नाप के दौरान दो पक्ष जिसमें प्रथम पक्ष हादी मुसर्रत खान, एकलाख, नौशाद, शहजाद, रहमान और दूसरे पक्ष से इकबाल, बादल, मुन्ना खां, गुफरान और वर्तमान ग्राम प्रधान अफसर अली को नामजद किया गया है। दोनो पक्षों के बीच जमीन की नाप को लेकर मौके पर विवाद शुरू हुआ। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान राजस्व टीम और कोतवाली उपनिरीक्षक अबरार खान मौजूद रहे। किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया गया। घटना के बारे में ग्राम प्रधान अफसर अली ने बताया कि मौके पर वह राजस्व टीम और पुलिस के बुलाने पर गए थे। इस दौरान उनके साथ भी मारपीट की गई। लेखपाल खुशबू ने तहसील उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए जानकारी दी कि नायब तहसील के मौखिक निर्देश पर मौजा हड़हा में कोतवाली पुलिस बल की मौजूदगी में चक मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मौजूद ग्राम प्रधान और प्रतिवादियों के मध्य विवाद हो गया जिससे दोनों पक्षों की हाथापाई हुई। इस वजह से प्रकरण का निस्तारण नहीं हो सका। कोतवाली प्रभारी राम मोहन राय ने बताया कि दोनों पक्ष के लोगों ने कोतवाली में तहरीर दे दी है। पुलिस कानूनी कार्यवाही कर रही है।

महाराणा प्रताप की तरह हम कभी अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेंगे: शशि राजा बुन्देला

जिला संवाददाता

ललितपुर। क्षत्रिय समाज के सभी संगठनों के तत्वाधान में हिन्दू हृदय सम्राट महाराजा महाराणा प्रताप एवं बुन्देलखण्ड केसरी महाराज छत्रसाल जू देव, महापराक्रमी पृथ्वीराज चैहान का जन्मोत्सव शशिभूषण सिंह बुन्देला के मुख्यातिथ्य में एवं सोवरन सिंह बुन्देला के विशिष्ट आतिथ्य व दरयाव सिंह परमार की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। तीनों महावीरों का

● महाराणा प्रताप, छत्रसाल जू देव और पृथ्वीराज चौहान का मनाया जन्मोत्सव

जन्मदिन हिंदी मास के ज्येष्ठ मास की तृतीया के एक ही दिन हुआ था। इसलिए सभी हिंदी मास के अनुसार जन्मदिन मनाते है। आज सर्व प्रथम भगवान श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद महाराणा प्रताप, छत्रसाल जू देव, पृथ्वीराज चैहान एवम ललितपुर के क्षत्रिय समाज के स्तम्भ श्रद्धेय सुजान सिंह बुन्देला के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इसके बाद शशि राजा बुन्देला ने कहा कि हम अपने आराध्य महाराणा प्रताप का आज जन्मदिन मना रहे है। इनके के शौर्य की गाथा विश्व विख्यात है अतः हम सभी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए और महाराणा प्रताप की तरह हम कभी अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेंगे। अध्यक्षता कर रहे दरयाव सिंह परमार ने कहा कि हमे गर्व होना चाहिए कि छत्रसाल बुन्देला का ननिहाल हमारे जनपद के दैलवारा गांव में था। इनसे दुश्मन थर-थर कांपते थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समर सिंह परमार ने महाराजा महाराणा प्रताप के बारे में कहा कि राणा जी भाला कवज कुंडल एवम समस्त हथियारों के साथ युद्ध करते थे। उनका घोड़ा चेतक जो हाथी बनकर अकबर की सवारी हाथी से टक्कर मारकर युद्ध करते थे।

राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जेके सिंह तोमर ने कहा कि हमारे क्षत्रिय पूर्वजो ने इतिहास रचा है। प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष सोवरन सिंह बुन्देला ने कहा कि महाराजा छत्रसाल के बारे में एक दोहा प्रचलित है कि इत जमुना उत नर्वदा, इत चंबल उत टोस। छत्रसाल से लड ? की रही न काहू होस।।

अन्य वक्ताओं में भूपेंद्र सिंह तोमर पुष्पेंद्र सिंह बुन्देला, राजेन्द्र सिंह परमार, भगत राजा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दरयाव सिंह परमार, जे.के.सिंह तोमर, सोवरन सिंह बुन्देला, अजय प्रताप सिंह तोमर, चंद्रपाल सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह राठौड़, भगत राजा बुन्देला, भूपेंद्र सिंह तोमर, राजेन्द्र सिंह राजावत, भगवत सिंह बैस, अरविंद सिंह पार्षद, सम्राट सिंह बनाफर, रवि सेंगर सपना मेडिकल, महेंद्र सिंह परमार, बॉबी राजा, दीपू राजा बुन्देला, सम्राट सिंह बनाफर, राजेश्वरनन्द गिरीजी, करनी सेना जिला प्रभारी राजेन्द्र सिंह परमार, सत्यप्रताप सिंह परमार, पुष्पेंद्र सिंह वरदेही, पप्पू राजा, राजेन्द्र सिंह सिसौदिया झरावटा, उत्तम राजा बुन्देला, केशवेंद्र सिंह बुन्देला रानू राजा, आनंद सिंह जादौन, पुष्पेंद्र सिंह, बुन्देला, हरपाल सिंह चन्देल, रामराजा सिंह पवार, विजय विक्रम सिंह बुन्देला, नाती राजा, अरविंद सिंह सिसोदिया, अमर सिंह बुन्देला, देवेंद्र सिंह, भीष्म प्रताप सिंह बुन्देला, भूपेंद्र सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह परमार, अरविंद सिंह बुन्देला, ताहर सिंह पवार, पहलवान सिंह डोडिया, महेंद्र सिंह बुन्देला, सतेंद्र सिंह परमार, महेंद्र सिंह चैहान, यशपाल सिंह परमार, माधव राजा, सुनील सिंह गहलोत, डग्गी राजा, चाली राजा, हरेन्द्र प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह परमार, उदयप्रताप सिंह, संजय राजा, रवि राजा, हरनाम सिंह तोमर, चंचल राजा, संग्राम सिंह बुन्देला, दीपेंद्र सिंह बुन्देला, जयहिंद सिंह बुंदेला आदि उपस्थित रहे। संचालन भगवत सिंह बैस ने किया। अंत मे अजय प्रताप सिंह तोमर ने उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त किया।

जिले में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप, जांच और कार्रवाई की मांग

ललितपुर। जिले में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी दीनदयाल यादव ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर इस योजना के दुरुपयोग और अपात्र लोगों को आवास आवंटन में गड़बड़ी का खुलासा किया है। पत्र में डूडा विभाग पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसमें अपात्र लोगों को रिश्वत लेकर आवास आवंटित करने और स्टांप पेपर पर फर्जी बिक्री के जरिए

● डूडा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निषान

योजना का दुरुपयोग करने की बात कही गई है। दीनदयाल यादव ने अपने पत्र में बताया कि शहर के भीतर या बाहर किसी एक व्यक्ति के नाम पर मौजूद प्लॉट को 10 रुपये के स्टांप पेपर पर रिश्तेदारों, जैसे भाई-बहन, बेटा-बेटी, साले, जीजा, बहनोई, दादा-दादी आदि को बेचकर एक ही प्लॉट पर 5-5 लोगों को 300 वर्ग फीट जमीन का आवंटन किया जा रहा है। इसके एवज में अपात्र लोगों से 40 से 50 हजार रुपये लिए जा रहे हैं। इसके अलावा, फोटो खींचने के नाम पर 5 हजार, नगर पालिका से पास कराने के लिए 5 हजार और लेखपाल/अमीन से मंजूरी के लिए 10 हजार रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। यही नहीं, जिन लोगों के पास 20-20 एकड़ जमीन, ट्रैक्टर, फोर-व्हीलर, 10 किलोवाट बिजली कनेक्शन, एयर कंडीशनर, पक्के मकान, इंजीनियर, शिक्षक, वकील या सरकारी नौकरी जैसे संसाधन हैं, उनकी पत्नियों को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। दूसरी ओर, पात्र गरीब लोगों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य राज्यों के निवासियों को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।

पत्र में डूडा विभाग के कर्मचारियों और दलालों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। दीनदयाल ने दावा किया कि इन दलालों ने भ्रष्टाचार के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित की है, जिसमें 10-10 प्लॉट, रिहायशी मकान और फोर-व्हीलर शामिल हैं। उन्होंने मांग की है कि इन कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों की संपत्ति की जांच के लिए शपथपत्र लिया जाए और उनकी संपत्ति की विस्तृत जांच की जाए।

दीनदयाल ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि एक उच्चस्तरीय जांच टीम गठित कर इस घोटाले की गहन जांच की जाए। उन्होंने अपात्र लोगों को आवंटित आवासों को रद्द करने और उनसे रिकवरी करने की मांग की है। साथ ही, डूडा विभाग के कर्मचारियों और दलालों की संपत्ति की जांच कर इस मामले को उजागर करने की अपील की है। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यह घोटाला देश का सबसे बड़ा आवास घोटाला साबित हो सकता है। प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार

इस पत्र के बाद जिला प्रशासन और डूडा विभाग पर नजरें टिकी हैं। स्थानीय लोगों में इस मामले को लेकर गुस्सा और आक्रोश है, क्योंकि गरीबों के लिए शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना का दुरुपयोग उनके हक को छीन रहा है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही जांच शुरू हो सकती है। दीनदयाल के इस साहसिक कदम की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि सरकार इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई करेगी।

भाकियू ने विद्युत विभाग का कार्यालय घेरा



नगीना, बिजनौर। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की अनदेखी करने और समस्याओं के समाधान कराने में उपभोक्ताओं को परेशान करने से क्षुब्ध होकर भारतीय किसान यूनियन अनंत के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने विद्युत अधिशासी अभियंता नगीना कार्यालय का घेराव कर धरना दिया। उपभोक्ताओं की समस्याओं का तुरंत समाधान कराने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। भारतीय किसान यूनियन अनंत के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिला प्रभारी शेखर पाल एवं नगर अध्यक्ष बढ़ापुर नफीस अंसारी के नेतृत्व में बीते दिन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण कार्यालय नगीना पहुंचे और एसडीओ बढ़ापुर की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कार्यालय का घेराव करते हुए कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि एसडीओ बढ़ापुर विद्युत उपभोक्ताओं की परेशानी को नहीं सुनते हैं प्रार्थना पत्र देने के बाद उपभोक्ता विद्युत विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो जाता है जिससे नाराज होकर भाकियू अनंत कार्यकर्ता धरने पर बैठे। इसी दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अंबरीश कुमार धरना स्थल पर किसान कार्यकताओं के बीच पहुंचे और विद्युत विभाग से संबंधित सभी समस्याओं के समाधान समय से कराए जाने और के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। इस मौके पर नफीस, रफीक अहमद आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उभरते राष्ट्र की चुनौतियां

भारत एक लंबे समय तक अशिक्षा, बुनियादी संरचना, प्रौद्योगिकी और संसाधनों की कमी का शिकार रहा जिसके कारण आजादी के बाद जिस तरह विकास होना चाहिए वह नहीं हो सका। देश ने अर्थव्यवस्था का जो मॉडल विकसित किया वह अस्सी के दशक में ही ध्वस्त होने लगा था लेकिन 1990 तक आते-आते देश दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गया। यही वह प्रस्थान बिंदू था जहां अपने तथाकथित सरकारीकरण, लाइसेंस परमिट राज और समाजवाद को छोड़कर उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की राह पर बढ़ चला। नब्बे के बाद अनेक राजनीतिक बदलाव हुए, सरकारें बदलीं लेकिन मोटे तौर आर्थिक सुधारों को जारी रखा गया जिसका परिणाम है कि देश तेजी से प्रगति कर रहा है। आज भारत को भुगतान के लिए सोना गिरवीं नहीं रखना पड़ता बल्कि आरबीआई हर साल अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करता है। भुगतान संतुलन की अब कोई समस्या नहीं है बल्कि देश का फॉरेक्स रिजर्व 690 अरब डॉलर के आंकड़े पर है। कुल मिलाकर देश में बहुत चुनौतियां हैं लेकिन इन झंझावातों के बीच हम तेजी से आगे भी बढ़ रहे हैं और चौतरफा बढ़ रहे हैं। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज विकास कर रहे हैं, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी निवारण, बुनियादी विकास, सैन्य सशक्तीकरण जैसे तमाम क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। आजाद भारत ने शून्य से अपना सफर शुरू किया था, क्योंकि हम सुई तक का उत्पादन करने में असमर्थ थे। सात दशकों की यात्रा के बाद आज भारत हवाई जहाज भी बनाता है और विश्व की चौथी सबसे बड़ी घोषित अर्थव्यवस्था बन गया है। नयी अर्थव्यवस्था के कुछ पहलू, आयाम और अहम सवाल छूट गए थे, जिनका मूल्यांकन और विश्लेषण आज कर रहे हैं। नीति आयोग के मुताबिक, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 60 फीसदी हिस्सेदारी शहरों की है और 40 फीसदी योगदान ग्रामीण क्षेत्रों का है, लेकिन आज भी देश की 45-46 फीसदी कामकाजी आबादी खेती पर ही निर्भर है। उसकी आय का बुनियादी स्रोत खेती ही है, लेकिन जीडीपी में खेती का योगदान मात्र 16 फीसदी रह गया है, जो कभी 50 फीसदी होता था। देश का औसत किसान गरीब और कर्जदार है। तमाम वायदों के बावजूद देश में न तो किसान की आय बढ़ी है और न ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोई नियोजित प्रयास नजर आते हैं। जीडीपी में सबसे अधिक 53.66 फीसदी योगदान सर्विस सेक्टर का है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान करीब 31 फीसदी है। हालांकि 99 फीसदी से अधिक मोबाइल अब भारत में ही बनते हैं। करीब 300 फैक्टरियां काम कर रही हैं। इस संदर्भ में एप्पल और सैमसंग सरीखी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नाम उल्लेखनीय हैं, जिनके मोबाइल, आईफोन भारत में ही बन रहे हैं, लेकिन भारत अभी चीन की तरह मैन्यूफैक्चरिंग हब नहीं बन सका है। दुनिया की सर्वोच्च पांच अर्थव्यवस्थाओं में भारत में ही श्रम-बल का औसत सबसे कम है। महिला श्रम-बल का औसत 41.7 फीसदी है। दोनों लिंगों का औसत श्रम-बल भी करीब 42 फीसदी है। अर्थात शेष आबादी के पास काम नहीं है या वह बिल्कुल बेरोजगार है। नतीजा यह है कि देश में बेरोजगारी दर 4.9 फीसदी है, जो चीन के बाद (5.1 फीसदी) सर्वाधिक है। भारत में 15-29 वर्ष के आयु-वर्ग को सबसे उर्वर माना जाता है। वह देश की अर्थव्यवस्था का बुनियादी लाभांश है, लेकिन उस आयु-वर्ग में भी बेरोजगारी बहुत अधिक है। यह चिंतित करने वाला और संवेदनशील सवाल है। बेशक भारत आज मिसाइल, हेलीकॉप्टर और रक्षा-उपकरणों का इतना उत्पादन करने लगा है कि 50 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा है। यह सूची बढ़ती जा रही है, लिहाजा रक्षा-क्षेत्र से भारत का राजस्व भी बढ़ रहा है। आज देश में करीब 1.5 लाख वर्ग किलोमीटर का मजबूत, आधुनिक बुनियादी ढांचा है, जिसमें निरंतर विस्तार हो रहा है। देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़ कर 159 हो गई है। नये हवाई अड्डे भी निर्माणाधीन और योजनारत हैं। 2025 में देश में मेट्रो रेल नेटवर्क 1011 किलोमीटर का हो गया है। कुल मिलाकर जब देश के पास प्रगति के लिए सभी संसाधन मौजूद हैं तो हम दुनिया की तरह क्यों ताकें क्योंकि स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करें और चीन जैसे दुश्मन देशों से बड़ा आयात कर देश का पैसा और रोजगार दुश्मन के पास भेजें।

देश को स्वदेशी प्रौद्योगिकी संसाधन और युवा आबादी के सहारे सुनहरे विकास की कहानी को बढ़ाना चाहिए।

विचार

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

– हिलार्ड.

अमरीकी आइडिया को ध्वस्त कर रहे ट्रंप

लोकमित्र

हाल के अपने तमाम सनक भरे फैसलों की तरह अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियाभर में फैले अपने दूतावासों को नये छात्र वीजा इंटरव्यू पर तुरंत प्रतिबंध लगाने का मनमाना आदेश जारी किया है। इससे लाखों विदेशी छात्रों की तरह हजारों भारतीय छात्रों का भी 'स्टडी इन अमरीका' का सपना अधर में लटक गया है। एक अनुमान के मुताबिक इस साल लगभग 2 लाख 60 हजार के आसपास भारतीय छात्रों ने अमरीका में स्टडी वीजा के लिए अप्लायी किया था। अमेरिकी शैक्षिक संस्थानों में दो बार दाखिले होते हैं, पहला- दाखिला समर सीजन में होता है, जो मई से अगस्त तक होता है और दूसरा फॉल सीजन में जोकि सितंबर से नवंबर तक चलता है। अनुमान है कि समर सीजन के लिए अब तक 50 फीसदी से ज्यादा एडमिशन शुरू हो चुके हैं। इन छात्रों के वीजा इंटरव्यू काफी हद तक हो चुके हैं। लेकिन फॉल सीजन के लिए अभी बाकी हैं, लेकिन अब ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों के बीजा सोशल मीडिया प्रोफाइल की गहन जांच पड़ताल के बाद ही जारी करेगा। नये आदेशों से पहले शिड्यूल वीजा इंटरव्यू तो तय समय पर ही होंगे, लेकिन नये छात्र वीजा की तारीखें अब जल्द नहीं घोषित होने वाली। पिछले साल अमरीका में लगभग 3 लाख भारतीय छात्र पढ़ने गये थे, जो करीब 11 लाख विदेशी छात्रों में किसी एक देश की सबसे बड़ी संख्या थे। भारत के बाद दूसरे नंबर पर 2 लाख 77 हजार चीनी छात्र, जबकि तीसरे नंबर पर दक्षिण कोरिया के लगभग 43 हजार छात्र अमरीका पढ़ने गये थे।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विदेशी कभी भी अमेरिका के लिए बोझ नहीं रहे बल्कि उल्टा संसाधन माने गये हैं। विदेशी छात्र हमेशा से अमेरिकी अर्थव्यवस्था और अमरीकी समाज की बहुत बड़ी ताकत रहे हैं। ये न सिर्फ आर्थिक दृष्टि से बल्कि तकनीकी, सांस्कृतिक और अकादमिक नवाचार की दृष्टि से भी अमेरिका में अहम योगदान देते रहे हैं। 2023-24 में लगभग 11 लाख और 2022-23 में करीब 10 लाख विदेशी छात्र दुनिया के अलग अलग हिस्सों से अमरीका में पढ़ने के लिए आये थे। इन छात्रों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 38 से 40 बिलियन डॉलर तक का सीधा आर्थिक योगदान दिया था। इसमें इनकी ट्यूशन फीस, रहने खाने का खर्च, यात्रा, बीमा और अन्य खर्च शामिल रहे हैं। इससे सिर्फ अमरीका के शैक्षिक संस्थानों को ही नहीं बल्कि उन शहरों को भी जबर्दस्त आर्थिक फायदा होता रहा है, जहां ये शैक्षिक संस्थान स्थित हैं।

ट्रंप अमरीकी खूबियों और विचारों को नष्ट करने पर तुले हैं। अमरीका के लोकतंत्र समर्थक नागरिकों को यह बात गंभीरता से समझनी चाहिए और इसके विरुद्ध सड़कों पर उतरना चाहिए नहीं तो जो अमरीका सदियों में बना है, राष्ट्रपति ट्रंप उसकी खूबियां अगले महज कुछ सालों में चकनाचूर कर देंगे।

ट्रंप की तुगलकी नीति

विदेशी छात्र जिन अमरीकी शहरों में पढ़ते हैं, वहां रीयल एस्टेट, ट्रांसपोर्ट, रेस्टोरेंट तथा रिटेल जैसे सभी क्षेत्रों में बाकी शहरों से मांग ज्यादा रहती है। अमरीका के सरकारी विश्वविद्यालय और पब्लिक कॉलेज अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा विदेशी छात्रों द्वारा दी जाने वाली फीस से अर्जित करते हैं। अमरीकी शैक्षिक संस्थानों को विदेशी छात्रों से जो ट्यूशन फीस मिलती है, वह फीस अमरीकी छात्रों के मुकाबले कई गुना ज्यादा होती है। यह फीस अगर इन संस्थानों को न मिले, तो अमरीका के छोटे या ग्रामीण कॉलेजों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगे।

अपने मौजूदा टर्म के चुनाव प्रचार के दौरान अमरीका के मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद 'स्टेम' छात्रों को अमेरिका के लिए एसेट्स कहा था। वास्तव में ये स्टेम छात्र साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स जैसे विषयों में दाखिला लेने वाले विदेशी छात्र होते हैं। 2023 में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में अमरीका में जितनी पीएचड़ी हुई थीं, उनमें 70 प्रतिशत से ज्यादा पीएचडी विदेशी छात्रों ने की थी। इससे अमरीका की इनोवेशन और रिसर्च क्षमता को जबर्दस्त लाभ मिलता है। इससे अमरीका के मेडिकल क्षेत्र को बेहतरीन रिसर्च हासिल हो जाती हैं, अमरीका में इस समय जो दुनिया की टॉप टेक कंपनियां हैं जैसे- गूगल, माइक्रोसॉफ्ट ये सब इन्हीं विदेशी रिसर्च छात्रों की बदौलत हैं। यही नहीं एआई, बायोटेक और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में अगर आज अमरीका दुनिया का नेतृत्व कर रहा है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान विदेशी छात्रों का ही है। अमरीका में एक तिहाई से ज्यादा स्टार्टअप और रोजगार का सृजन भी यही एच-1 बी वीजा या ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) के तहत पढ़ाई के बाद काम करने वाले छात्रों द्वारा ही शुरू किये जाते हैं। अमेरिका की फॉर्च्यून फाइव हंड्रेड कंपनियों में 25 प्रतिशत से ज्यादा कंपनियों की स्थापना अप्रवासियों या उनके बच्चों ने की है। इससे पता चलता है कि अमरीकी अर्थव्यवस्था में विदेशी छात्रों का कितना अहम योगदान है।

यही नहीं जो छात्र अमरीका में पढ़कर अपने देश लौटते हैं, वे अपने साथ अमरीकी संस्कृति और अनुभव को लेकर भी जाते हैं। इस तरह पूरी दुनिया में अमरीका की सॉफ्ट पावर की कूटनीति भी कामयाबी से चलती है। अमरीका में पढ़ने वाले विदेशी छात्र अपने खुले विचारों, लोकतांत्रिक विशेषताओं और नवाचारी स्वभाव के कारण पूरी दुनिया में अमरीका की सॉफ्ट पावर का डंका बजाते हैं। इस तरह देखें तो विदेशी छात्र न सिर्फ अमरीका की अर्थव्यवस्था के बहुत बड़े संसाधन हैं बल्कि अमरीका के समूचे अस्तित्व की जान हैं। आज अगर अमरीका दुनिया में सुपरपावर है, तो सिर्फ अपनी मिलिट्री की बदौलत नहीं है, वह अमरीका की लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रेस की स्वतंत्रता और विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती व नागरिक अधिकारों की रक्षा के कारण है। यही अमरीका की ताकत है। ये वही मूल्य हैं, जिनके दम पर अमरीका दशकों से दुनिया की मॉरल ऑथरिटी बना हुआ है। लेकिन प्रेसिडेंट ट्रंप अपने सनकभरे स्वभाव के कारण इन अमरीकी खूबियों को नष्ट करने पर तुल गये हैं। आज अमरीका उन्हीं सब चीजों की विरोध की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो एक जमाने में उसकी ताकत होती थी और यह सिर्फ ट्रंप के राजनीतिक स्वभाव के चलते हुआ है। ट्रंप की राजनीति लोकतंत्र के इन्हीं सिद्धांतों पर नहीं बल्कि लोकप्रियतावाद, संकीर्ण राष्ट्रवाद और मैं ही देश हूं, जैसे अहंकारी सोच पर टिकी है।

ट्रंप आमतौर पर मीडिया को फेक न्यूज कहते हैं, अपने विरोधियों को देशद्रोही होने का तमगा देते हैं और चुनाव परिणामों को चोरी बताते हैं। क्योंकि वे अमरीका के लोकतंत्र को मजबूत करने वाली इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपने नियंत्रण में लाना चाहते हैं। यही कारण है कि साल 2020 में जब वह चुनाव हार गये थे, तो हारने के नतीजे को मानने से इंकार कर दिया था और बड़े आक्रामक ढंग से यह झूठ फैलाया था कि उनका चुनाव चोरी हो गया। ये लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ बहुत बड़े खतरे का संकेत था और इस संकेत में इसका नतीजा भी दिखाया जब 6 जनवरी 2021 को ट्रंप समर्थकों ने अमेरिकी संसद 'कैपिटल' पर हमला कर दिया। यह अमरीका के राजनीतिक इतिहास की सबसे बड़ी धृष्टता थी। ट्रंप सब कुछ अपनी मुट्ठी में कैद करने की इच्छा के शिकार हैं। वे अमरीका के राजनीतिक इतिहास के सबसे स्ट्रांग मैन बनना चाहते हैं, इसलिए उनका स्वभाव रूस के राष्ट्रपति पुतिन और तुर्की के एर्दोगॉन से मिलता जुलता है। ट्रंप स्ट्रांग मैन की अपनी छवि हासिल करके अमरीका की सत्ता पर पूरी तरह से कब्जा करना चाहते हें ताकि उनकी मर्जी के बिना अमरीका में पत्ता भी न हिले, इससे उनका अपना इगो तो संतुष्ट हो जायेगा, लेकिन अमरीका की जो लोकतांत्रिक खूबियां रही हैं, जिनके कारण अमरीका विश्व में सुपरपावर रहा है, वे सारी खूबियां नष्ट हो जाएंगी।

सोशल मीडिया

आज उस महापुरुष की पुण्यतिथि है जिसके राजनीति का केंद्र खेत, खलिहान और किसान थे। चौ. चरण सिंह जी देश का ऐसा नाम जिसने गांव की गूंज सत्ता तक पहुंचायी। शिवपाल सिंह.

पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया है कि अगर भारत पर आतंकी हमला हुआ तो, दुश्मन को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। केशवप्रसाद मौर्य.

विरासत एवं विकास के जिस अद्भुत कार्यक्रम को लेकर आदरणीय पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी चले हैं, आज वह भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिला रहा है। सीएम योगी.

विचारों का प्रभाव

अंतर्दृष्टि

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

जनता को भोजन की गारंटी!

व्यंग्यलोक

सरकार की ओर से देश की अस्सी करोड़ जनता को दी गई भोजन की गारंटी से मैं आश्वस्त हूँ और मैं खुले आम कहता हूँ कि मेरा वोट व सपोर्ट सरकार को रहेगा। परन्तु मेरा बी.पी.एल. पड़ोसी रामभरोसे पहले से ज्यादा बैचेन हो गया है। इस घोषणा के बाद सीधा मेरे पास आया और बोला- 'शर्माजी, यह भोजन का मतलब क्या होता है?' मैंने कहा- 'रामभरोसे भोजन करते-करते चालीस साल के हो गये, और मतलब मुझसे पूछ रहे हो। भोजन का मतलब दाल, भात, चपाती और सब्जी से है। फिर तुम तो 2 रुपये किलो का गेहूँ और 3 रुपये किलो का चावल खाओगे तो हाजमा एकदम दुरूस्त हो जायेगा।'

रामभरोसे बोला-'महंगाई को पहचानते हैं साहब। खाना पकाने की गैस और दाल-सब्जियों के भाव आसमान को छू रहे हैं। ऐसे में क्या मैं आपका बताया भोजन कर सकता हूँ? क्या गुलाब जामुन मैं नहीं खा सकता?' मैं बोला- 'तुम्हारी बात में दम है रामभरोसे। लेकिन मेरा कहना है कि भोजन भले कर लेना, परन्तु गुलाब जामुन मत खाना। गुलाब जामुन नियमित खाने से मेरे शुगर हो गई है। रोज दवा लेता हूँ, तब भी कंट्रोल नहीं हो रही। इसलिए मेरे भाई सरकार के चुनावी वर्ष की लाज रखले और जो सुविधाएँ मिल रही हैं, उन्हें सहर्ष स्वीकार कर ले और अपना अमूल्य वोट अब तो समूल्य दे दे। कल हो सकता है सरकार तेरे दोनों वक्त के भोजन का टिफिन तेरे घर ही पहुंचाने की घोषणा कर दे। पता नहीं चुनाव घोषणा-पत्र आयेगा तो किस-किस बात की गारंटी दी जायेगी।' 'रहने दो साहब, खामख्वाह सरकार की तारीफें कर रहे हैं। यह सब जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। उत्तराखण्ड की तबाही देखी, क्या गारंटी दी सरकार ने, उल्टे हजारों लोग बेमौत मर गये। क्या सुरक्षा की गारंटी सरकार का दायित्व नहीं है?' रामभरोसे अभी तक संतुष्ट नहीं था। मैं बोला- 'यार रामभरोसे, अब कम से कम कोई भूखा तो नहीं सोयेगा। विरोधियों ने भोजन की गारंटी में टांग अड़ाई तो वह अध्यादेश लाकर तुम्हें भोजन की गारंटी दे रही है लाला। इतनी नाराजगी ठीक नहीं। मुफ्त दवा, मुफ्त जांचे, सीधे बैंक खाते में सब्सिडी, लैपटॉप व साईकिलें बंट रही हैं और चाहते क्या हो? मैं समझ रहा हूँ तुम गुलाब जामुन खाना चाहते हो, कोठी, बंगला, कार और ऐश की जिंदगी चाहते हो। वह भी हो जायेगा। लेकिन थोड़ा धैर्य रखो। हमारा रूपया डॉलर के सामने पस्त पड़ा है। ज्यादा अपेक्षा करोगे तो वाकई कच्चा गेहूँ-चावल चाबाओगे, इसलिए मेरे भाई, सरकार पर भरोसा कर। मुझे देख इनकम टैक्स देकर महिने के बचे धन से धक्का लगाता हूँ।

पूरन सरमा

शुभमन गिल के साथ शुरू होगा टेस्ट का नया युग

खेल जगत

सारिम अन्ना

रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में बतौर कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टीम का अच्छा नेतृत्व किया था और ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पर्थ में शानदार टेस्ट जीत भी दिलायी थी। बुमराह नियमित कप्तान बनने के इच्छुक भी थे, लेकिन उनका बार बार चोटिल हो जाना उनके विरोध में गया, विशेषकर इसलिए कि चयनकर्ताओं को लगता है कि बुमराह का शरीर उन्हें श्रृंखला के सभी पांच टेस्टों में हिस्सा नहीं लेने देगा। अतः शुभम गिल को अधिकारिक तौर पर नया टेस्ट कप्तान घोषित कर दिया गया और उनके नायाब विकेटकीपर-बैटर ऋषभ पंत होंगे। भारत आगामी 20 जून 2025 से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पांच टेस्टों की श्रृंखला आरंभ करेगा। यह दौरा इस युवा नेतृत्व के लिए अग्निपरीक्षा से कम न होगा। आयु के लिहाज से गिल भारत के पांचवें सबसे युवा कप्तान हैं, मंसूर अली खान पटौदी (21), सचिन तेंदुलकर (23), कपिल देव (24) व रवि शास्त्री (25) के बाद। गिल 25 साल के हैं।

बिशन सिंह बेदी के बाद गिल पंजाब के दूसरे क्रिकेटर हैं, जिन्हें भारत की सीनियर टीम का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। गिल को कप्तानी का अधिक अनुभव नहीं है। उन्होंने जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के विरुद्ध 5 टी-20 मैचों में कप्तानी की थी, जिस सीरीज को भारत ने 4-1 से जीता था। उन्होंने पांच फर्स्ट क्लास मैचों में भी कप्तानी की है, जिनमें 1 जीत, 2 ड्रा व 2 हार मिलीं। गिल ने दिलीप ट्राफी के तीन मैचों में नेतृत्व किया 2 ड्रा (2019-20) रहे व 1 में हार (2024-25) मिली। उन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ कर्यवत्तोम में भारत ए का नेतृत्व करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। रणजी ट्राफी (2025) में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब का नेतृत्व करते हुए हार का सामना करना पड़ा। इस लेख के लिखे जाने तक गिल ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस का 25 बार नेतृत्व किया है, जिनमें 14 जीत व 11 हार हैं यानी विजयी प्रतिशत 56 है। लगभग 15 माह पहले तक गिल की टेस्ट में जगह पक्की न थी, कप्तानी का उन्हें अधिक अनुभव न था और अब भी उनका 32 टेस्टों में औसत मात्र 35.05 है। इस पर उन्हें कम उम्र में नई टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में नेतृत्व की जिम्मेदारी दे दी गई और बिलियन से अधिक भारतीय उनसे उम्मीद लगाये हुए हैं कि पहली दो टेस्ट चैंपियनशिप में जो कारनामा विराट कोहली व रोहित शर्मा नहीं कर पाये फाइनल में पहुंचने के बाद, वह चौथी साइकिल में शायद गिल कर दिखाएं यानी चैंपियनशिप मेस (गदा) उठा लें। भारत तीसरी साइकिल के फाइनल में पहुंचने से वंचित रहा, जिसका फाइनल ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। भारत की चैथी साइकिल इंग्लैंड दौरे से आरंभ हो रही है। एक टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल 2 साल तक चलती है।

इस पृष्ठभूमि में यह प्रश्न प्रासंगिक है कि गिल को सही समय पर कप्तान बनाया गया है या बहुत जल्दी कप्तान बना दिया गया है? आयु व अनुभव के एतबार से इस सवाल का जवाब देना कठिन है। पटौदी मात्र 21 वर्ष की उम्र में भारत के कप्तान बने और उन्हें नेतृत्व करने के लिहाज से देश का सर्वकालिक श्रेष्ठ कप्तान समझा जाता है। इसके विपरीत सचिन तेंदुलकर भी मात्र 23 वर्ष की आयु में कप्तान बने, बल्लेबाजी में डॉन ब्रैडमैन के समतुल्य साबित हुए, लेकिन बतौर कप्तान कुछ खास न कर सके। बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि गिल पर जबरदस्त दबाव होगा न केवल कप्तान के रूप में बल्कि बैटर के रूप में और उनसे उम्मीद की जायेगी कि वह विराट कोहली की तरह प्रदर्शन करें, जो टेस्ट जीत के हिसाब से भारत के अब तक के सबसे सफल कप्तान हैं और कप्तान रहते हुए उन्होंने प्रभावी बल्लेबाजी भी की।

दरअसल, गिल को कप्तान बनाये जाने पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। पिछले साल जून में टी-20 विश्व कप के दौरान गिल तो टीम में भी नहीं थे बल्कि ट्रेवलिंग रिजर्व थे, लेकिन तब बीसीसीआई सूत्रों का कहना था, गिल को भविष्य में भारत के कप्तान के रूप में देखा जा रहा है। इसका पहला संकेत विश्व कप के तुरंत बाद मिला जब गिल को जिम्बाब्वे के टी-20 दौरे का कप्तान बनाया गया। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता सलिल अंकोला का कहना है, भारत की टेस्ट कप्तानी के लिए गिल सबसे अच्छा चयन हैं। वह युवा हैं, गतिशील हैं और आगे बढ़ने के लिए विश्वास से भरे हुए हैं। मानसिक तौरपर उनका उचित दृष्टिकोण है।

आप की बात

नियमों का करें पालन

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.

बेरोजगारी चिंताजनक

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

दबंगई के बल पर बैनामे की जमीन पर कब्जे का प्रयास

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गौहनियां गांव में दबंगई के बल पर पुराने बैनामे की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया गया। पीड़ित राम प्रताप पुत्र रामदयाल ने वर्ष 1976 में झुरई एवं रामचंदर से उक्त जमीन का रजिस्टर्ड बैनामा लिया था, जिसके बाद उन्होंने चारों ओर से बाउंड्री बनाकर कब्जा सुरक्षित कर लिया था। आरोप है कि 28 मई 2025 की रात विपक्षी संजय वर्मा पुत्र रामसूरत, निवासी पुरैनी देवरिया, ने अपने साथियों के साथ मिलकर घेराबंदी करके जेसीबी द्वारा दीवार गिरा दी और जबरन कब्जे का प्रयास किया।

सूचना मिलते ही जब राम प्रताप के परिजनों ने मौके पर पहुंचे तो स्थिति तनावपूर्ण हो गया। घटना की जानकारी पीड़ित ने डायल 112 और 1076 पर दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही फोर्स भेज अवैध कब्जे को रोकवा दिया और एक वाहन को सीज किया गया, और दोनों पक्षों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

कार डिवाइडर से टकरायी, 4 लोग घायल

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 330 ए पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें ड्राइवर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कुमारगंज थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर के पास विद्युत उपकेंद्र के सामने रात करीब 12:30 बजे हुआ। घायलों को स्थानीय लोगों और कृषि विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्डों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद कार से निकाला गया और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली से बिहार जा रही कार (पंजीकरण संख्याः एचआर 38 एएच 9398) हलियापुर की ओर से अयोध्या की दिशा में जा रही थी। ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए, जिनकी पहचान शाहिद खान (40 वर्ष, पुत्र सैदुल्ला), कामरान (30 वर्ष, पुत्र प्राप्त), सुल्ताना (38 वर्ष, पत्नी शाहिद खान), और ऐरम (पुत्री शाहिद खान) निवासी दिल्ली के रूप में हुई, जो परिवार सहित बिहार जा रहे थे। स्थानीय लोगों और कृषि विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्डों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को कार से निकाला और अपने निजी वाहनों से नजदीकी सौ शैय्या चिकित्सालय, कुमारगंज पहुंचाया। बताया जा रहा है कि एनएचएआई की एंबुलेंस समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी, जिसके कारण स्थानीय लोगों को स्वयं व्यवस्था करनी पड़ी। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. अनमोल पाठक ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। प्रारंभिक जांच में शाहिद खान और कामरान के सिर और सीने में गंभीर चोटें पाई गईं, जिसके कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुल्ताना और ऐरम को भी चोटें आई हैं, लेकिन उनकी स्थिति की गंभीरता के बारे में अभी और जानकारी नहीं मिल सकी है। यह हादसा एक बार फिर रात के समय ड्राइविंग के दौरान नींद की झपकी के खतरे को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई की एंबुलेंस सेवाओं की समयबद्धता पर भी सवाल उठाए हैं। आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

बैंक ऑफ इंडिया की नयी शाखा का हुआ उद्घाटन

अयोध्या। शहर के देवकाली शाखा (गोरखपुर अंचल) बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का भव्य उद्घाटन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर लखनऊ महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार व सम्मानित अतिथि आंचलिक प्रबंधक गोरखपुर अंचल वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। वही बैंक ऑफ इंडिया देवकाली की शाखा की प्रबंधक श्रीमती प्राची केशरी ने आए हुए अतिथियों का बुके देखकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गई। इस दौरान आए हुए अतिथियों ने अपने उद्बोधन से बैंक के बारे में जानकारी साझा की। शाखा प्रबंधक प्राची केशरी ने कहा महाप्रबंधक श्री अमरेंद्र कुमार और आंचलिक प्रबंधक गोरखपुर अंचल वीरेंद्र कुमार गुप्ता जी के कर कमलो द्वारा उद्घाटन किया गया है।

आज का दिन उद्घाटन का नहीं है एक आशा और विश्वास का दिन है मुझे ऐसा लगता है कि अगर हमारे ग्राहको और हमारे लोगों का विश्वास हमारे साथ है तो कोई भी चीज नामुमकिन नहीं है हमें लगता है कि हम जरूर अच्छा करेंगे और हमारे ग्राहको व क्षेत्र के बंधुओ को हर तरह की सुविधा देंगे। उन्होंने कहा हमारे पास बहुत से प्रोडक्ट है।

हाकी लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दिया प्रमाण पत्र

बाराबंकी। के0डी सिंह बाबू स्टेडियम में बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन द्वारा हॉकी लीग प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे देवा मेला कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्यो चैधरी फैज महमूद, महबूब उर रहमान किदवई, सानिध्य बलि, रानी मूर्णालिनी सिंह द्वारा खिलाड़ियो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य राजा संजय बलि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद की पहचान हॉकी और के0डी सिंह बाबू से है। जनपद के खून में हॉकी बसती है। हॉकी सीजन शुरू ही देवा मेला हॉकी टूनार्मेंट से होता है। सदस्य तालिब नजीब कोकब ने कहा कि अबकी बार मेला कमेटी में शामिल होने वाले सभी सदस्य नव जवान है। जिससे उनको लगता है कि इस बार मेले में ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम मे बाराबंकी हाकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज खां ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यो को फूल माला और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा, मेला कमेटी सदस्य फवाद किदवई, चैधरी अशीर अशरफ, संदीप सिन्हा, डॉ फर्रुख, हुमायूं नईम खान, अंजू अवस्थी, चंदा रानी, जमीरुल हसन फजल इनाम मदनी, क्रिकेट सचिव डॉ0 जावेद आदि मौजूद रहे।

पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। भेलसर टिकैतनगर मार्ग के सरायबरई में दर्दनाक सड़क हादसा मे 45 वर्षीय शिव बहादुर की दर्दनाक मौत हो गई। टिकैतनगर से भेलसर की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप यू0पी 42 सीटी 2425 ने सराय बरई पेट्रोल पंप के निकट बाइक सवार शिव बहादुर को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाकाई पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे सुखीपुर प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने घायल को टिकैतनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। सुखीपुर प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक के परिजन की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

गुरुद्वारा नजरबाग में रक्तदान शिविर व छबील सेवा आज

अयोध्या। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक गोविंदधाम नजरबाग अयोध्याधाम में शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर एवं छबील (ठंडे शरबत) की सेवा का आयोजन किया गया है। अवसर सिख धर्म के पंचम गुरु अर्जन देव महाराज के महान शहीदी दिवस का है। जो नजरबाग गुरुद्वारा में निष्ठा और श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। यह कार्यक्रम खालसा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित व भारतीय सेना को समर्पित है। इस अवसर पर गुरुद्वारा नजरबाग के मुख्य प्रबंधक संत बाबा महिंदर सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु अर्जन देव महाराज का महान शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। गुरु के महान शहीदी दिवस पर नजरबाग गुरुद्वारा प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर एवं छबील (ठंडे शरबत) की सेवा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव महाराज सिखों के पांचवें गुरु थे। जो शहीदों के सरताज एवं शान्तिपुंज हैं। आध्यात्मिक जगत में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उन्हें ब्रह्मज्ञानी भी कहा जाता है। महान शहादत दिवस पर गुरु अर्जन देव महाराज को नमन है। उनके किए गए योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। वहीं नजरबाग गुरुद्वारा के सेवादार नवनीत सिंह नीशु ने बताया कि सिख धर्म के पांचवे गुरु अर्जन देव महाराज के महान शहीदी दिवस पर 30 मई दिन शुक्रवार को गुरुद्वारा में सुबह 11 बजे से विशाल रक्तदान शिविर और छबील सेवा का आयोजन किया गया है। जो देर शाम तक चलेगा। यह गुरुद्वारा नजरबाग का परंपरागत कार्यक्रम है। जो प्रतिवर्ष मनाया जाता है। जिसके सहयोगी समूह साध संगत व सेवादार अयोध्या-फैजाबाद हैं। कार्यक्रम से संबंधित लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

साहित्यकार कल्याण कोष के तहत साहित्यकारों से मांगे गये प्रस्ताव

बहराइच। साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत विषम आर्थिक स्थितिग्रस्त साहित्यकारों को जिनकी वार्षिक आय (समस्त स्त्रोतों से) रुपये पांच लाख तक है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। उन्हें अधिकतम रुपये पचास हजार तक अनावर्तक चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं।

आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र एवं चिकित्सक का प्रमाण-पत्र तथा दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

संतों संग मुख्यमंत्री से मिले महापौर, की अयोध्या के उत्सवों पर चर्चा

जिला संवाददाता

अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अयोध्या के आगामी धार्मिक उत्सवों को और भव्य बनाने पर चर्चा की और तेजी से हो रहे विकास को लेकर आभार जताया। बुधवार की शाम मुख्यमंत्री से पांच कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित आवास पर महापौर ने मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ अयोध्या के प्रतिष्ठित संत महंत शशिकांत दास, महंत मनीष दास, महंत मिथिला बिहारी दास जी भी थे।

संतों ने मुख्यमंत्री को भगवान राम की प्रतिमा भेंट कर उनके यशस्वी होने की कामना की। इसके साथ ही अयोध्या की विकास के लिए सरकार के स्तर से तेजी से किए जा रहे प्रयास को लेकर आभार जताया। संतों ने अयोध्या की धार्मिक आभा के अनुरूप विकास किए जाने को लेकर राज्य सरकार की सराहना की।

इस दौरान अयोध्या में होने वाले सावन झूला मेला समेत अन्य पर्वों को सांस्कृतिक दृष्टि से और बेहतर ढंग से मनाए जाने को लेकर सुझाव दिए। महंत मिथिला बिहारी दास ने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात बहुत अच्छी रही। इसके जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। मेयर ने अयोध्या नगर निगम की प्रस्तावित परियोजनाओं और चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी और विकास कार्यों के लिए धन आवंटन की मांग की। इसके अलावा अयोध्याधाम की जल निकासी योजना, सीवर लाइन के विस्तारीकरण, नालों के निर्माण कार्य, अयोध्या कैंट की गलियों के निर्माण के लिए प्रस्तावित योजनाओं के विशेष तौर आशानुरूप बजट उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

वीर जवानो के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

जैदपुर, बाराबंकी। भारतीय सेना के अद्भुत साहस और पराक्रम का अद्वितीय परिचय देने वाले ऑपरेशन सिंदूर की अविस्मरणीय सफलता व वीर जवानों के सम्मान में भाजपा पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत एंव भाजपा नेत्री उर्मिला सिंह रावत ने नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का जगह-जगह देशभक्तो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज से प्रारम्भ होकर थाना चैराहा, मुख्य बाजार, पानी की टंकी के पास जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर आशुतोष अवस्थी, राजकुमार सोनी, जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ शिव स्वामी वर्मा, नीरज वर्मा, प्रेम प्रकाश द्विवेदी, संजय अवस्थी, सरिता वर्मा, अरुण वर्मा, रंजीत वर्मा, दिनेश चंद्र रावत, रामकिशोर रावत, रामचंद्र रावत, आशीष द्विवेदी, दीपक निगम आदि मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

बहराइच। प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 30 मई 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 30 मई 2025 को पूर्वान्ह 10:30 बजे सांवरिया रिसार्ट बहराइच में रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तदोपरान्त नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा फल व सब्जी के ठेले को स्थान देने हेतु रू. 35 लाख की लागत से बने वेंडिंग जोन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मा. मंत्री श्री शाही अपरान्ह 01:00 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 03:15 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच आकर अपरान्ह 04:00 बजे जनपद देवरिया के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन आज

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जमाल सिद्दीकी का 30 मई 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री सिद्दीकी अपरान्ह 02:30 बजे बहराइच दरगाह शरीफ पहुंचकर जुमे की नमाज में शामिल होंगे तथा मजार शरीफ पर चादर पेश कर अपरान्ह 05:00 लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वाणिज्य बंधु बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने शहर में जिन मार्गों पर वन-वे व्यवस्था लागू की गई है। वहां उसका कठोरता से अनुपालन

- व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं का किया जायेगा त्वरित समाधानः शशांक

सुनिश्चित कराने, निजी अस्पतालों को चिन्हित कर पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध नहीं मिलने पर नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही करने, किसी भी कस्बे व अन्य स्थानो पर सड़कों पर साप्ताहिक बाजार नहीं लगने, ई-रिक्शा संचालन हेतु निश्चित रूट निर्धारित तथा कलर कोडिंग प्रणाली लागू व किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ई-रिक्शा का संचालन न होने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक मे परिवहन विभाग द्वारा विगत माह में चलाए गए अभियान के अंतर्गत कुल 990 ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्यवाही तथा 218 वाहनों को सीज के साथ ही 14 अपंजीकृत ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जानकारी दी गई। बैठक मे जिलाधिकारी ने शहर की मालगोदाम रोड पर विकसित किए जा रहे बेंडिंग जोन को शीघ्र संचालन में लाने, असंगठित रूप से सड़कों पर लगने वाले ठेले व फेरीवालों को नियोजित स्थान उपलब्ध कराने गर्मी के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ बनाए रख ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, ई0ओ0 नगर पालिका परिषद संजय शुक्ला समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। व्यापारियों ने की जिलाधिकारी द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही की सराहनाछाया चैराहे पर लगने वाली लेबर मंडी को नगर पालिका की पार्किंग स्थल पर स्थानांतरित किए जाने के निर्णय पर व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी का आभार प्रकट किया। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के त्वरित एवं प्रभावी निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि इससे बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हुई और आमजन को भी सुविधा मिली है।

जीरो पॉवर्टी लाइन में सूचीबद्ध शत-प्रतिशत लाभार्थियों का बनायें गोल्डेन कार्डः डीएम

जिला संवाददाता

बहराइच। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या पर संतोष व्यक्त करते हुए माह अप्रैल में संचालित कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की।

आयुष्मान भारत के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माह मई में अभियान चलाकर 7568 कार्ड बनाये गये। प्रदेश में माह मई में गोल्डेन कार्ड बनाने में छठा एवं मण्डल में प्रथम स्थान है। गोल्डेन कार्ड की प्रगति में अपेक्षित सुधार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डीएम ने पात्र व्यक्तियों के निरन्तर कार्ड बनाये जाने का निर्देश दिया। साथ ही जीरो पावर्टी लाइन में सूचीबद्ध लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने का निर्देश दिया।

नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान निरन्तर प्रगति बनाने एवं शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण कराने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही बाढ़ प्रभावित विकास खण्डों में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण एवं अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। 102/108 राष्ट्रीय एम्बुलेन्स सेवा की समीक्षा में सभी एम्बुलेन्स की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस की समीक्षा में निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड परीक्षण हेतु ई-रूपी वाउचर हेतु जनपद के 58 अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर में से मात्र 27 अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर का पंजीकरण होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त 58 सेन्टरों को इस योजना अन्तर्गत रजिस्टर्ड करने हेतु निर्देशित किया। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिक से अधिक संभावित लक्षणयुक्त मरीजों की जांच करने एवं समय से दवाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। पोषण हेतु इलाज के दौरान मिलने वाली रू. 1000=00 की धनराशि माह मई में न भेजे जाने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए 01 सप्ताह में नियत धनराशि लाभार्थियों के खातों में हस्तान्तरित करने का निर्देश दिया। एफ.आर.यू. की समीक्षा के दौरान माह मई में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए समस्त सुविधाएं चाक चैबन्द रखने का निर्देश दिया।

हेल्थ ए.टी.एम. की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हेल्थ ए.टी.एम. सुचारू रूप से क्रियान्वित नहीं हैं। डीएम ने इन्हें तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया एवं समय से ठीक न करने की दशा में सम्बन्धित कम्पनी के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा जांच हेतु स्ट्रीप की उपलब्धता बनाये रखने का निर्देश दिया। वी.एच.एस.एन.डी. दिवस पर अधिकतर सत्रों पर वजन मशीन, इन्फेन्ट्रोमीटर की अनउपलब्धता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के माध्यम से उपकरण क्रय करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सत्र के अवसर पर सभी आवश्यक लाजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय। इसके साथ कुष्ठ रोग अभियान, आर.बी.एस.के., जननी सुरक्षा योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डॉ संजय शर्मा, सीएमएस एम.एम. पाण्डेय, डीपीएम सरजू खां, डीपीओ राज कपूर, बीएसए आशीष कुमार, डीएचआईओ बृजेश सिंह, क्षयरोग अधिकारी एम.एल. वर्मा, एमओवाईसी सहित विभिन्न कार्यक्रमों के चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम, बैम, मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह

बाराबंकी। भारत रत्न, किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की 38वी पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा की अध्यक्षता में लखपेड़ाबाग स्थित जिला कार्यालय पर श्रद्धाजंलि सभा एंव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी मे जिलाध्यक्ष श्री वर्मा ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये चैधरी साहब द्वारा किए गए कार्यों व नीतियों पर विचार रखे। तथा उनके मार्गदर्शन पर चलने का कार्यकताओं को संकल्प दिलाया। इसके उपरान्त उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी दिलीप वर्मा, महासचिव रामसमुझ यादव, कैलाश चंद्र वर्मा, अवध राम, बृजेश वर्मा, परशुराम सिंह सचिव, इशरत अली, शत्रोहन लाल यादव आदि मौजूद रहे।

छोटी बेरिया सरोवर के सौन्दर्यीकरण का सांसद ने किया लोकार्पण

जिला संवाददाता

बहराइच। शहर में पुलिस लाइन स्थित छोटी बेरिया समय माता मंदिर परिसर में बनें लोकमाता अहिल्या बाई होलकर स्मृति सरोवर के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण मुख्य अतिथि सांसद डा.आनन्द गौड ने किया। नगर पालिका परिषद द्वारा कराए गए सरोवर के सौन्दर्यीकरण के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक अनुपमा जायसवाल, एमएलसी पदमसेन चौधरी, एमएलसी डा.प्रज्ञा त्रिपाठी भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सुधा टेकडीवाल व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करण टेकडीवाल व सभासद रायपुर राजा उमा सिंह व पालिकॉ अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर स्मृति सरोवर सौंदर्यीकरण के लोकार्पण अवसर पर सांसद श्री गौड ने कहा कि कुछ वर्ष पहले यहां कच्चा तालाब था। बाद में इसे पक्का सरोवर बनाया गया। इस स्थल के सौन्दर्यीकरण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा काफी दिनों से की जा रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद द्वारा पिछले दो सालों में पर्यटक को लेकर कई जगहों का सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया है। इसके साथ ही मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। पालिका अध्यक्ष श्रीमती टेकडीवाल ने कहा कि छोटी बेरिया समय माता मंदिर के सरोवर पर छठ मइया के पूजन के मेला लगता है। खासक्षकर पूर्वांचल के स्थानीय निवासी यहां पर पूजा अर्चना करते हैं उन्हें इस सरोवर से बहुत सुविधा मिलेगी। देवी ने बताया कि पचास लाख की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया है।

अयोध्या में 65 बस चालक भर्ती, प्रशिक्षण के लिए कानपुर भेजे जायेंगे

अयोध्या। परिवहन निगम अयोध्या डिपो में चालकों की कमी से अब बसे निरस्त नहीं करनी पडढ़ेगी, क्योंकि अयोध्या डिपो में चालकों की कमी को पूरा करने के लिए संविदा पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। अभी तक 65 चालकों की भर्ती हो चुकी है। चालकों को द्वितीय टेस्ट (प्रशिक्षण) के लिए कानपुर भेजने की तैयारी है, हालांकि अभी संविदा चालकों की भर्ती कैम्प जारी रहेगी। परिवहन निगम में चालकों की कमी से बसों को निरस्त करना पड़ता था और रोडवेज को आर्थिक क्षेति भी उठानी पड़ती थी, लेकिन चालकों की कमी को पूरा करने के लिए परिवहन निगम मुख्यालय के निर्देश पर जिले में ब्लाकवार प्रत्येक बुधवार को कैम्प लगाकर भर्ती की जा रही है। बुधवार को मसौधा ब्लाक पर भर्ती कैम्प आयोजित किया गया। कुल 23 अभ्यर्थियों ने चालक पर भर्ती के लिए आवेदन किया। इसमें दो की लंबाई कम, एक के जन्मतिथि प्रमाणपत्र और आधार कार्ड में मिस मैच एवं दो अधिक आयु तथा तीन पंजीकृत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसलिए कुल 15 अभ्यर्थियों का संविदा चालक पद पर चयन हो सका। अब चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए कानपुर भेजा जाएगा। संविदा चालकों के भर्ती के लिए कैम्प में एआरएम आदित्य प्रकाश, स्टेशन इंचार्ज वीके मिश्र, कार्यालय सहायक राम प्रकाश व जूनियर फोरमैन मनोज वर्मा शामिल रहे। भर्ती कैम्प पूर्वान्ह 11 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया गया।

फिटनेस फेल पर 1 डग्गामार बस समेत 4 अन्य वाहन एआरटीओ ने किये सीज

बाराबंकी। बिना फिटनेस सवारिया ढ़ोने वाली अनाधिकृत डग्गामार वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग ने संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पत्रावलियो की जांच करते हुये फिटनेस फेल मिलने पर 1 डग्गामार बस समेत 4 अन्य वाहनो को सीज किया गया।

अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस के लखनऊ से संतकबीरनगर जा रही बस यू0पी 32 टीएन 5111 को नवीन बस अडडे पर बंद किया गया। इसके साथ ही अन्य अभियोगो मे 4 वाहनो को भी सीज किया गया।

बिजली कर्मचारियो का अनिश्चित कालीन धरना स्थगित



बाराबंकी। जनपद में विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा/निविदा कर्मचारियों को बीती 29 अप्रैल की रात मनमाने ढंग से 1 मई 2025 को हटाये जाने के विरोध मे बीती 5 मई से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति एंव बिजली कर्मचारी संघ द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयास के बाद संघ महामंत्री महेन्द्र राय द्वारा दिये आश्वासन एवं अधीक्षण अभियन्ता का कर्मचारियों को पुनः बहाली हेतु अपने स्तर से कार्यवाही किये जाने को लेकर बिजली निविदा कर्मचारियो द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया। इस मौके पर निशात मिश्रा, मुकेश कुमार शर्मा, अनिकेत वर्मा, आशीष कुमार, लालजी वर्मा, अमरेश शर्मा, मूलचन्द्र चैहान, अविनाश वर्मा, शिव कुमार, रोहित कुमार, रंजीत वर्मा मौजूद रहे।

संक्षेप

दहेज उत्पीड़न मामले में चार पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पति सहित चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के कमराया गांव की शिल्पा पत्नी विकास की शादी 4 जून 2023 को हिंदू रीति रिवाज से विकास के साथ हुई थी। शादी के दौरान अपनी हैसियत के मुताबिक मायके वालों ने दहेज दिया था। आरोप है कि जब वह मायके से ससुराल आई तो ससुरालीजन उसे दहेज में तीन लाख रुपए मंगवाने का दबाव बना रहे थे। न मिलने पर उसका उत्पीड़न करने लगे। 26 मई 2025 को शाम पांच बजे उसे मारा पीटा। मांग पूरी न होने पर 27 मई 2025 को मारपीट कर गाली गलौज देते हुए घर से निकाल दिया। वह अपने सात माह के बच्चे के साथ दर-दर भटक रही है। बुधवार को पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति विकास, सास, जेठ एवं जेठानी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

1 तमंचा व 1 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण मे क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सरताज अहमद पुत्र सिराज अहमद निवासी कमई थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इनवर्टर ठीक करते करंट से युवक की मौत

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के तौधकपुर गांव में इनवर्टर ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत दर्दनाक मौत हो गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी राजू सोनी (25) पुत्र स्वर्गीय मुन्नू सोनी रेल कोच में प्राइवेट कर्मचारी है। बुधवार को देर शाम जब वह रेल कोच से वापस लौटा तो घर में अंधेरा था। घर वालों ने बताया कि इनवर्टर खराब है। राजू इनवर्टर ठीक करने लगा, तभी करंट लग जाने से वह बेहोश होकर गिर गया। घर वाले उसे लेकर लालगंज सरकारी अस्पताल गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जवान युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। तीन भाइयों का रो-रो कर बुरा हाल है।

टप्पेबाजों ने युवक से ठग लिये 30 हजार

लालगंज, रायबरेली। लालगंज नगर के इंडियन बैंक के सामने टप्पेबाजों ने एक युवक से 30 हजार रुपए ठग लिया है। मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए पिंकू पुत्र सोहनलाल निवासी धनाभाद ने बताया कि वह घरेलू कार्य के लिए बैंक से पैसा निकालने गया था। बैंक से 30 हजार रुपए निकाला और जैसे ही बैंक के बाहर आया दो लोगों ने उसे घेर लिया और कहा कि अपना पैसा हमको दे दो और मेरा 90 हजार रुपए बैंक में जमा कर आओ। वह लोगों के झांसे में आ गया और उनको अपने पैसे देकर उनके रुमाल में लिपटे रुपए लेकर अंदर गया। जब वहां खोला तो देखा तो उसके अंदर केवल अखबार की रद्दी थी। वह तुरंत बैंक के बाहर निकला लेकिन वह दोनों लोग मौके से नदारत थे। अपने को ठगा जानकर उसने लालगंज पुलिस से मामले की शिकायत की है।

योजनाओं से जनता को लाभान्वित करा रही हैं सदर विधायक

रायबरेली से हैदरगढ़ बस सेवा प्रारंभ करने को क्षेत्रीय प्रबंधक को लिखा पत्र

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र में सुविधाओं को लेकर सदर विधायक अदिति सिंह ने बड़ी पहल की है। सदर विधायक द्वारा लगातार जनहित में किए जा रहे कार्यों से जनता के लिए सुविधाएं आसान हो रही है। सड़क निर्माण नालियों पेयजल योजना सार्वजनिक शौचालय पार्क ठोस अपशिष्ट तथा पौराणिक स्थलों के विकास के लिए सदर विधायक ने नगर विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के मंत्री एके शर्मा से मुलाकात की तथा उनसे क्षेत्र की समस्याओं को सुविधाओं में परिवर्तित करने के लिए विकास कार्यों के पत्र सौंपे। सदर विधायक द्वारा लगातार रायबरेली की खराब सड़कों तथा पेयजल सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। अभी इसी पखवारे में 19 सड़कों के लिए किए गए प्रयास में सदर विधायक को सफलता मिली थी जिससे नगर के कई सड़कों का कायाकल्प होने जा रहा है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात के बाद उनके द्वारा रायबरेली में विकास कार्यों को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया है जिससे सदर क्षेत्र में कई सड़कों को नवीनीकरण करने के लिए प्रदेश सरकार से अनुदान प्राप्त हो जाएगा। सदर विधायक अदिति सिंह ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, बंधन योजना, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं नगरीय विकास अभिकरण द्वारा सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्य की योजना तैयार की गई है। सदर के विकास के लिए सदर विधायक ने तमाम योजनाओं से क्षेत्रीय जनता को लाभान्वित करा रही हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक को रायबरेली से हैदरगढ़ बस सेवा प्रारंभ करने हेतु पत्र भी लिखा जिससे हैदरगढ़ बस सेवा प्रारंभ होने के उपरांत रायबरेली की जनता को सुविधाएं मुहैया होगी।

विधायक निधि से लगी हाई मास्ट लाइट खराब

बल्दीराय, सुलतानपुर। इसौली विधानसभा क्षेत्र के सहजौरा चौराहे पर विधायक निधि से लगी हाई मास्ट लाइट करीब हफ्तों से खराब हो रही है। सूचना देने के बावजूद भी लाइट को ठीक करवाने कोई नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि चौराहे पर विधायक मोहम्मद ताहिर खान के निधि यह हाई मार्क्स लाइट लगवाई गई थी। विगत कई दिनों से लाइट खराब होने से पुरा चौराहा अंधेरे में डूबा रहता है।

रेलवे क्रॉसिंग पर मिला युवक का शव, परिवार में कोहराम

कादीपुर, सुलतानपुर। कस्बे के अनिरुद्ध नगर मोहल्ले के एक युवक का शव गोंडा जिले के नवाबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है।

युवक के पिता त्रिभुवन शर्मा ने बताया कि उनके पुत्र राहुल राय उर्फ दुर्गेश (25) बुधवार की सुबह पाच बजे घर से मॉर्निंग वॉक के लिए कस्बे के जूनियर हाई स्कूल के मैदान में गए थे। जहां से कुछ लोगों ने इन्हें उठा लिया। फिर 7:30 बजे बहन नेहा ने भाई को फोन किया तो उसने बताया कि वह सरैया बाजार में है। कुछ देर बाद आ जाएगा। लगभग 2 बजे मृतक युवक ने पिता को फोन कर बताया मैं अयोध्या रेलवे स्टेशन पर हूं। अभी ट्रेन पड़कर सुलतानपुर आऊंगा और वहां से कादीपुर आजाऊंगा। इस समय स्टेशन के बगल झाड़ी में पड़ा हूं। पिता के पूछने पर कि मोबाइल कहां से पाए तो उसने बताया की झाड़ी के पास ही मोबाइल पड़ी थी। मुझे चार लोग जो मुंह में गमछा बांधे थे उठा लाए हैं। पिता ने पुलिस को सूचना देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक पंकज राय के साथ पुलिस टीम को मोबाइल लोकेशन के आधार पर घटनास्थल भेजा गया था। पुलिस के साथ युवक के परिजन भी गए थे। पुलिस के अनुसार युवक का शव गोंडा जिले के नवाबगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला। गोंडा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला हत्या का है कि आत्महत्या का। मृतक युवक के पिता त्रिभुवन शर्मा का कहना है कि मेरे या मेरे पुत्र का किसी से कोई रंजिश नहीं है और ना ही कोई पारिवारिक विवाद है। युवक की शादी बीते 20 अप्रैल 2025 को जौनपुर जिले के खुटहन थाने के लवायन गांव के शेष कुमार शर्मा की पुत्री शिवानी के साथ हुआ था।

परिवार का दीपक बुझ गया

सुलतानपुर। पिता त्रिभुवन शर्मा के दो बच्चे हैं। जिसमें मृतक राहुल राय उर्फ दुर्गेश एवं उसकी बहन नेहा जो अभी पढ़ रही है। माता सावित्री देवी एवं पत्नी शिवानी है। पिता त्रिभुवन शर्मा बुकिंग पर गाड़ी चलवाने का व्यवसाय एवं खेती करते हैं, जबकि माता शुद्ध रूप से गृहिणी हैं।

श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मिलती है मुक्ति

भेंटुआ, अमेठी। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। उक्त बाते रामतीर्थ नगर विनोवापुरी मे चल रही श्रीमदभागवत कथा मे कथा व्यास आचार्य नीरज कृष्ण पाण्डेय ने श्रोताओ के समक्ष कही। राम तीर्थ नगर विनोवापुरी मे गणपत दयाल पाण्डेय के यहां चल रही श्री मद भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास आचार्य श्री नीरज कृष्ण पाण्डेय ने भक्ति व बैराग्य ,धुन्धकारी की कथा श्रोताओ को सुनाते हुए बताया कि धुंधकारी की कथा एक पौराणिक कथा है जिसमे एक दुराचारी व्यक्ति के दुःख फिर भागवत कथा सुनने से उसकी मुक्ति की कहानी बताई गयी।धुंधकारी आत्मदेव व धुंधली के पुत्र थे ।जिनका भाई गोकरण विद्वान और धार्मिक था। धुंधकारी अपने दुराचार के कारण अकाल मृत्यु प्राप्त की और प्रेत योनि मे चला गया। गोकरण ने अपने भाई को प्रेत योनि से मुक्त कराने के लिए श्री मदभागवत कथा का आयोजन किया। भागवत कथा सुनने से धुंधकारी को मुक्ति मिली। कथा के अंत मे कथा यजमान गणपति दयाल पाण्डेय ने कथा व्यास की आरती उतारी और कथा श्रवण करने आये लोगो का स्वागत किया। इस मौके पर मनोज कुमार मिश्रा, रमेश कुमार पाण्डेय,देवकी नंदन चंद्र शेखर, हरि ओम ,वैभव पाण्डेय के साथ सैकड़ो लोगो ने कथा का रसपान किया।

घर में घुसकर असलहे के दम पर दी धमकी, पुलिस नहीं कर रही सुनवाई

अमेठी। थाना क्षेत्र पीपरपुर के गांव दहियावा में एक दबंग युवक घर में घुसकर असलहे के दम पर परिजनों को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की शिकायत के बावजूद पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़ित अफसर के चक्कर काट रहा है जबकि उक्त मामले का वीडियो भी पीड़ित के पास है। थाना क्षेत्र पीपरपुर के गांव दहियावां निवासी अंजनी देवी ने शिकायती पत्र देकर बताया है कि 24 में को उसके घर में कोई नहीं था सिर्फ महिलाएं और बच्चे घर में थे। आरोप लगाया है कि इसी बीच गांव निवासी रमाकांत सिंह का पुत्र अभिषेक घर में घुस आया और गाली गलौज करते हुए असला निकालकर पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के परिजनों में धमकाने सहित उक्त मामले का वीडियो बनाया है वीडियो बनाता देख उक्त दबंग युवक भाग खड़ा हुआ। पीड़िता ने जब मामले की शिकायत थाने में की और वीडियो भी दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई पीड़िता अफसर के दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर है। कोई सुनवाई नहीं मिल रही है और उक्त युवक की धमकी के चलते पूरा परिवार डरा सहमा है। जबकि पीपरपुर पुलिस ने केवल शांति भंग के अंदेशे में सिर्फ पांबद कर अपनी कार्रवाई पूरी कर ली है। किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना : प्रशिक्षण व टूलकिट के लिए 20 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

अमेठी। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद अमेठी में ट्रेडवार लक्ष्य बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सोनार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची, एवं धोबी ट्रेडों में 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहें है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा आवेदन 20 जून 2025 तक वेबसाइट - पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा आवेदक की पात्रता के साथ आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस०सी०, ओ०बी०सी० वर्ग के लिए), आयु प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए, आवेदनकर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए, सम्बन्धित ट्रेडों से जुड़े होने का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान/वार्ड मेम्बर से प्रमाणित होना चाहिए। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र अमेठी (पता-सुलतानपुर रोड, निकट पुराना आर०टी०ओ० आफिस, गौरीगंज) से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

आरेडिका का हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक और प्रयास

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में आरेडिका के विद्युत विभाग के द्वारा आरेडिका चिकित्सालय की छत पर 152.5 किलोवाट के रूफटॉप सोलर पैनल लगाया गया। इस नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल ने बताया कि नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल के निर्माण से आरेडिका का कुल सोलर ऊर्जा क्षमता 4.08 मेगावाट हो गयी। इस सोलर प्लाण्ट को सीधे ग्रिड से जोड़ा गया है। इस संयंत्र की स्थापना से 14.23 लाख रुपये रेलवे राजस्व की प्रत्येक वर्ष बचत होगी और 4-5 वर्ष में अपने कुल खर्च को पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानकों में कमी आएगी एवं हरित ऊर्जा तथा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होगी।

आरेडिका के हॉस्पिटल में प्राइवेट वार्ड का उद्घाटन

आरेडिका चिकित्सालय में महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा एक प्राईवेट वार्ड का उद्घाटन किया गया। आरेडिका चिकित्सालय ने अपने आकस्मिक वार्ड में एक अत्याधुनिक प्राइवेट कक्ष का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य आकस्मिक चिकित्सा सहायता की स्थिति में रोगियों और उनके परिजनों को उच्च स्तरीय सुविधा और देखभाल उपलब्ध कराना है । नव निर्मित प्राइवेट रूम में अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरण, निरंतर निगरानी हेतु मॉनिटरिंग सिस्टम, तथा आरामदायक एवं सुरक्षित वातावरण की समुचित व्यवस्था की गई है। इस सुविधा का विशेष लाभ उन रोगियों को मिलेगा जिन्हें गंभीर स्थिति में विशेष देखभाल और व्यक्तिगत स्थान की आवश्यकता होती है। पीसीएमओ डॉ. आभा जैन ने बताया कि यह प्राइवेट रूम हमारे आकस्मिक चिकित्सा सेवा के स्तर को एक नई ऊँचाई पर ले जाएगा। यह पहल मरीजों की गरिमा बनाए रखने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

तालाब के पास मिला युवक का शव

परिजनों ने लगाया पत्नी पर हत्या का आरोप

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गंगागंज के एक निजी स्कूल के पीछे तालाब के पास एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान शिव गौतम (34) के रूप में हुई है। वह कोडरस थाना मिल एरिया का रहने वाला था। सुबह करीब 6 बजे आसपास के लोगों ने शव को देखा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

वही परिजनों द्वारा शव के पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक के परिजनों ने गोराबाजार में शव रखकर हंगामा किया है। पुलिस पर घटना के बाद मुकदमा न दर्ज करने का है आरोप लगाया है। संदिग्ध परिस्थितियों हुई मौत के मामले में पत्नी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव रखकर प्रदर्शन किया गया है। सीओ सिटी ने परिजनों को समझा बुझाकर मुकदमा दर्ज करने और कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है। दरअसल गुरुवार को हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगागंज में एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव तालाब के पास पाया गया था। जिसको लेकर मृतक के परिजनों द्वारा पत्नी और दो सालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हरचंदपुर थाने पर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन पुलिस द्वारा मुकदमा न दर्ज करने से आक्रोशित परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के बाद गोरा बाजार के पास सड़क पर रखकर प्रदर्शन करके कार्रवाई की मांग करने लगे। वहीं महराजगंज क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद प्राप्त शरीर के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

लड़कियों से छेड़छाड़ के मामले में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर। द्वारचार के बाद बारात आई लड़कियों से छेड़छाड़ के मामले को लेकर बाराती व घराती पक्ष के लोगों में जमकर मारपीट ही गई। मारपीट में दोनों पक्षों से 4 लोगों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। मालूम हो कि बुधवार जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पीढ़ी गांव निवासी सतीश की शादी मोतिगरपुर थाने के मीरपुर सरैया निवासी दिनेश की पुत्री की खुशबू से होनी थी। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे द्वारचार के बाद बारातियों को भोजन कराया जा रहा था। इसी बीच आरोप है कि कुछ लड़कों ने बारात में आई वर पक्ष की लड़कियों से छेड़छाड़ शुरू कर दी। वर पक्ष ने जिसका विरोध किया और लड़की पक्ष से शिकायत भी की। बावजूद इसके छेड़छाड़ की घटना दोबारा हुई, जिससे माहौल गरमा गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि लड़की पक्ष से कुछ अज्ञात शरारती युवकों ने बारातियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दूल्हा सतीश (26), उसके बड़े भाई सोनू (30), मोतिगरपुर थाने के शाहपुर लपटा निवासी रिश्तेदार धर्मेंद्र कुमार (46) और उनके बेटे बजरंग रेश्वर (22) को काफी चोटें आईं। जबकि लड़की पक्ष से मोतिगरपुर थाने के मीरपुर सरैया निवासी धर्मेंद्र कुमार (19 वर्ष) और महेंद्र कुमार (28 वर्ष) पुत्रगण अच्छेलाल भी घायल हुए है। चिकित्सक ने बताया पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर विजय सिंह ने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

एंटी करप्शन टीम ने एसडीएम के अहलमद पेशकार व मुंशी को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। एंटी करप्शन की टीम ने ऊंचाहार एसडीएम न्यायालय में तैनात अहलमद पेशकार व उसके मुंशी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाई शुरू कर दी गई है।

गुरुवार को एंटी करप्शन की टीम के प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर तहसील में एसडीएम न्यायालय में छापेमारी की। जहां टीम ने अहलमद पेशकार कृष्ण बहादुर सिंह उर्फ केबी सिंह निवासी गदरौली थाना सरेनी व निजी कर्मी ललित कुमार निवासी पूरे जिल्ला को 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम की छापेमारी से तहसील में सन्नाटा पसर गया।

एंटी करप्शन टीम प्रभारी विनोद यादव ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है आ आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद आफिसों में कार्य कर रहे निजीकर्मी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कई बार सरकारी कार्यालयों में निजी कर्मचारियों के काम करने पर रोक लगाई गई थी लेकिन उसके बावजूद सरकारी मुलाजिम निजी कर्मचारियों की आड़ में ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। एंटी करप्शन टीम की इस छापेमारी में सरकारी मुलाजिमों के उस कृत्य से पर्दा उठ गया है, जिसे छिपाकर वो गरीब फरियादियों का खून चूसते है।

अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति सम्मेलन का हुआ आयोजन

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। गुरुवार दोपहर 2 बजे कूरेभार विकास खंड के सभागार कक्ष में अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति सम्मेलन/महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता रूपेश सिंह रहे, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री उपाध्याय ने कहा कि पिछली सरकारों ने अहिल्याबाई के समाज व देश के प्रति योगदान को भुला दिया। उनके द्वारा सनातन धर्म व देश भक्ति के कार्यों को याद करने व उस पर चलने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे हमारी पीढ़ी उनके देशभक्ति के प्रति किये गए योगदान को जान सके। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को विस्तार से बताया। इस दौरान सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इन योजनाओं से जुड़ने पर बल दिया। इससे पूर्व बीडीओ श्रीकांत तिवारी ने ब्लॉक की लखपती स्वयं सहायता समहूओं की महिलाओं का उनके कार्यो को लेकर स्वागत व अभिनंन्द किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, बीजेपी के वरिष्ठ नेता शशीकांत पाण्डेय, प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, संदीप पाण्डेय, राजमणि मोर्य, अरुण शुक्ला, शंकर नाथ सहित दर्जनों ग्राम प्रधान, सैकड़ो स्वयं सहायता समहू की महिलाएं व ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

हरे पेड़ों की कटान पर मंडल अध्यक्ष ने वन अधिकारी से की कार्रवाई की मांग

रायबरेली। भाजपाके बेला भेला मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने मोहित सिंह के साथ जिला वन अधिकारी को पत्र सौंपकर भदोखर और कनौली न्याय पंचायत में हो रहे हरे पेड़ों के अवैध कटान को तत्काल रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने क्षेत्रीय वन अधिकारी और फॉरेस्ट गार्ड पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें उनकी मिलीभगत से पेड़ों की कटाई को बढ़ावा देने की बात कही गई है। जितेंद्र कुमार सिंह ने अपने पत्र में बताया कि भदोखर और कनौली न्याय पंचायत में पिछले कुछ समय से बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों की कटाई हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय वन अधिकारी और फॉरेस्ट गार्ड की मिलीभगत से यह अवैध कार्य जोर-शोर से चल रहा है। पत्र में कहा गया है कि आम, नीम, महुआ जैसे पर्यावरणीय महत्व के बड़े पेड़ बिना किसी ठोस अनुमति के काटे जा रहे हैं। एक पेड़ काटने की अनुमति के नाम पर कई पेड़ों को काटा जा रहा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। कार्रवाई की मांगपत्र में मोहित सिंह ने जोर देकर कहा कि इस अवैध कटाई के कारण क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से न केवल जैव विविधता को नुकसान हो रहा है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और स्थानीय पारिस्थितिकी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने जिला वन अधिकारी से इस मामले की गहन जांच कराने और दोषी क्षेत्रीय वन अधिकारी व फॉरेस्ट गार्ड के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने तत्काल प्रभाव से पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। भदोखर और कनौली न्याय पंचायत के ग्रामीणों में इस अवैध कटाई को लेकर गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये पेड़ न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत का भी हिस्सा हैं।

सम्मान के साथ सेना के जवान को दी अंतिम विदाई

कूरेभार, सुलतानपुर । भारत पाकिस्तान युद्ध 1965 के नायक परमबीर चक्र विजेता बीर अब्दुल हमीद के चालक रहे जनपद सुलतानपुर के कूरेभार कस्बा निवासी मोहम्मद नसीम का लंबी बीमारी के बाद बुधवार देर शाम इंतकाल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर बाद किया गया। जवान के अंतिम जनाजे में क्षेत्रवासियों के जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान भरतीय सेना के 89 बटालियन वाराणसी से सूबेदार उस्मान हवलदार अमित सिंह, हवलदार साकिर व गनेडियर्स बटालियन सेंटर जबलपुर से ले0ना0 सोनू कुमार, सूबेदार आनंद नाथ यादव हवलदार शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने सेना के जवान की अंतिम बिदाई में शामिल हुए और मोहम्मद नसीम को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए अंतिम सलामी दी और नम आंखों से कंधा देकर शमशान तक पहुँचे। जनाजे में क्षेत्र के सैकड़ों लोग भी शामिल रहे। बताते चले कि मृतक 81 वर्षीय मोहम्मद नसीम भारत पाक युद्ध मे बीर अब्दुल हमीद के साथ अभूतपूर्व साहस का परिचय दिया था। महरूम नसीम उस ऐतिहासिक पल के साक्षी रहे जब बीर अब्दुल हमीद ने पाकिस्तानी टैंकों को नष्ट कर पाकिस्तान को करारा झटका दिया था। क्षेत्रीय लोग उन्हें गौरव का प्रतीक मानते थे। उनके निधन से समूचे जनपद ने एक सच्चा देश भक्त खो दिया। अंतिम जनाजे में पुत्र मो. असलम, मो. अकरम सहित बड़ी तादात में हिन्दू मुस्लिम व क्षेत्र के संभ्रांत जन शामिल रहे।

एनडीआरएफ की टीम ने आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

म्हराजगंज, रायबरेली। तहसील सभागार में वाराणसी से आई एनडीआरएफ की टीम ने महराजगंज तहसील में कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण उपजिलाधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीम ने विभिन्न आपदाओं से निपने के उपाय कर्मचारियों को बताए।

एनडीआरएफ के एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में रेस्क्यूबर सरफराज अहमद, राजेश मिश्रा, दुर्गेश यादव, सुगंधा यादव, और शालिनी यादव ने प्रशिक्षण दिया। टीम ने बाढ़, भूकंप, सर्पदंश, हृदय रोग और सड़क दुर्घटनाओं में बचाव के कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। कर्मचारियों को आगजनी से बचाव और घायलों के प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। ब्लीडिंग रोकने, चोटों को स्थिर करने और सीपीआई देने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। पानी में डूबे व्यक्ति को बचाने और शव निकालने की तकनीक जानकारी भी दी गई प्रशिक्षण में लेखपाल कानूनगो सहित तहसील के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

आवासीय कॉलोनी बना ग्राम सचिवालय तैनात कर्मी नदारद

जगदीशपुर, अमेठी। सरकार द्वारा लाखो रुपए खर्च कर बनवाए गए ग्राम सचिवालयों मे जहां ग्रामीणो को आवश्यक सुविधा मुहैया होनी चाहिए तो वहीं तैनात कर्मी नदारद होकर लोगो का आशियाना युक्त आवासीय कालोनी बन गया है आला अफसर बेखबर हैं । विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलीनगर स्थित ग्राम सचिवालय जहां ग्रामीणो को मिलने वाली सुविधाए नदारद होकर तैनात कर्मचारी गायब रहते हैं आलम यह है कि कमरों मे घरेलू सामान जमाकर ग्रामीण लोग अपना आशियाना बनाकर वहीं निवास करते हैं निवास कर रहे लोगो ने बताया कि मेरा घर गिर गया है प्रधान ने इसी मे रहने को कह दिया है इसलिए हम लोग यहीं रहते हैं ।इस सम्बन्ध मे खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कराकर दोषियो के विरुद्ध कडी कार्यवाई की जाएगी।

संक्षेप

ढाई किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा नेपाल एवं बिहार के रहने वाले दो मादक तस्कर 02 किलो 532 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार किए, बरामद चरस की अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। गुरुवार को शिकोहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्त रवि कुमार पुत्र राणा कुमार निवासी सिहोरवा थाना रक्सौल जिला जकयाही पूर्वी चंपारण बिहार एवं राजेंद्र पासवान पुत्र धनपत पासवान निवासी घोंघालौडीया थाना सदर बारा जिला बारा नेपाल को कोल्ड स्टोर के पास मैनपुरी रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 2 किलो 532 ग्राम चरस बरामद किया गया। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना शिकोहाबाद पर एनडीपीएस एक्ट व पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

चोरी के आभूषणों सहित 2 गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस ने टप्पेबाजी व चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अंगूठी पीली धातु, एक जोडी कुण्डल पीली धातु, एक लॉकिट पीली धातु व एक जोडी बिछुए सफेद धातु के साथ गिरफ्तार किया। गुरुवार को थाना शिकोहाबाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आसपास के क्षेत्रों में टप्पेबाजी व चोरी कर लोगों को ठगने व चोरी करने वाले दो व्यक्ति जिनके पास टप्पेबाजी और चोरी का सामान है कहीं जाने की फिराक मे आरोंज कट के पास रखे खोखे के पास बैठे है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोंज कट के पास थाना क्षेत्र शिकोहाबाद से आलोक पुत्र सतीश चन्द निवासी ग्राम गलामई थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद, पंकज पुत्र बृजमोहन निवासी ग्राम किन्हरपुर थाना मटसैना जिला फिरोजाबाद को मय चोरी के एक अंगूठी पीली धातु, एक जोडी कुण्डल पीली धातु, एक लाकेट पीली धातु व एक जोडी बिछुए सफेद धातु के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की है।

एनसीएल ने वैढन क्षेत्र में विकास के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ किया एमओयू

सोनभद्र। सिंगरौली स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लि. (एनसीएल) ने बुधवार को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत वैढन में सार्वजनिक सुविधाओं के विकास हेतु लोक निर्माण विभाग, सिंगरौली के साथ एमओयू किया। इस एमओयू के अंतर्गत एनसीएल द्वारा उपविभागीय कार्यालय, सिंगरौली एवं तहसील कार्यालय, वैढन में सार्वजनिक सुविधाओं जैसे प्रतीक्षालय, बिजली, पानी की सुविधा और पार्क निर्माण इत्यादि के विकास हेतु सीएसआर मद से लोक निर्माण विभाग, सिंगरौली को 23 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबन्धक (सीएसआर), श्री राजीव रंजन एवं लोक निर्माण विभाग, सिंगरौली से कार्यपालक अभियंता (इंचार्ज) श्री विनोद कुमार चैरसिया ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एनसीएल की इस सीएसआर पहल से सिंगरौली जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से वैढ़न तहसील कार्यालय आने वाले लोगों को सुविधा प्राप्त होगी।

किसान मसीहा की पुण्यतिथि पर जाट महासभा ने किया हवन

मथुरा। भारत रत्न, किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरन सिंह जी की 38वीं पुण्य तिथि पर सिंचाई विभाग (एस एस पी निवास के सामने) अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा द्वारा हवन का आयोजन किया गया एवं मालार्पण/ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद अखिल भारतीय जाट महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया।

राजेश चौधरी ने बताया चैधरी साहब आर्यसमाजी थे, उनका रसोईया एक वाल्मीकि समाज से था, चैधरी साहब ने कभी धर्म की राजनीति नहीं की। विशेष अतिथि चेतन मलिक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने विचार व्यक्त कर चौधरी साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चैधरी साहब हमेशा किसान, मजदूर, मेहनतकस, गरीब की बात करते थे। उन्होंने अपना जीवन गरीबों, किसानो और मजदूरों के लिए संघर्ष करते हुए बिताया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक चैधरी ने कहा कि चैधरी साहब को किसानों की आवाज संसद में उठाने, किसानों को सम्मान दिलाने के लिए हमेशा याद किया जायेगा। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता रविंद्र नरवार ने चैधरी साहब के योगदान पर बताते हुए कहा अगर चौधरी साहब पर बात की जाए तो पूरा दिन में भी उनके किसानों, गरीबों, मजदूरों के लिए किये गये कार्यों के लिए कम पड़ जायेगा. किसान की एक नजर खेती पर हो तो दूसरी नजर लखनऊ और देल्ही पर रखनी होगी। जाट महासभा के प्रदेश सचिव शिवराज सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सत्यवती, महासचिव देशवीर सिंह ने चैधरी साहब के योगदान, त्याग, ईमानदारी के संबंध में जानकारी दी।

सभा का संचालन चैधरी रामवीर सिंह ने करते हुए कहा चैधरी साहब जैसे महापुरुष युगों तक उनके योगदान के लिए याद किये जाते रहेंगे। उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी, बचन सिंह पहलवान, दिगंबर सिंह, सतवीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा राया, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रम सिंह, बाबूलाल, लाखन सिंह, मेघ सिंह, श्यामप्रकाश, श्यामपाल सिंह, राजू प्रधान, सौरभ सिंह, उदयवीर सिंह, मानपाल सिंह, जयपाल सिंह, अर्जुन सिंह, गुलाब सिंह, नेत्रपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, हरीओम, सुदेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

लूट करने वाले बदमाश 24 घंटे में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

मथुरा। गोवर्धन थाना पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 24 घंटे के अन्दर लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हो गए।

बताया जाता है कि गुरुवार मध्यरात्रि को थाना गोवर्धन पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। चैकिंग के दौरान मुखबिर ने लूट के आरोपियों की सूचना दी। गोवर्धन बाईपास पर रात में पैंठा हेलीपेंड कट के पास चार बाइक सवार बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया। गोवर्धन बाईपास मेहमदपुर चैराहे से आगे नगला देविया की तरफ बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से लूटी गई पल्सर मोटर साइकिल, मोबाइल, 1400 रुपए, 2 तमंचे 315 बोर, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई है। मुठभेड में घायल दो बदमाशों को उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि लव कुश उर्फलबू पुत्र गोविंदा निवासी नोदरा थाना मगोर्रा व बॉबी पुत्र जगराम निवासी अड्डा थाना

मगोर्रा पैर में गोली लगने से घायल हो गए तथा रवि पुत्र राम बाबू निवासी मल्हू थाना मगोर्रा व किशन पुत्र मोहन निवासी ओडम थाना मगोर्रा सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को संबंधित धारा में जेल भेजा गया है। इस सफलता में मुख्य रूप से एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, थाना गोवर्धन प्रभारी रवि त्यागी, स्वाट टीम प्रभारी छोटेलाल, उनि सोनू भाटी स्वाट टीम का विशेष सहयोग रहा।

अहिल्याबाई जन्म त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम आयोजित

टूंडला। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत टूण्डला ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश बघेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान संयोजक हनुमंत बघेल व टूंडला चैयरमैन भंवर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता खंड विकास अधिकारी प्रभात रंजन रहे। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं एवं जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्या बाई होलकर न्याय धर्म और नारी शक्ति की प्रतीक थीं, उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन त्याग और सेवा की प्रेरणादायी गाथा है। उनकी न्याय प्रणाली आज भी मिसाल के रूप में दी जाती है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया। साथ ही मुगल शासकों द्वारा क्षतिग्रस्त मठ और मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया। अभियान के संयोजक हनुमंत बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातेश्वरी अहिल्याबाई का जीवन हर भारतीय के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं से बाहर भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में मंदिर बनवाए। घाट, कुएं और बावड़ियों का निर्माण करवाया। भूखों के लिए अन्न और प्यासों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की। कार्यक्रम में महावीर सिंह बघेल दिनेश गुप्ता अनिल बघेल सतेंद्र बघेल, दीपक ठैनुआ, अजय बघेल अनंत प्रताप सिंह शशांक प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिकरारी ग्राम प्रधान अजय बघेल ने किया।

थाना पचोखरा में किया गया मालों का विनिष्टीकरण

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा मुकदमाती निर्णित अभियोगों से सम्बन्धित आर्म्स एक्ट के 18 माल तमंचा जूआ अधिनियम के 9 माल व आबकारी एक्ट के 8 माल शराब का विनिष्टीकरण किया गया। न्यायालय के आदेश के क्रम में गठित कमेटी नायब तहसीलदार टूण्डला, क्षेत्राधिकारी टूण्डला व थानाध्यक्ष पचोखरा फिरोजाबाद व नोडल अधिकारी माल निस्तारण एवं एचएम 561 कैलाश शर्मा थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद की उपस्थिति में गुरुवार को आर्म्स एक्ट , जूआ अधिनियम आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित 18 अवैध शस्त्र, जुआ 9, अवैध शराब 8 मालों का विनिष्टीकरण कराया गया है।

आयकर विभाग टीडीएस कानपुर व आगरा ने की मथुरा में कार्यशाला

मथुरा। आयकर अधिनियम के तहत स्त्रोत पर कटौती के संबंध में जानकारी के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयकर विभाग (टीडीएस), कानपुर/आगरा द्वारा एक कार्यशाला (वाह्य संपर्क कार्यक्रम) का आयोजन, कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस कार्यशाला (आउट रीच प्रोग्राम) में जिलाधिकारी मथुरा के अधीनस्थ समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों ने भाग लिया। उपर्युक्त आउट रीच कार्यक्रम संजय कुमार यादव आयकर आयुक्त (टीडीएस) कानपुर के निर्देशन में श्रीमती शुभी मिश्रा (आईआरएस) संयुक्त आयकर आयुक्त (टीडीएस) कानपुर तथा राजीव प्रसाद (आईआरएस) उप आयकर आयुक्त (टीडीएस) कानपुर की उपस्थिति में हुआ।

आयकर अधिकारी (टीडीएस) आगरा बाला प्रसाद ने आयकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए टीडीएस व टीसीएस के संबंध में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से अवगत कराया। स्त्रोत पर आयकर की कटौती तथा स्त्रोत पर कर संग्रह के प्रावधानों का विशेष रुप से उल्लेख किया गया। इस कार्यशाला के दौरान उप आयकर आयुक्त राजीव प्रसाद, आयकर अधिकारी अमित कुमार वर्मा एवं आयकर अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने भी नियमों की जानकारी दी एवं टैक्स को समय से सरकारी कोष में जमा कराने का अनुरोध किया गया एवं आयकर विवरणी (त्रैमासिक) को भी समय से दाखिल किये जाने पर बल दिया। इस कार्यशाला में वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्ना लाल शुक्ल, जिला पंचायतराज अधिकारी, सहायक महानिबंधक स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत, आहरण वितरण अधिकारी पुलिस विभाग श्रीमती सुमन कनौजिया, सीएमएस, मथुरा, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार दिवाकर ने किया। आयकर विभाग के निरीक्षक दिलीप कुमार गुप्ता एवं रानारायन मीना ने इस आउट रीच कार्यक्रम को सुचारु रुप से आयोजित कराने में योगदान दिया।

अहिल्याबाई का जीवन लोकसेवा की पराकाष्ठा : महापौर

मथुरा। पुण्यश्लोक पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत बुधवार को मथुरा ब्लॉक में एक गरिमामयी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाध्यक्ष हरीशंकर यादव, विधान परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह पार्षद नीलम गोयल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। महापौर विनोद अग्रवाल ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा, ह्लपूज्य अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भारतीय नारी शक्ति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने एक प्रशासिका के रूप में शासन को सेवा का माध्यम बनाया, और जनकल्याण को शासन का मुख्य आधार। उनके द्वारा देशभर में कराए गए मंदिरों और तीर्थस्थलों के निर्माण व जीर्णोद्धार न केवल उनकी धार्मिक आस्था को दशार्ते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति को जीवित रखने की उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनका आदर्श समाज को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।ह्वकार्यक्रम की वक्ता पार्षद नीलम गोयल ने कहा अहिल्याबाई केवल एक इतिहास की पात्र नहीं हैं, वे भारत की सांस्कृतिक चेतना की अग्रदूत थीं। उन्होंने विधवाओं को सम्मान दिया, निर्धनों की सहायता की और राजधर्म को जीवन में चरितार्थ किया। उनकी जीवनशैली आज के नेतृत्व के लिए भी एक आदर्श है। महानगर अध्यक्ष हरीशंकर यादव ने अपने संबोधन में कहा, यह संगोष्ठी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उन मूल्यों को फिर से जीवन में उतारने का अवसर है जो देवी अहिल्याबाई ने जिया। हमें गर्व है कि त्रिशताब्दी वर्ष में हम उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचा रहे हैं।

मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया संगोष्ठी के उपरांत, महिला लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित घरों की चाबियां महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक ओमप्रकाश सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल गौतम द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गईं। वहीं उन्होंने बताया सामूहिक समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन ललित गौतम ने किया। संगोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल गौतम, बीएलएम आरती राजपूत, कुंजबिहारी चतुवेर्दी, रामकिशन पाठक, हरीओम शर्मा, पार्षद अंकुर गुर्जर, हनुमान गुर्जर एवं संजय शर्मा अमित पाठक सहित कई अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के प्रयास से सीएम आवास योजना में जनपद को हासिल हुई 5वीं रैंक

फिरोजाबाद। जनपद में जिलाधिकारी का प्रयास रंग ला रहा है, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जनपद फिरोजाबाद को पूरे प्रदेश में पांचवी रैंक हासिल हुई है, जिलाधिकारी ने कहा कि रैंक महज एक नंबर मात्र है, यह हमारी संतुष्टि का आधार कदापि नहीं बन सकता, हम तब तक प्रयास करते रहेंगे, जब तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इस योजना से आच्छादित न कर दें, उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विकास खण्डों में समस्त पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ पहुंचाएं, कोई भी पात्र लाभार्थी इससे वंचित नहीं रह पाए, अगर हम ब्लॉक के अनुसार बात करें तो अरांव ब्लॉक में 163 आवासों का आवंटित लक्ष्य था, जिसमें से 131 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं, जबकि एका में 312 आवास आवंटित है, जिसमें 261 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं, फिरोजाबाद में 301 का लक्ष्य था, जिसमें 269 पूर्ण कर लिए गए हैं, जसराना में 83 का लक्ष्य था, जिसमें 72 पूर्ण कर लिए गए हैं, हाथवंत में 264 का लक्ष्य था, जिसमें 216 पूर्ण कर लिए जा चुके हैं, मदनपुर में 161 का लक्ष्य था, जिसमें से 133 पूर्ण किए जा चुके हैं, नारखी में 130 का लक्ष्य था जिसमें से 119 पूर्ण किए जा चुके हैं, शिकोहाबाद में 88 का लक्ष्य था, जिसमें 85 पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि टूंडला में 51 का लक्ष्य था, जिसमें 49 पूर्ण किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों और सचिवों को निर्देशित किया है कि अवशेष बचे हुए आवासों को शीघ्र पूर्ण करायें, जिससे उनका लाभ वंचित और आवासहीन परिवारों को दिया जा सके।

रालोद ने पुण्यतिथि पर किया किसान मसीहा चरन सिंह का स्मरण व नमन

मथुरा। राष्ट्रीय लोकदल ने भारत रत्न, किसान मसीहा, पूर्व प्रधान मंत्री भारत सरकार के चैधरी चरन सिंहजी की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मथुरा कलेक्टेज्ट पर राष्ट्रीय लोकदल की पूर्व प्रत्याशी बलदेव विधानसभा बबिता देवी जाटव, जिला पंचायत सदस्य द्वारा जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी नेतागण और कार्यकताओं ने किसान मसीहा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनकी पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। आज जिला कलेक्ट्रेट पर पूर्व प्रत्याशी बलदेव विधानसभा बबिता देवी, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान मसीहा चैधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं हवन यज्ञ करके श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने कहा चौधरी चरण सिंह जी ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए और उनकी समस्याओं को समझने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। चैधरी चरण सिंह जी का जीवन और उनके कार्य हमें आदर्श और प्रेरणा देते हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। चरण सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर नमन और स्मरण किया गया है। बबीता देवी कहा चैधरी चरण सिंह जी कहते थे देश की प्रगति एवं खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहान से होकर गुजरता है, उन्होंने कहा था कि किसान को हाथ हल की मूंठ पर और नजर देश की गद्दी पर रखनी होगी, किसान मसीहा ने किसान हित में बहुत सारे कार्य किए, उनमें से प्रमुखतः जमींदारी उन्मूलन एक्ट लागू करवाया, जिसके द्वारा किसानों को अपनी जमीन का मालिकाना हक मिला, भूमिधरी के अधिकार मिले, इसके अलावा किसानों को नहर बम्बों/रजवाहों की पटरी पर चलने का अधिकार नहीं था, श्रद्धेय चैधरी साहब ने नहर बम्बों पर हल बैल एवं ट्रैक्टर चलाने का अधिकार दिलवाया।

उजाड़कर सृजन करना विकास नहीं विनाश हैः प्रदीप माथुर

मथुरा। बांके बिहारी मंदिर अधिग्रहण और कॉरीडोर निर्माण को लेकर मंदिर सेवायतों के पक्ष में गुरुवार को पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता प्रदीप माथुर पहुंचे। उन्होंने गोस्वामियों और आसपास के लोगों के पक्ष का समर्थन करते हुए सरकार से अपने निर्णय पर सनातन और हिंदुत्व हित पुनर्विचार की आग्रह किया।

बांकेबिहारी मंदिर कॉरीडोर निर्माण को लेकर चल रहे विरोध के बाद मंदिर अधिग्रहण के विरोध में सेवायतों के स्वर दिन-प्रतिदिन मुखर होते जा रहे हैं।

गुरुवार को गोस्वामियों के बीच पहुंचे उत्तर प्रदेष कांग्रेस विधानमंडल दल के पूर्व नेता प्रदीप माथुर ने कहा कि कॉरीडोर समस्या का हल नहीं, जो भी अव्यवस्थाएं हैं उन्हें सरकार और प्रशासन को गोस्वामी समाज और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दूर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उजाड़कर सृजन करना विकास नहीं विनाश है। यह बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि हिंदुओं और सनातनियों की योगी और मोदी की सरकार विश्व प्रसिद्ध बांकेबिहारी मंदिर का अधिग्रहण करने जा रही है। रातोंरात अध्यादेश लाकर और ट्रस्ट बनाकर मंदिर और उससे जुड़ी संपत्तियों का अधिग्रहण कर लिया। अब सीईओ की नियुक्ति कर दी जाएगी। मंदिर सेवायतों की सारी शक्तियों को छीन लिया गया है। कॉरिडेर क्षेत्र में 500 घरों, 250 मंदिरों और कुंजगलियों को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि यह कहां का हिंदुत्व है और कहां की सनातनी परंपरा है। जहां आप एक तरफ हिंदू-मुस्लिम की बात करते हैं, हिंदुओं के नाम पर ध्रुवीकरण की बात करते हैं और हिंदुओं को उजाड़ने का काम करते हैं, यह सरकार की कैसी दोहरी नीति है।

डॉ. आरसी चतुर्वेदी की पुस्तक का विमोचन

मथुरा। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मथुरा निवासी डॉ राकेश चंद्र चतुवेर्दी द्वारा अभी हाल में ही ऑपरेशन सिंदूर द्वारा पाकिस्तान के आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किये जाने पर प्रेरित होकर भारत के 21 परमवीर चक्र विजेता शूरवीरों पर एक पुस्तक लिखी है जिसका विमोचन भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह द्वारा लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर किया गया। डॉ राकेश चंद्र चतुवेर्दी ने बताया कि जिस प्रकार शुरू से ही पाकिस्तान अपनी नापाक हरकत करता आया है, और भारतीय सेना ने हमेशा ही अपने पराक्रम और वीरता से उसको मुँहतोड़ जबाब दिया है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत आज पहले से कहीं ज्यादा एकजुट है। भारत की बेटियों ने आतंकियों और उनके सरपरस्तों को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया है। हमने उनके कई एयरबेस तबाह करके दिखा दिया कि भारत कब क्या कर सकता है। कितनी तेजी से कर सकता है, कितना सटीक कर सकता है। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने भारत के शूरवीरों पर एक पुस्तक लिखी है। डॉ राकेश चंद्र चतुवेर्दी एनसीईआरटी के पूर्व सदस्य रहे हैं और उनको राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार भी सरकार द्वारा प्राप्त है। इस दौरान पुस्तक विमोचन में राहुल सारस्वत, सुधांशु खंडेलवाल, योगेंद्र वर्मा, आकाश चैधरी, अंशुल यादव, शैलू चैधरी, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

सिम्स हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क कैंसर रोग जांच शिविर

मथुरा। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सिम्स हॉस्पिटल में कैंसर मरीजों के बेहतर इलाज के लिए एक निःशुल्क कैंसर रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कैंसर सर्जन डॉ. यशस्वी चैधरी ने भारी संख्या में मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। कुछ मरीजों ने बायोप्सी की जाँच कराई। रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जाँचों पर 25प्रतिशत की छूट दी गई। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल की कैंसर सर्जन डॉ. यशस्वी चैधरी ने कहा कि आज सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में निःशुल्क कैंसर रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैम्प में मुँह का कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के मरीज देखे गये। ज्यादातर मरीज लास्ट स्टेज में इलाज के लिये आये, जिससे मरीज का समय और पैसा दोनों ही अधिक लगता है। मैं सभी से कहना चाहती हूँ कि शुरूआती लक्षण दिखने पर तुरंत कैंसर विशेषज्ञ से सलाह लें। यदि किसी को मुँह में कोई छाला है, खाँसी से खून निकल रहा है या बहुत लम्बे समय से खाँसी हो रही है, स्तन में कोई गाँठ है या बच्चेदानी से अनियमित खून जा रहा है, या शरीर में कोई भी गाँठ हो, निगलने में कोई दिक्क्त हो या आवाज में परिवर्तन हो तो ऐसे कोई भी लक्षण आपको दिखे तो तुरंत सिम्स हॉस्पिटल में आकर कैंसर विशेषज्ञ से तुरंत सम्पर्क करें। इस अवसर पर सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि कैंसर अब लाइलाज नहीं। शुरूआती लक्षणों में ही कैंसर की जाँच करके हम मरीज को कैंसर मुक्त कर सकते हैं। ऐसे कई मरीज है जिन्होंने कैंसर को हराकर अपना जीवन सुखमय बनाया है और कैंसर विजेता के रूप में हमारे बीच मौजूद है। सिम्स हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि मनी

टूंडला। किसान मसीहा देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय चौ०चरन सिंह की 38 वीं पुण्यतिथि राष्ट्रीय लोकदल एव? अनेक सामाजिक संगठनों के अनेक लोगों ने गत वर्षों की तरह उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक मनायी। वहीं एक विचार गोष्ठी गांव कोटकी में किसान प्रकोष्ठ के ब्रज क्षेत्र महासचिव चौ. निरंजन सिंह पोनियां के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय लोकदल एव? अनेक सामाजिक संगठनों व चौ चरण सिंह के अनुयायियों ने भाग लिया। जहां उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्य आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की गई, गोष्ठी में सभी ने अपने अपने विचार रखे चौ. निरंजन सिंह पोनियां ने कहा कि चौधरी साहब किसान गाँव गरीब के सच्चे रहनुमा थे, उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन किसान मजदूर गाँव गरीब के लिये अर्पित किया इसलिए उन्हें आज भी किसान मसीहा के रूप में याद किया जाता है।

जिलाध्यक्ष मा. देशराज सिंह ने कहा कि चौ चरण सिंह की नीतियों और सिद्धान्तो पर चलकर ही किसान और कमेरे वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाया जा सकता है। युवा जिलाध्यक्ष अमर सिंह पचहरे ने कहा कि चौधरी साहब की व्यक्तिगत छवि एक ऐसे देहाती पुरुष की थी जो सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखते थे, उनका पहनावा एक किसान की सादगी को दशार्ता था। चौधरी साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की शैली में बिताया। चौधरी साहब ने देश के दलितों पिछड़ों गरीबों और किसानों की बेहतरी के लिए संघर्ष किया, और उन्हें राजनीति में हिस्सेदार बनाया। राजवीर सिंह ने कहा कि चौधरी साहब ने देश की कृषि नीतियों को आकार देने में बेहद अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के हित और उनके कल्याण में समर्पित कर दिया, और यही वजह है कि उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है। पुण्यतिथि पर माल्यार्पण पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, टूंडला चेयरमैन चौ. भंवर सिंह, जगवीर सिंह पोनियां, पंकज चौधरी शरद पौनिया जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद, डा०गौतम नोहवार, दीपक ठेनुआ, चौ.हम्मीर सिंह चौ पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल लवदीप सिंह भूपेन्द्र सिंह, अंकुर सोलंकी आयुष चौ० लवकुश चौ.उदय प्रताप सिंह नेपाल सिंह ठेनुआ, रनवीर सिंह पोनियां, राजवीर सिंह आचार्य, सुधीर सिंह, राजवीर सिंह देवेंद्र सिंह राना, आदि लोग शामिल रहे।

एक सोच फाउंडेशन ने किया उद्यमी महिलाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन

मथुरा। 'एक सोच फाउंडेशन' के तत्वावधान में मथुरा के गोवर्धन चैराहा स्थित विश्व लक्ष्मी नगर में महिला किसानों और महिला उद्यमियों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 27 मई से 29 मई तक चली, जिसमें कुल 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'एक सोच फाउंडेशन' के कार्यकारी निदेशक अजय सुमन शुक्ला ने बताया कि उनकी संस्था भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा), नई दिल्ली के सहयोग से मथुरा के किसानों और महिला उद्यमियों के लिए एक संयुक्त कार्यक्रम चला रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा), नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक डॉ. आर.एन. पडारिया के सहयोग से ह्लनेमा प्रोजेक्टह्व के माध्यम से पिछले तीन वर्षों से ह्लएक सोच फाउंडेशनह्व यहाँ की आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ी गरीब महिला किसानों को जलवायु अनुकूल खेती हेतु प्रशिक्षण, बीज और खेती से संबंधित उपकरण उपलब्ध करा रही है। अब तक 1000 से अधिक किसान इससे लाभान्वित हो चुके हैं। इसी क्रम में इस खरीफ सीजन में पूसा संस्थान के सहयोग से 200 महिला किसानों को पूसा बासमती धान की विभिन्न उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संस्था अपने ह्लनारी उद्यमीह्व कार्यक्रम के तहत समय-समय पर महिलाओं को प्रशिक्षण, एक्सपोजर और उनके व्यवसाय में सहयोग प्रदान करती आ रही है।

संक्षेप

मैक्स फैशन ने किया नये कलेक्शन का अनावरण

मुंबई। मैक्स फैशन ने किड्स, टीन्स एवं यूथ के लिए अपने नए कलेक्शन का अनावरण किया है। यह शानदार कलेक्शन आईलैण्ड भावना एवं ट्रॉपिकल आकर्षण के साथ अपने प्रशंसकों को नए और रोमांचक स्टाइल्स लेकर आया है। हमने तकरीबन एक दशक पहले डिजनी थीम पर आधारित अपना पहला कलेक्शन लॉन्च किया था, हम हमेशा से डिजनी की सदाबहार कहानियों से प्रेरित रहे हैं। क्लासिक कलानियों से प्रेरणा लेना हमारे युवा उपभोक्ताओं को हमारे कलेक्शन के साथ जोड़ने का अच्छा तरीका है। लिलो एण्ड स्टिच थीम पर आधारित यह नया कलेक्शन डिजनी के साथ हमारी मजबूत क्रिएटिव साझेदारी की पुष्टि करता है।

डेटॉल के ब्रांड अम्बेसडर बने एमएस धोनी

नई दिल्ली। डेटॉल ने क्रिकेट के दिग्गज और भारत के असली कैप्टन कूल – महेंद्र सिंह धोनी को अपने डेटॉल साबुन, बॉडीवॉश और हैंडवॉश रेंज का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है, जो एक प्रतिष्ठित 'कूल' शख्सियत और एक भरोसेमंद 'कूल' ब्रांड को एक साथ लाती है, और गर्मियों में ठंडक बनाए रखने का समाधान 'डेटॉल आइसी कूल' पेश करती है। रेकिट में हमारा संकल्प है कि हम उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझदारी और प्रभावशीलता के साथ पूरा करने वाले भरोसेमंद समाधान दें। डेटॉल आइसी कूल लंबे समय से गर्मियों के लिए पसंदीदा उत्पाद रहा है।

एस्ट्रो मोटर्स ने प्रमुख उत्पाद लॉन्च किये

बंगलुरू। एस्ट्रो मोटर्स ने पुणे में आयोजित ईवी एक्सपो में एल5 कार्गो और पैसेंजर सेगमेंट में अपने प्रमुख उत्पाद लॉन्च किए, जिनके नाम क्रमशः नव्या और नोवा हैं। एस्ट्रो नव्या भारत का पहला गियरयुक्त इलेक्ट्रिक कमर्शियल थ्री-व्हीलर है। ब्रांड का दूसरा लोकप्रिय लॉन्च, एस्ट्रो नोवा, एक पैसेंजर ऑटो रिक्शा है जिसे ड्राइवर और यात्रियों दोनों के लिए आराम और अधिक जगह देने के लिए डिजाइन किया गया है।

ब्रांड 'त्रिकाल' का नाम वापस लेगी रेडिको खेतान

बंगलुरू। रेडिको खेतान ने अपने हाल ही में घोषित ब्रांड 'त्रिकाल' को लेकर उठे सवालों को गंभीरता से लेते हुए उसका नाम वापस लेने का निर्णय लिया है। कंपनी के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह फैसला सिर्फ एक व्यापारिक निर्णय नहीं, बल्कि देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

एएससीआई ने अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी की

बंगलुरू। एएससीआई ने वर्ष 2024-2025 के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी की है। पिछले एक साल में एएससीआई ने 9,599 शिकायतों की जांच की और 7,199 विज्ञापनों की समीक्षा की। इन सभी जांचे गए 98 प्रतिशत विज्ञापनों में किसी न किसी तरह का संशोधन जरूरी था। इस साल, ऑफ शोर सट्टेबाजी सबसे अधिक उल्लंघन करने वाला क्षेत्र रहा, जो 43 प्रतिशत मामलों में शामिल था, इसके बाद रियल्टी (24.9 प्रतिशत), पर्सनल केयर (5.7 प्रतिशत), हेल्थकेयर (5.23 प्रतिशत), और खाद्य एवं पेय (4.69 प्रतिशत) क्षेत्र थे। इन्फ्लुएंसर उल्लंघनों का योगदान 14 प्रतिशत रहा।

राणा नायडू सीजन 2 नेटफ्लिक्स पर 3 जून से

मुंबई। जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं – और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा वो तो बिलकुल भी तैयार नहीं था। राणा नायडू सीजन 2 देखिए 13 जून से सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।

पेप्सिको की एनर्जी ड्रिंक ने फॉमूर्ला 1 के साथ ट्रैक पर रखा कदम

बंगलुरू। पेप्सिको की इलेक्ट्रिफाइंग एनर्जी ड्रिंक स्टिंग एनर्जी ने ऑफिशियल एनर्जी ड्रिंक पार्टनर के तौर पर आधिकारिक रूप से फॉमूर्ला 1 की तेजी से दौड़ती दुनिया में कदम रख दिया है।

सेंसेक्स में 321 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी रही। अमेरिका में एक अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के जवाबी शुल्क के फैसले पर रोक लगा दी है, जिससे वैश्विक बाजारों में उछाल आया। इससे स्थानीय शेयर बाजार भी चढ़ गया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.70 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,633.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.57 अंक चढ़कर 81,816.89 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला निफ्टी 81.15 अंक या 0.33 प्रतिशत चढ़कर 24,833.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक 2.41 प्रतिशत चढ़ गया। बाजार नियामक सेबी ने बैंक के पूर्व सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) सुमंत कठपलिया और चार अन्य अधिकारियों को बैंक के शेयर में कथित भेदिया कारोबार के मामले में प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक के शेयर भी फायदे में रहे। वहीं, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, बजाज फिनसर्व और एशियन पेंट्स के शेयर नीचे आए। अमेरिका की संघीय अदालत ने आयात पर जवाबी शुल्क लगाने के राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले पर रोक लगा दी है, जिससे निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। अमेरिकी अदालत ने ट्रंप की जवाबी शुल्क नीति पर रोक लगाई, जिसके बाद वैश्विक धारणा में सुधार हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से घरेलू बाजार दिन में ज्यादातर समय तक एक दायरे में कारोबार करता रहा। व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद के बीच आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-केंद्रित क्षेत्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.48 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.39 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शुरुआत में बाज़ार में सुस्त चाल देखने को मिली, जबकि मासिक डेरिवेटिव अनुबंध के निपटान के दिन शॉर्ट कवरिंग के बीच चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से बाजार में सुधार आया। उन्होंने कहा, निवेशकों के अमेरिकी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक के विवरण जारी होने का इंतजार करने के बावजूद मजबूत एशियाई और यूरोपीय संकेतों ने भी धारणा का समर्थन किया। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे।

डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे गिरकर 85.48 पर बंद

मुंबई। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे गिरकर 85.48 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपये को समर्थन मिला और इसकी गिरावट पर अंकुश लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा में, रुपया 85.56 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.62 के दिन के निचले स्तर को छू गया। रुपये ने दिन के उच्चतम 85.40 को छुआ और सत्र के अंत में डॉलर के मुकाबले 85.48 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद से 10 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 85.38 पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने रुपये पर दबाव डाला। मासांत की डॉलर मांग और एफआईआई की धननिकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 85.15 रुपये से 85.80 रुपये के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत बढ़कर 99.89 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी संघीय अदालत द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक जवाबी शुल्क आदेश पर रोक लगाने के बाद अमेरिकी मुद्रा सूचकांक में तेजी आई, जिससे वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं में कमी आने की उम्मीद बढ़ गई।

खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी के लिए घरेलू क्षमता के निर्माण पर ध्यान देने की जरूरत

नयी दिल्ली। भारत को खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी में घरेलू क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए ताकि आयात पर अपनी भारी निर्भरता को कम किया जा सके। देश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में उभरने के लिए अपनी कृषि ताकत का लाभ उठा रहा है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव देवेश देवल ने कहा कि उत्पादन और निर्यात में हमारी सफलता के बावजूद, हम आयातित खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह महत्वपूर्ण है कि उद्योग और सरकार घरेलू क्षमताओं का निर्माण करने और गुणवत्ता और पैमाने में सुधार करने के लिए मिलकर काम करें। भारत की कृषि क्षमता को अब उन्नत प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण में वैश्विक अगुवा के रूप में बदलना चाहिए।

नया फ्लिप फोन मोटोरोला रेजर 60 लॉन्च

बंगलुरू। मोटोरोला ने मोटोरोला रेजर 60 लॉन्च किया। यह फोन फ्लिप फोन की दुनिया को और बेहतर बनाता है। इसे स्टाइलिश जेन जी क्रिएटर्स के लिए बनाया गया है और इसमें दुनिया का पहला जेस्चर-आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग फीचर है। इसमें शानदार पर्ल मार्बल और फैब्रिक फिनिश है, जिसे प्रीमियम सामग्री से बनाया गया है। यह फोन बहुत मजबूत है, इसमें टाइटेनियम की मजबूती से लैस हिंज है जिसकी मदद से 500,000 से ज्यादा बार मोड़ा जा सकता है।

सोना 500 रुपये टूटा, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये घटकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, शुल्क जोखिम कम होने और अधिक सतर्क फेडरल रिजर्व द्वारा सुरक्षित-निवेश वाले परिसपंत्तियों की मांग को कम करने के कारण सोने की कीमतों में सुधार जारी है। मेहता ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मई बैठक के ब्योरे से पता चलता है कि नीति-निर्माता ब्याज दरों में कटौती के समय के बारे में देखो और इंतजार करो का दृष्टिकोण अपना रहे हैं, क्योंकि वे हाल के नीतिगत कदमों के आर्थिक प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। इसमें अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड द्वारा अब जवाबी शुल्क पर रोक भी शामिल है। हालांकि, स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, पश्चिम एशिया में इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष अस्थिरता और वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ावा दे रहा है, जिससे सोने की सुरक्षित-पनाहगाह मांग बढ़ रही है और अन्य प्रतिकूलताओं के बावजूद कीमतों को कुछ हद तक समर्थन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 17.94 डॉलर प्रति औंस गिरकर 3,304.46 डॉलर प्रति औंस रह गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू

भुवनेश्वर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की। यह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक तरीकों के माध्यम से भारतीय कृषि में बदलाव लाना है।

इस अभियान की शुरुआत ओडिशा के पुरी जिले के साक्षीगोपाल में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की मौजूदगी में हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के.वी. सिंह देव, स्थानीय विधायक के अलावा वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक भी मौजूद थे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कृषि वैज्ञानिकों को किसानों से सीधे जोड़कर भारत को विश्व की खाद्य टोकरी बनने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लैब टू लैंड विजन तथा विकसित भारत की अवधारणा को साकार करना है।

फ्लिपकार्ट मिनट्स का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने आज फ्लिपकार्ट मिनट्स के लिए नया अभियान शुरू किया। इस कैंपेन में मात्र 9 रुपये की शुरूआती कीमत पर ताजा सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को केंद्र में रखा गया है। ग्रॉसरी के बढ़ते बिल और समय की कमी जैसी रोजाना की चिंताओं को सामने रखते हुए इसमें दिखाया गया है कि कैसे फ्लिपकार्ट मिनट्स ने अच्छी गुणवत्ता वाली ताजा सब्जियों को कम समय में मंगाने का आसान रास्ता दिया है।

पीएम करेंगे नबीनगर तापीय बिजली परियोजना के दूसरे चरण का शिलान्यास

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 29,948 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली 2,400 मेगावाट की एनटीपीसी नबीनगर सुपर ताप बिजली परियोजना के दूसरे चरण का शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। दूसरे चरण के तहत 800-800 मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां लगायी जाएंगी।

यह परियोजना अत्याधुनिक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी पर आधारित है, जो कि बिजली उत्पादन में सर्वाधिक दक्षता प्रदान करती है। प्रस्तावित विस्तार के साथ इस परियोजना की कुल क्षमता 4,380 मेगावाट हो जाएगी। परियोजना की वर्तमान क्षमता 1,980 मेगावाट (660 मेगावाट की तीन इकाइयां) है। एनटीपीसी ने बयान में कहा कि इस परियोजना से बिहार के साथ-साथ राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों को भी किफायती और भरोसेमंद बिजली की आपूर्ति होगी। जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के तहत नबीनगर परियोजना के चरण दो के संयंत्रों में ड्राई बॉटम ऐश हैंडलिंग प्रणाली और एयर कूल्ड कन्डेनसर स्थापित किया जाएगा। इससे बिजली उत्पादन के लिए उपयोग में आने वाले शुद्ध जल की खपत में काफी कमी आएगी। बयान के अनुसार, इससे स्थानीय समुदायों, व्यवसायों और उद्योगों में बढ़ती ऊर्जा की जरूरतें पूरी हो सकेंगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। साथ ही, इस परियोजना से देश को ऊर्जा सुरक्षा और किफायती ऊर्जा के दोहरे उद्देश्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी।

एनटीपीसी देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उत्पादन कंपनी है। यह देश में विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में एक-चौथाई का योगदान देती है। इसकी मौजूदा स्थापित क्षमता 80 गीगावाट से अधिक है।

वित्त वर्ष 2024-25 में रहा इफको का शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47% की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो-उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया। इफको के शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि के सपने को साकार कर रहे हैं। समिति ने लगातार तीन वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है। पिछले 23 लगातार वर्षों से इफको ने अपने सदस्यों को चुकता शेयर पूंजी पर 20% लाभांश देकर पुरस्कृत किया है।

ट्रंप के व्यापार युद्ध के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पहली तिमाही में 0.2 प्रतिशत की गिरावट

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जनवरी-मार्च की पहली तिमाही में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। तीन साल में पहली बार अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट आई है।

सरकार ने बृहस्पतिवार को दूसरा अनुमान जारी किया, जो उसके पिछले अनुमान से कुछ बेहतर है। पहली तिमाही की वृद्धि में गिरावट आयात में भारी वृद्धि के कारण आई, क्योंकि अमेरिका में कंपनियों के बीच राष्ट्रपति द्वारा भारी आयात शुल्क लगाने से पहले विदेशी सामान लाने में जल्दबाजी दिखी। जनवरी-मार्च में सकल घरेलू उत्पाद (देश में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन) में आई गिरावट ने 2024 की चौथी तिमाही में हुई 2.4 प्रतिशत की वृद्धि को उलट दिया। आयात 42.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो 2020 की तीसरी तिमाही के बाद सबसे तेज गति है। इसने जीडीपी वृद्धि में पांच प्रतिशत से अधिक की कमी की। उपभोक्ता खर्च में भी तेज गिरावट आई। व्यापार घाटे से जीडीपी कम होता है। लेकिन यह मुख्य रूप से गणित का मामला है। जीडीपी में केवल वही गिना जाना चाहिए जो घरेलू स्तर पर उत्पादित होता है। इसलिए घरेलू उत्पादन को कृत्रिम रूप से बढ़ने से रोकने के लिए आयात घटाना पड़ता है। इसे सरकार जीडीपी रिपोर्ट में उपभोक्ता खर्च के रूप में गिनती है। पहली तिमाही में आयात में आई तेजी संभवतः अप्रैल-जून तिमाही में नहीं दोहराई जाएगी और इसलिए, जीडीपी पर इसका भार नहीं पड़ना चाहिए। बृहस्पतिवार की रिपोर्ट पहली तिमाही के जीडीपी के वाणिज्य विभाग के तीन अनुमानों में से दूसरा था। अंतिम संस्करण 26 जून को आएगा।

पेज एक का शेष

पूर्व की सरकारों

के होल्कर साम्राज्य की साम्राज्ञी बनीं। अहिल्याबाई होल्कर नाम की वो साम्राज्ञी विरासत की ऐसी आधारशिला रख देती है जो नये भारत के निर्माण में योगदान कर रही है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जब विरासत और विकास की बात करते हैं तो यह अभियान वही है जिसकी आधारशिला अहिल्याबाई होल्कर ने रखी थी। उनका साम्राज्य बहुत छोटा था लेकिन उसकी सीमाओं से पार जाकर उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुर्नस्थापित किया। यह बात हमें प्रेरित करती है। बीएल संतोष भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि अहिल्याबाई होल्कर के बारे में लोगों को नहीं बताया गया। हम लोग पुस्तक में पढ़कर ही उनके बारे में बोल पा रहे हैं। पुण्यश्लोक शब्द दर्शाता है कि उनके जीवन की हर पंक्ति एक पुण्य कार्य जैसी ही थी। उनके बारे में स्कूल-कॉलेज में भी कभी नहीं बताया गया। शिवाजी, राणा प्रताप, अहिल्याबाई होल्कर के बारे में पढ़ने के लिए हमारी स्कूली शिक्षा में कोई ध्यान शासन करने वालों ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में एक महिला ने 300 साल पहले महिला सशक्तिकरण का ऐसा उदाहरण पेश किया, जब इसका कोई नाम ही नहीं लेता था। महिलाओं, किसानों, व्यापार व आर्थिक जगत के लिए, कारीगरों के लिए, सभी के लिए बहुत कुछ किया। यह कार्य अतुलनीय है। अंग्रेजों ने भी उन्हें बेहतर डिप्लोमेट माना। वो एक अजेय रानी रहीं। अहिल्याबाई का धर्म और संस्कृति के पुनुरुत्थान के लिए बड़ा योगदान है। आज मोदी और योगी सरकारों के कार्यकाल में उसी विरासत को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। महिला सशक्तिकरण के साथ ही महिला नेतृत्व का विकास हो रहा है। उन्होंने सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय का जो मंत्र दियाए वहीं प्रधानमंत्री कहते हैं सबका साथ-सबका विकास।

पांच वरिष्ठ

के दौरान बस्ती रेंज में कानून व्यवस्था के कई अहम मामलों को सुलझाने में सफलता मिली थी। अब उनके स्थान पर नया अधिकारी भेजे जाने की तैयारी है। इसके अलावा भी कई अफसरों का कार्यक्षेत्र बदला है। आईपीएस आनंद सुरेश राव पुलिस उपमहानिरीक्षक, गोरखपुर से पुलिस उपमहानिरीक्षक, तकनीकी सेवाएं, लखनऊ भेजे गये। वही शिवासिम्पी चनप्पा अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी थे। उन्हें पुलिस उपमहानिरीक्षक, गोरखपुर बनाया गया है। इसके अलावा दिनेश कुमार पी उपमहानिरीक्षक, बस्ती थे इन्हे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति हेतु मुक्त किया गया है। वही संजीव त्यागी वर्तमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, लखनऊ में तैनात थे उन्हें अब पुलिस उपमहानिरीक्षक, बस्ती बनाया गया है। इसके अलावा शिवहरि मीना वर्तमान में पुलिस उपमहानिरीक्षक, तकनीकी सेवाएं, लखनऊ में तैनात थे। उन्हें अब अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी बनाया गया है।

भारत की

कि वह भविष्य में राज्य की यात्रा जरूर करेंगे। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से डिजिटल माध्यम से अपने संबोधन में कहा, पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर भारत में आतंक फैलाने वालों को करारा जवाब था। पहलगाम में आतंकवादियों ने जो किया वह मानवता पर हमला था और अब हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं। प्रधानमंत्री ने कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कई अन्य की आधारशिला रखी। मोदी द्वारा उद्घाटन की गई परियोजनाओं में नामची में 500 बिस्तरों वाला जिला अस्पताल, स्वर्ण जयंती मैत्रेय मंजरी (व्हाइट हॉल, रिज पार्क में), पेलिंग से सांगाचोलिंग मठ तक एक यात्री रोपवे, ममरिंग में एक गोशाला और गंगटोक जिले में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एक प्रतिमा की स्थापना शामिल है।

पीएम मोदी ने

क्षेत्र में 2.5 लाख से अधिक घरों के साथ-साथ वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराना है। योजना के एक भाग के रूप में, न्यूनतम कार्यक्रम लक्ष्यों के अनुरूप लगभग 19 संपीडि़त प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। मोदी ने अलीपुरद्वार और कूचबिहार के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इस परियोजना से एलपीजी सिलेंडर खरीदने की परेशानी से राहत मिलेगी, निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित होगी और हरित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, जिसके परिणामस्वरूप लागत में बचत होगी और पर्यावरणीय लाभ होगा। उन्होंने कहा कि शहरी गैस वितरण परियोजना केवल पाइपलाइन बिछाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह लोगों के दरवाजे तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। मोदी ने कहा कि इस पहल से विश्वसनीय, पर्यावरण अनुकूल और लागत प्रभावी ईंधन आपूर्ति उपलब्ध होने की उम्मीद है, साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, तो इस प्रक्रिया में बंगाल की भागीदारी अपेक्षित भी है और आवश्यक भी। इसी इरादे से केंद्र सरकार यहां अवसंरचना, नवोन्मेष और निवेश को निरंतर नयी गति दे रही है। क्षेत्र की अनूठी भौगोलिक और सांस्कृतिक विरासत का वर्णन करते हुए मोदी ने कहा, अलीपुरद्वार की यह धरती न केवल सीमाओं से जुड़ी है, बल्कि संस्कृतियों से भी जुड़ी है। एक तरफ भूटान की सीमा है, तो दूसरी तरफ स्वागत करता असम है। एक तरफ जलपाईगुड़ी की खूबसूरती है, तो दूसरी तरफ कूचबिहार का गौरव है।

वीवीआईपी रोड

पर तैनात पुलिसकर्मियों ने ना तो तत्काल एक्शन लिया और ना ही अधिकारियों को सूचना दी, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हुई। अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए लखनऊ पुलिस ने इन चार कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैः- उप निरीक्षक विपिन कुमार, चौकी प्रभारी अवध विहार -उप निरीक्षक राम सिंह श्रीनेत, रात्रि अधिकारी - उप निरीक्षक अंकुर, पॉलीगॉन -आरक्षी जय सिंह, पॉलीगॉन लापरवाही पड़ेगी भारी

पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जारी प्रेस नोट में साफ कहा गया है कि वीवीआईपी मार्गों पर ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर सूचना और कार्रवाई न होने के कारण जो जनता को परेशानी हुई, उसकी ज़िम्मेदारी तय करते हुए यह कदम उठाया गया है।

पाकिस्तान के

भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध हैं और हमें पूरा विश्वास है कि हमारे जो भाई आज भौगोलिक और राजनीतिक रूप से हमसे अलग हैं, वे भी किसी न किसी दिन अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर, आत्मसम्मान के साथ भारत की मुख्यधारा में लौट आएंगे। सिंह ने कहा कि पीओके के अधिकतर लोग भारत के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं और केवल कुछ ही लोग गुमराह हुए हैं। उन्होंने कहा, पीओके में रहने वाले हमारे भाई-बहनों की स्थिति वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह के समान है।

जल जीवन मिशन

ढहने की सूचना मिली थी। जल शक्ति मिशन के तहत किए गए घटिया काम के बारे में संबंधित अधिकारियों को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

भाजपा विधायक ने कहा कि जल निगम के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से काम में लापरवाही का नतीजा आज देखने को मिला। कृपया संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्वाई करें। गुस्साए ग्रामीणों ने घटना को लेकर जवाबदेही की मांग की।

विकसित कृषि

बागवानी से जुड़ी सरकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। किसानों के अनुभव, पारंपरिक ज्ञान, नवाचार और सुझावों को एकत्र कर वैज्ञानिक शोधों को और अधिक व्यावहारिक बनाए जाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान राज्य की कृषि व्यवस्था को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ते हुए किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार किसानों को तीन लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है। फार्म मशीनरी बैंक योजना के तहत कृषि उपकरणों की खरीद पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। गेहूं की खरीद पर प्रति क्विंटल 20 रुपये का बोनस और गन्ने के समर्थन मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी है। नहरों से सिंचाई की सुविधा किसानों को निशुल्क प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित भुवन विक्रम डबराल, कृषि सचिव एसएन पांडेय, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान और भरसार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमेन्द्र कौशल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यूपी को

पर गरज के साथ हल्की बारिश होगी। विभाग ने 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया है। लखनऊ स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से दो या तीन दिनों तक पूरे प्रदेश में बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि प्रभावित होने वाले जिलों में बांदा, फतेहपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर सहित 60 से ज्यादा जिले शामिल हैं।

केरल में मूसलाधार

शेष 11 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रेड अलर्ट का अभिप्राय है कि 24 घंटे में 20 सेंटीमीटर से अधिक एवं मूसलाधार बारिश हो सकती है जबकि ऑरेंज अलर्ट का अर्थ है कि उक्त क्षेत्र में 24 घंटे की अवधि में 11 से 20 सेमी तक वर्षा हो सकती है। येलो अलर्ट का अभिप्राय है कि अधिसूचित क्षेत्र में छह से 11 सेमी बारिश हो सकती है।

आयकर दफ्तर में

लेकिन तब तक बात बढ़ चुकी थी। दोनों के बीच तेज आवाज में कहासुनी के बीच मारपीट होने लगी। आरोप है कि संयुक्त आयुक्त ने पानी से भरा गिलास फेंककर मारा। हाथापाई के दौरान उनकी अंगूठी गौरव गर्ग के चेहरे पर लग गई। हल्ला मचने पर कर्मचारी भी पहुंचे। किसी के कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वरिष्ठ अधिकारियों के विवाद को कैसे शांत कराया जाए। फिलहाल वरिष्ठ अधिकारी का दरवाजा खुलवाकर दूसरे अधिकारी कमरे में पहुंचे तो मारपीट हो रही थी। इसमें गौरव के चेहरे, सिर और हाथ पर चोट थी। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया। सूचना हजरतगंज पुलिस को दी गई।

उपायुक्त वरिष्ठ अधिकारी की कर रहे थे जांच

आयकर सूत्रों के मुताबिक डिप्टी कमिश्नर गौरव गर्ग के पास सीनियर अधिकारी की जांच है। कुछ वक्त पहले सीनियर अधिकारी का उत्तराखंड काशीपुर तबादला हुआ था। गुरुवार को जांच के संबंध में ही संयुक्त आयुक्त आयकर दफ्तर आए थे। सीनियर अधिकारी को संदेह था कि गौरव गर्ग के कारण ही उनका तबादला हुआ है। हालांकि एक वरिष्ठ अधिकारी की शुक्रवार को विदाई होनी है। उसमें भी संयुक्त आयुक्त को शामिल होना था।

आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में

आईपीएल : क्वालिफायर-1 में पंजाब को 8 विकेट से हराया, सुयश-हेजलवुड को 3-3 विकेट; सॉल्ट की फिफ्टी

एजेंसी

मुल्लांपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 9 साल बाद आईपीएल फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने गुरुवार को क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराया। ओपनर फिल सॉल्ट ने फिफ्टी लगाई। वहीं, जोश हेजलवुड और सुयश शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में गुरुवार को बेंगलुरु ने बॉलिंग चुनी। पंजाब किंग्स 14.1 ओवर 101 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोयनिस ने 26 रन बनाए। यश दयाल को 2 विकेट मिले। फउइ ने 10 ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान रजत पाटीदार ने छक्का लगाकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। बेंगलुरु ने चौथी बार कढछ फाइनल में जगह बनाई। टीम ने 2016 में आखिरी खिताबी मुकाबला खेला था, लेकिन रनर-अप रही। फउइ अब 3 जून अहमदाबाद में फाइनल खेलेगी। वहीं पंजाब किंग्स 1 जून को क्वालिफायर-2 में एलिमिनेटर की विजेता से भिड़ेगी। एलिमिनेटर शुक्रवार को मुंबई और गुजरात के बीच होगा।

पंजाब किंग्स आईपीएल के क्वालिफायर-1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 101 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में बेंगलुरु ने 3 ओवर में बिना नुकसान के 30 रन बना लिए है। फिल सॉल्ट और विराट कोहली क्रीज पर हैं। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम ने पंजाब को 14.1 ओवर में ही समेट दिया। फउइ से जोश हेजलवुड और सुयश शर्मा ने 3-3 विकेट झटके। यश दयाल को 2, भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक विकेट मिला। पंजाब से सबसे ज्यादा रन मार्कस स्टोयनिस (26 रन) ने बनाए। अजमतुल्लाह ओमरजई और प्रभसिमरन सिंह ने 18-18 रन बनाए। बाकी बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सके। पारी के तीसरे ओवर में फिल सॉल्ट ने अर्शदीप सिंह के ओवर में 2 बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। पंजाब की ओर से पहला ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर में 11 रन खर्च कर दिए हैं। इस ओवर की दूसरी बॉल पर विराट कोहली ने चौका लगाकर अपना खाता खोला। पंजाब की टीम 15वें ओवर में ऑलआउट हो गई है। जोश हेजलवुड ने पहली बॉल पर अजमतुल्लाह ओमरजई को जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। 14वें ओवर में पंजाब ने 9वां विकेट गंवाया दिया है।

यहां हरप्रीत बरार (4 रन) को रोमारियो शेफर्ड ने बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में पंजाब ने 8वां विकेट गंवाया। इस ओवर में सुयश शर्मा ने मार्कस स्टोयनिस (26 रन) को बोल्ड कर दिया। उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर मुशीर खान (शून्य) और शशांक सिंह (3 रन) को नौवें ओवर में आउट किया। पंजाब ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। यहां नेहल वाधेरा 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यश दयाल ने बोल्ड कर दिया। दयाल ने प्रियांश आर्या को भी पवेलियन भेजा है। टॉस हारकर बैटिंग कर रही पंजाब की शुरूआत खराब रही है। टीम ने पावरप्ले के अंदर 48 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए हैं। जोस इंग्लिश 4 रन, कप्तान श्रेयस अय्यर 2 रन, प्रभसिमरन सिंह 18 रन और प्रियांश आर्या 7 रन बनाकर आउट हुए। हेजलवुड 2 विकेट ले चुके हैं। जोश हेजलवुड ने पावरप्ले में पंजाब को बैक फुट पर धकेल दिया है। उन्होंने लगातार दूसरे ओवर में विकेट झटके हैं। चौथे ओवर की चौथी बॉल पर श्रेयस अय्यर को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। उन्होंने अय्यर को चौथी बार आउट किया। छठे ओवर की पहली बॉल पर जोश इंग्लिस को भुवनेश्वर कुमार के हाथों कैच कराया। जोश 4 रन ही बना सके। पंजाब ने 27 रन के स्कोर पर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए हैं। प्रियांश आर्या के बाद प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। भुवी ने प्रभसिमरन को 5वीं बार आउट किया है। पंजाब किंग्स ने दूसरे ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। यहां प्रियांश आर्या 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यश दयाल ने क्रुणाल पंड्या के हाथों कैच कराया। मैच का पहला ओवर डाल रहे भुवनेश्वर कुमार ने 8 रन खर्च किए। उनके पहले ओवर की तीसरी बॉल पर प्रियांश आर्या ने बाउंड्री लगाई।

डी गुकेश ने नाकामूरा को हराकर की वापसी

स्टेवेंगर (नॉर्वे)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने 19वें जन्मदिन के मौके पर तीसरे दौर में अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा को हराकर अपने अंकों का खाता खोला जबकि नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को यहां अर्जुन एरिगेसी को पहली हार का सामना करना पड़ा।

शुरुआती दो दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले गुकेश ने रेपिड और ब्लिट्ज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामूरा को समय के दबाव में रखा और 42 चाल में बाजी जीतकर तीन अंक जुटाए। गुकेश सफेद मोहरों से खेलते हुए छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके तीन अंक के साथ चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी से आगे पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश ने कहा काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं (जीत को लेकर)। मुझे लगता है कि पहले की तुलना में आज मेरा समय प्रबंधन काफी बेहतर था। उसे (नाकामूरा को) कुछ मौके मिले लेकिन कुल मिलाकर मुकाबला अच्छा था। लगातार दो हार के बाद गुकेश के लिए यह शानदार वापसी थी और उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले दो दिन उनके लिए कठिन रहे थे। गुकेश ने कहा, हां, पिछली दो बाजी थोड़ी कठिन थीं। लेकिन आज मैंने इसे एक नए टूर्नामेंट की तरह खेलने की कोशिश की। मुझे खुशी है कि मैं (इस तरह) खेला। अच्छी शुरुआत करने के बाद एरिगेसी को ग्रैंडमास्टर फाबियानो करुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

गत चैंपियन कार्लसन को आर्मागेडोन टाईब्रेक में चीन के वेई यी ने हराया। करुआना तीन और अंक जुटाकर छह अंक के साथ शीर्ष पर हैं। कार्लसन पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी और नाकामूरा 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत नाकामूरा के खिलाफ हार से करने वाले करुआना लगातार दो जीत के साथ लाइव रेटिंग में एरिगेसी को पछाड़कर दोबारा दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी बन गए हैं। महिला प्रतियोगिता में दो बार की विश्व रेपिड चैंपियन कोनेरू हंपी और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक छह अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

संक्षेप

उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल महिला टीम

बेंगलुरु। भारतीय महिला फुटबॉल टीम आगामी एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वालीफायर की तैयारियों के लिए शुक्रवार को यहां दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में से पहले मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम को 23 जून से पांच जुलाई तक एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में खेलना है। भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा कि वे आगामी मैचों के लिए गंभीरता से तैयारी कर रहे हैं। छेत्री ने कहा हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। टीम ने लगभग 25 दिन तक तैयारी की है और सब कुछ उम्मीदों के अनुरूप चल रहा है। फरवरी में जब से छेत्री ने भारतीय टीम के मुख्य कोच का पद संभाला है, तब से सीनियर महिला टीम में कई युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

पाकिस्तान ने बांग्लादेश पर 37 रन से हराया

लाहौर। तेज गेंदबाज हसन अली ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने पहले टी20 में बांग्लादेश को 37 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में।-0 की बढत बना ली। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ 56 रन की पारी खेली जिससे मेजबान टीम ने सात विकेट पर 201 रन का स्कोर खड़ा किया। शादाब खान ने 48 जबकि हसन नवाज ने 44 रन का योगदान दिया। सलमान ने मोहम्मद हारिस (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 जबकि हसन नवाज के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी भी की। अंतिम ओवरों में शादाब और फहीम अशरफ (नाबाद 11) ने सातवें विकेट के लिए सिर्फ 22 गेंद में 50 रन जोड़कर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बांग्लादेश की ओर से शरीफुल इस्लाम ने 32 रन देकर दो विकेट चटकाए।

भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के लिए रवाना

बेंगलुरु। दुनिया के हॉकी खेलने वाले कुछ शीर्ष देशों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद के साथ भारतीय पुरुष टीम बृहस्पतिवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता का यूरोपीय चरण सात से 22 जून के बीच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में होगा। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, यूरोपीय चरण हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा सामना दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों से होगा। भुवनेश्वर चरण में हमें कुछ मिश्रित परिणाम मिले लेकिन हम तालिका में अच्छी स्थिति में हैं।

सात्विक व चिराग सिंगापुन ओपन के क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी

सिंगापुर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया।

अविनाश साबले ने एशियाई एथलेटिक्स में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक

गुमी (दक्षिण कोरिया)। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अविनाश साबले गुरुवार को यहां सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले 36 साल में पहले भारतीय पुरुष बन गए। साबले ने आठ मिनट 20.92 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। यह एशियाई चैंपियनशिप में उनका दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में रजत पदक जीता था। भारत की तरफ से इससे पहले दीनाराम ने 1989 में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

सात्विक व चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में

सिंगापुर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सात्विक और चिराग ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की।

अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि पुरुष एकल में भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21 14-21 से हारकर बाहर हो गए।

याराजी व साबले ने एशियाई एथलेटिक्स में जीते स्वर्ण

एजेंसी

गुमी (दक्षिण कोरिया)। भारत की महिला बाधा दौड़ की नंबर एक धाविका ज्योति याराजी और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां 26वीं एशियाई **एथलेटिक्स** चैंपियनशिप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। साबले सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले 36 साल में पहले भारतीय पुरुष बन गए।

इसके तुरंत बाद ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12.96 सेकंड का चैम्पियनशिप का नया रिकॉर्ड बनाते हुए इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था। साबले ने आठ मिनट 20.92 सेकंड (8:20.92 सेकंड) का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। यह एशियाई चैंपियनशिप में उनका दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में रजत पदक जीता था। उनका आज का प्रदर्शन हालांकि 2024 में हासिल किए गए उनके 8:09.91 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के कहीं भी करीब नहीं था। भारत की तरफ से इससे पहले दीनाराम ने 1989 में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हरबेल सिंह 1975 में पुरुषों की स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे।

ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी। ज्योति से पहले साबले ने अपनी पसंदीदा स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक जीता और चैंपियनशिप में भारत की स्थिति मजबूत की। जापान के युतारो नीनाए ने 8:24.41 सेकंड के साथ रजत पदक जीता। वह अंतिम लैप की शुरुआत में आगे चल रहे थे, लेकिन साबले ने शानदार प्रयास करते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया और स्वर्ण पदक हासिल किया। कतर के जकारिया इलाहलामी ने 8:27.12 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

आईपीएल : गुजरात टाइटंस व मुंबई के बीच रोमांचक मुकाबला

एजेंसी

मुल्लांपुर। खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में शुक्रवार को यहां पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मौका मिलेगा।

खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई इंडियन्स की टीम प्ले ऑफ में जगह बनाने में सफल रही। टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्ले ऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। हालांकि गिल और हार्दिक दोनों को ही काफी कुछ साबित करना है। अगर टाइटंस खिताब जीतता है तो भारत के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान गिल की कप्तान के रूप में साख मजबूत होगी। हार्दिक को पिछले साल टीम में वापसी पर हूटिंग का सामना करने के बाद प्रशंसकों का प्यार वापस मिल गया है और आईपीएल ट्रॉफी से वह फ्रेंचाइजी के महान खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। हालांकि दोनों कप्तान को खिताब की तलाश में अपने सामने मौजूद मुद्दों का हल खोजना होगा। टाइटंस की टीम अधिक चिंतित होगी क्योंकि उसने प्ले ऑफ से पहले लय गंवा दी है।

टीम ने अपने पिछले दो मैच में हार के दौरान विरोधी टीम को 465 रन बनाने दिए और प्ले ऑफ में उसे गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मोहम्मद सिराज को पावर प्ले में टीम को सफलता दिलानी होगी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान को नई गेंद से संघर्ष करना पड़ा है जिससे टाइटंस की समस्याएं बढ़ गई हैं और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ गया है जो मौजूदा सत्र में 23 विकेट के साथ टीम के लिए तुरुप का पत्ता साबित हुए हैं। तेज गेंदबाजी विभाग की कमजोरियों के अलावा स्पिन ऑलराउंडर राशिद खान की प्रभावहीनता ने गेंदबाजी में टीम की मुसीबतों को और बढ़ा दिया है। बल्लेबाजी विभाग में शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, गिल और जोस बटलर ने टीम को प्ले ऑफ में जगह दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बटलर लीग चरण के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए स्वदेश रवाना हो चुके हैं और प्ले ऑफ में टीम को उनकी कमी खलेगी।

बटलर के विकल्प के तौर पर टीम ने कुसाल मेंडिस को टीम में शामिल किया है लेकिन देखना होगा कि वह इंग्लैंड के इस स्टार बल्लेबाज की कमी को पूरा कर पाते हैं या नहीं। टाइटंस के मध्यक्रम में मौजूद शाहरूख खान और शेरफेन रदरफोर्ड सबसे अधिक भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं जिससे मुंबई के खिलाफ टाइटंस की राह आसान नहीं होगी। टाइटंस की तरह मुंबई को भी विदेशी खिलाड़ियों के जाने से नुकसान हुआ है।

शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा के साथ रेयान रिकल्टन ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज अब राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुका है। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स के साथ भी ऐसा ही है। इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के अलावा रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका को मुंबई ने अपने साथ जोड़ा है। एलिमिनेटर में रोहित के साथ बेयरस्टो पारी का आगाज कर सकते हैं। मध्यक्रम में तिलक वर्मा का खराब प्रदर्शन भी मुंबई के लिए चिंता का सबब है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी में मुंबई के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह मौजूदा सत्र में 640 रन बना चुके हैं। अगर वह विफल रहते हैं तो मुंबई की राह बेहद मुश्किल हो जाएगी।

इंग्लैंड में पहले टेस्ट में भारत के लिए पदार्पण करेंगे अर्शदीप : पोंटिंग

मुल्लांपुर। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी और पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को लगता है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत के लिए पदार्पण करेंगे। पिछले हफ्ते अर्शदीप को टी20 प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद पिछले चार साल में पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। पंजाब किंग्स में अर्शदीप के प्रदर्शन को करीब से देखने के बाद पोंटिंग को लगता है।

बजरंग ने कोच नरेश दहिया से माफी मांगी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कुश्ती कोच नरेश दहिया की छवि धूमिल करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के साथ मिलकर बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था जिसमें उन पर कई जूनियर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। बजरंग ने 10 मई 2023 को जंतर मंतर पर धरने के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि नरेश दहिया खुद बलात्कार के आरोपी हैं इसलिए उन्हें उनके विरोध प्रदर्शन पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। इसके बाद दहिया ने बजरंग को अदालत में घसीटकर मानहानि का मुकदमा दायर किया था। बजरंग को अदालत ने समन जारी किया था और उन्हें चौथी सुनवाई में जमानत भी दे दी थी। बजरंग ने 17 मई को कोच से माफी मांगी और अपने किए पर खेद जताया। बजरंग ने अपने माफीनामे में कहा, मैं जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के समय हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कोच नरेश दहिया के खिलाफ दिए गए गलत और असंवेदनशील बयान के लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं। इसकी एक प्रति पीटीआई के पास है।

इंग्लैंड के हालात को समझने उतरेंगे भारतीय टेस्ट क्रिकेटर

एजेंसी

कैंटरबरी (इंग्लैंड)। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी समेत कई प्रमुख टेस्ट क्रिकेटर इंग्लैंड के हालात में ढलने की कोशिश करेंगे जब भारत ए टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट खेलेगी। जायसवाल और नीतिश के अलावा भारत ए टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, करूण नायर, तेज गेंदबाज आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर भी हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला 20 जून से लीड्स पर शुरू होगी। करूण को छोड़कर बाकी सभी का यह पहला इंग्लैंड दौरा है। ईश्वरन की बात करें तो रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारत को जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत के लिये एक बल्लेबाज चाहिये। इसके साथ ही विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर के लिये भी बल्लेबाज चाहिये। ईश्वरन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 101 मैचों में पारी का आगाज कर चुके हैं। वह कई मौकों पर पहले भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के करीब पहुंचे लेकिन चूक गए। अब रोहित के संन्यास के बाद वह सलामी बल्लेबाज या तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह बना सकते हैं। चयनकर्ता अगर केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका देते हैं तो वह तीसरे नंबर पर और नये कप्तान शुभमन गिल चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। करूण भी आठ साल बाद भारतीय टीम में लौटे हैं जिन्होंने 2023 . 24 सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं। इंग्लैंड में नॉर्थम्पटनशर के लिये काउंटी क्रिकेट खेल चुके करूण को यहां के हालात का अच्छा अनुभव है। नीतिश रेड्डी ने 2024 . 25 के आस्ट्रेलिया दौरे पर पांच टेस्ट में एक शतक समेत 298 रन बनाये। भारत ए टीम और टेस्ट टीम में ठाकुर के चयन से साबित है।

कृषि उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकसित भारत को परिभाषित करने के लिए लोगों की आय में आठ गुना वृद्धि करनी होगी। उन्होंने किसानों से कृषि से आगे देखने व अपनी आय बढ़ाने के लिए कृषि आधारित उत्पादों पर ध्यान केंद्रित का आग्रह किया।

पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह की पुण्यतिथि पर यहां श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में, उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत का मतलब दुनिया में देश की अर्थव्यवस्था की रैंक नहीं है। धनखड़ ने कहा कि उन्होंने महसूस किया कि विकसित भारत को परिभाषित करने और इसे जमीनी हकीकत बनाने के लिए लोगों की आय में आठ गुना वृद्धि करनी होगी। धनखड़ ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा विकास निश्चित रूप से होगा, बशर्ते किसान दूरदर्शिता दिखाएं। उन्होंने कहा कि किसान खेती और फसल की कटाई में बहुत महत्व रखते हैं, लेकिन इसके अलावा उनकी भूमिका नगण्य है। उन्होंने किसानों से पशुपालन और कृषि आधारित उद्योग में अपनी भागीदारी बढ़ाने का भी आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि पूरा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग कृषि उपज पर आधारित है और किसानों को अपनी उपज के आधार पर मूल्य संवर्धन का हिस्सा बनने की जरूरत है। वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी जनगणना में जाति गणना सामाजिक न्याय लाने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम होगी। उन्होंने साथ ही इस बात को खारिज कर दिया कि इससे समाज में समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि विचारपूर्वक एकत्रित जातिगत आंकड़ा एकीकरण का माध्यम होगा, जैसे शरीर की एमआरआई होती है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ठोस आंकड़ों के बिना नीतिगत योजना बनाना अंधेरे में सर्जरी करने जैसा है।

भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जाति गणना एक परिवर्तनकारी और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगी। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक न्याय लाने में मदद करेगी और आंखें खोलने वाला कदम होगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में धनखड़ के हवाले से कहा गया, यह लोगों की आकांक्षाओं को संतुष्टि देगी। यह सरकार का एक व्यापक निर्णय है। धनखड़ ने कहा कि जातिगत आंकड़े, यदि सोच-समझकर एकत्र किए जाएं, तो वे किसी भी प्रकार से विभाजनकारी नहीं है, बल्कि वे एकीकरण के उपकरण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस पर बहस कर रहे हैं, लेकिन हम परिपक्व समाज हैं। किसी जानकारी को इकट्ठा करना समस्या कैसे हो सकता है? यह तो अपने शरीर की एमआरआई कराने जैसा है-तभी तो आपको अपने बारे में जानकारी मिलती है। इस प्रक्रिया से हम संविधान में निहित समानता जैसे अमूर्त संकल्पों को मापनीय और जवाबदेह नीतिगत परिणामों में परिवर्तित कर सकते हैं। धनखड़ ने दोहराया कि भारत का विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि साक्ष्य-आधारित योजना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मार्ग आंकड़ों के आधार पर साक्ष्य-आधारित मील के पत्थरों से चिह्नित है। हमें ऐसा राष्ट्र बनाना है जो अनुभवजन्य रूप से सोचता हो और ठोस प्रमाणों के आधार पर आगे बढ़े। धनखड़ ने नीति निर्धारण में प्रासंगिक आंकड़ों के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि सांख्यिकी सिर्फ संख्याओं की बात नहीं है, यह उससे कहीं अधिक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि आंकड़े समकालीन परिप्रेक्ष्य में न हों, तो वे बासी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सही समय पर लिए गए निर्णय क्रांतिकारी प्रभाव डाल सकते हैं। विभिन्न पक्षों और विभिन्न राजनीतिक दलों की मांगों के बीच सरकार ने पिछले महीने अगली राष्ट्रव्यापी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय लिया।

लालू ने सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने के लिए अदालत का रुख किया

नयी दिल्ली। पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से अनुरोध किया।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल अदालत में पेश हुए और दलील दी कि मामले में जांच और प्राथमिकी के साथ-साथ अन्वेषण और बाद में आरोपपत्र कानूनी रूप से टिक नहीं सकते, क्योंकि सीबीआई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति प्राप्त करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि किसी लोक सेवक के खिलाफ कोई जांच या अन्वेषण शुरू करने के लिए धारा 17ए के तहत मंजूरी लेना कानूनन आवश्यक है। सिब्बल ने दलील दी कि निचली अदालत आरोपों पर दलीलें 2 जून को सुनने वाली है और अदालत से इसे टालने का निर्देश देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक प्रारंभिक क्लोजर रिपोर्ट के बाद भी, 2004 से 2009 के बीच कथित रूप से किए गए अपराधों के लिए सीबीआई द्वारा 2022 में प्राथमिकी दर्ज की गई और निचली अदालत ने संज्ञान लिया और 25 फरवरी को तीन आरोपपत्रों को जोड़ दिया। सिब्बल ने कहा कि अगर आरोप तय हो गया, तो मैं क्या करूंगा? कृपया एक महीने तक इंतजार करें। हम मामले पर बहस करेंगे। आपने (प्राथमिकी दर्ज करने के लिए) 14 साल तक इंतजार किया है। यह दुर्भावनापूर्ण है। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने सिब्बल के साथ-साथ सीबीआई की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डी पी सिंह की दलीलें सुनीं और कहा कि वह इस पर एक आदेश सुनाएंगे। सिंह ने याचिका का विरोध किया और कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 19 के तहत आवश्यक मंजूरी प्राप्त की गई है। धारा 19 किसी अपराध का किसी अदालत द्वारा संज्ञान लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता से संबंधित है। हालांकि, सिब्बल ने कहा कि धारा 17ए के तहत अनुमति से पहले लेनी होती है। सिंह ने कहा कि धारा 17ए के अनिवार्य अनुपालन का मुद्दा अलग-अलग विचारों के कारण उच्चतम न्यायालय की एक बड़ी पीठ के समक्ष लंबित है।

संक्षेप

चीनी छात्रों का वीजा रद्द करेगा अमेरिका : मार्को रूबियो

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को घोषणा की कि अमेरिका कुछ चीनी छात्रों के वीजा रद्द करना शुरू करेगा। इनमे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े या संवेदनशील क्षेत्रों में पढ़ रहे चीनी छात्र शामिल होंगे। रूबियो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि सरकार सख्ती के साथ चीनी छात्रों के वीजा रद्द करेगी। अमेरिका में बाहर से पढ़ने आने वाले छात्रों के लिहाज से चीन का भारत के बाद दूसरा स्थान है। चीनी छात्रों का आंकड़ा 2023-2024 के शैक्षणिक वर्ष में 270,000 से अधिक का था, जो अमेरिका में सभी विदेशी छात्रों का लगभग एक चौथाई हिस्सा था। रूबियो ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए नये वीजा साक्षात्कारों के आयोजन को रोक दिया क्योंकि विभाग सोशल मीडिया पर उनकी गतिविधियों की अधिक जांच के लिए दिशा-निर्देश तैयार कर रहा है। इससे विदेशी छात्रों में असमंजस बढ़ गया है। विस्कॉन्सिन ओशकोश विश्वविद्यालय के छात्र व्लादिस्लाव प्लायाका अपनी मां से मिलने और अपना वीज़ा नवीनीकृत कराने के लिए पोलैंड जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन उन्हें नहीं पता कि अब यह कब संभव होगा क्योंकि वीज़ा नवीनीकरण की सुविधाएं निलंबित हैं। मुझे नहीं लगता कि इस समय मुझे सिस्टम पर पर्याप्त भरोसा है।

दक्षिण कोरिया में नौसेना का गश्ती विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

सियोल। दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चालक दल के सभी चार सदस्यों की मौत हो गई। नौसना ने यह जानकारी दी।

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पी-3सी गश्ती विमान दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग स्थित अपने बेस से दोपहर एक बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारण से यह जमीन पर गिर गया। नौसेना ने कहा कि उसने चालक दल के चार सदस्यों के शवों की पहचान कर ली है। नौसेना ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है और पी-3 की सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। पोहांग स्थित एक आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने एक उड़ती हुई वस्तु के गिरने और धमाके की आवाज सुने जाने की सूचना दी, जिसके बाद बचावकर्मियों और दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। योनहाप समाचार एजेंसी ने दुर्घटना की तस्वीरें प्रकाशित की हैं जिसमें दमकल कर्मी दुर्घटनास्थल के पास आग बुझाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

एलन मस्क का ट्रंप प्रशासन से इस्तीफा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में सलाहकार के तौर पर कार्य कर रहे एलन मस्क ने संघीय खर्च में कटौती और नौकरशाही में सुधार के प्रयासों के बाद पद छोड़ दिया है। एलन मस्क ने बुधवार शाम को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

उन्होंने हाल में संकेत दिया था कि अब वह अपनी कंपनी टेस्ला और स्पेसएक्स के कारोबार पर ध्यान देंगे। मस्क ने एक्स पर लिखा, विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा निर्धारित समय समाप्त हो रहा है। मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देना चाहता कि उन्होंने मुझे फिजूलखर्ची को कम करने का अवसर दिया। डीओजीई मिशन समय के साथ और मजबूत होगा क्योंकि यह जीवन का एक तरीका बन जाएगा। अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत के बाद मस्क को 2025 में नवगठित सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) के नेतृत्व का जिम्मा सौंपा गया था, जिसका उद्देश्य सरकारी खर्च में कटौती और दक्षता को बढ़ाना था। मस्क ने सरकारी खर्च में भारी कटौती का लक्ष्य रखा था, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली और कई बार प्रशासन के अन्य सदस्यों से मतभेद भी हुए। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर मस्क के इस्तीफा देने की पुष्टि की। मस्क ने अपने निर्णय की घोषणा सीबीएस द्वारा उनके साथ एक साक्षात्कार के अंश जारी किए जाने के एक दिन बाद की।

वेस्ट बैंक में और यहूदी बस्तियां बसायेंगे: इजराइल

यरूशलम। इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 22 नयी यहूदी बस्तियां बसाएगा।

इजराइल ने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में गाजा, पूर्वी यरूशलम और वेस्ट बैंक पर कब्जा कर लिया था और फलस्तीनी चाहते हैं कि उनके भविष्य के राष्ट्र में ये तीनों क्षेत्र शामिल हों। ज्यादातर देश बस्तियों को अवैध और दशकों पुराने संघर्ष को हल करने में बाधा मानते हैं। रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने कहा कि बस्तियां बसाने से हमारी पकड़ मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस फैसले से इजराइल की भूमि पर हमारे ऐतिहासिक अधिकार को मजबूत मिलेगी और फलस्तीनी आतंकवाद कुचला जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक रणनीतिक कदम है जो इजराइल के लिए खतरा बनने वाले फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना को रोकेगा। इजराइल पहले ही इस क्षेत्र में 100 से अधिक बस्तियां बसा चुका है, जिनमें लगभग पांच लाख लोग रह रहे हैं। वेस्ट बैंक में 30 लाख फलस्तीनी रहते हैं, जिनपर इजराइली सेना का पहरा रहता है। वेस्ट बैंक में पश्चिम देशों का समर्थन प्राप्त फलस्तीनी प्राधिकरण शासन करता है। इस बीच, गाजा में बीती रात हुए इजराइली हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अस्पतालों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार देर रात गाजा शहर में एक कार पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई जबकि दो महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ अन्य लोग जबालिया में एक घर पर हुए हमले में मारे गए। इसके अलावा मध्य गाजा में एक शरणार्थी शिविर पर हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

मोहम्मद सिनवार मारा गया: नेतन्याहू

काहिरा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि हमास की सशस्त्र शाखा का प्रमुख माना जाने वाला मोहम्मद सिनवार मारा जा चुका है। उन्होंने गाजा में हाल में हुए एक हमले में उसकी मौत की स्पष्ट रूप से पुष्टि की। हमास की ओर से हालांकि तत्काल इसकी पुष्टि नहीं की गई है। मोहम्मद सिनवार सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले की योजना बनाने में मदद करने वाले याह्या सिनवार का भाई है। याह्या को अक्टूबर 2024 में इजराइली सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। नेतन्याहू ने संसद में एक बयान में सिनवार के मारे जाने का उल्लेख किया और उसे युद्ध के दौरान मारे गए हमास के शीर्ष नेताओं में से एक बताया।

43 आपराधिक मामले वापस लेने के आदेश रद्द किया गया

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राज्य सरकार के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें लोक अभियोजकों को 2022 के हुबली दंगों से जुड़े मामलों समेत 43 आपराधिक मामले वापस लेने का निर्देश दिया गया था। अदालत का यह फैसला अधिवक्ता गिरीश भारद्वाज की एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर आया, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार के आदेश को चुनौती दी है।

मुख्य न्यायाधीश एन वी अंजारिया और न्यायमूर्ति के वी अरविंद की पीठ ने जनहित याचिका स्वीकार करते हुए सरकार के निर्देश को शुरू से ही अमान्य घोषित कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा, सरकारी आदेश को रद्द किया जाता है। इसे शुरू से ही अमान्य माना जाएगा। इसके कानूनी परिणाम सामने आएंगे। कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति अंजारिया ने कानूनी बिरादरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्हें उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत किया गया है। उन्होंने आदेश सुनाने से पहले भावुक होकर कहा कि यह इस अदालत में मेरा आखिरी दिन है। मैं सभी वकीलों, उच्च न्यायालय के कर्मचारियों और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। यह मेरी अंतिम बैठक, अंतिम घोषणा और अंतिम आदेश है। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता वेंकटेश दलवई ने दलील दी कि राज्य सरकार ने अभियोजन पक्ष को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 321 के तहत मामले वापस लेने के लिए आवेदन दायर करने का निर्देश देकर अपने अधिकार का अतिक्रमण किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुकदमा वापस लेने का निर्णय पूरी तरह से सरकारी अभियोजक के पास है, जिसे स्वतंत्र रूप से कार्य करना चाहिए, न कि कार्यपालिका के इशारे पर। शीर्ष अदालत के फैसलों का हवाला देते हुए दलवई ने दलील दी कि अभियोजक सरकारी फैसलों के लिए महज मध्यस्थ नहीं होते हैं, बल्कि उन्हें प्रत्येक मामले का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधि विभाग और अभियोजन एवं सरकारी वाद विभाग, दोनों ने 43 मामलों को वापस न लेने की सलाह दी थी, लेकिन इसे गृह विभाग ने नजरअंदाज कर दिया। गृह विभाग ने 15 अक्टूबर, 2024 को मुकदमे वापस लेने का आदेश जारी किया। इन मुकदमों में दंगा, हत्या का प्रयास, पुलिसकर्मियों पर हमला और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर अपराध शामिल थे। इनमें हुबली दंगों से जुड़े मामले भी शामिल थे, जो एक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण शुरू हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर आंदोलन के दौरान एक पुलिस स्टेशन में तोड़फोड़ की।

इंटरटेनमेंट...

ओटीटी रिव्यू : क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4

मुंबई। एक्टर पंकज त्रिपाठी एक बार फिर माधव मिश्रा बनकर अदालत में लौटे हैं। इस बार सीरीज के पहले केवल 3 एपिसोड जियोहोटस्टार पर रिलीज हुए हैं। इतने कम एपिसोड्स में एक जटिल और भावनात्मक केस को दिखाना जोखिम भरा फैसला था।

इससे दर्शकों को थोड़ी अधूरी सी अनुभूति हो सकती है, हालांकि आगे के एपिसोड्स को लेकर उत्सुकता भी बनी रहती है। इस सीरीज को 5 में से 3.5 स्टार रेटिंग दी है। नामचीन सर्जन डॉ. राज नागपाल (मोहम्मद जीशान अय्यूब) पर उसकी ही गर्लफ्रेंड रोशनी सलूजा (आशा नेगी) की हत्या का आरोप है। मामला मीडिया की सुर्खियों में है, पुलिस ने साक्ष्य जुटाए हैं, लेकिन तभी आते हैं माधव मिश्रा (पंकज त्रिपाठी) जो इस केस को एक अलग नजरिए से देखने लगते हैं। जैसे-जैसे केस आगे बढ़ता है, कई किरदार शक के घेरे में आते हैं। कहानी ऐसी है कि हर एपिसोड के बाद दर्शक सोच में पड़ जाते हैं। क्या वाकई वही दोषी है जिसे सभी मान रहे हैं? माधव मिश्रा के किरदार में पंकज त्रिपाठी हमेशा की तरह अपने

> एक नए केस के साथ अदालत में माधव मिश्रा की वापसी जहां आमने-सामने होगा प्यार, शक और परिवार

मजाकिया, देसी और गूढ़ अंदाज में हर सीन में पकड़ बनाए रखते हैं। मोहम्मद जीशान अय्यूब ने सीरीज में राज नागपाल की भूमिका निभाई है। उनके किरदार में उलझन, दर्द और बेचैनी है। पर कुछ इमोशनल दृश्यों में और गहराई लाई जा सकती थी। आशा नेगी ने रोशनी सलूजा का किरदार निभाया है।

कम स्क्रीन टाइम के बावजूद उन्होंने एक आत्मनिर्भर और भावुक युवती का किरदार असरदार ढंग से निभाया है। राज की पत्नी के किरदार में सुरवीन चावला का किरदार खामोश है, लेकिन बहुत कुछ कहता है। हालांकि स्क्रिप्ट उन्हें थोड़ा और विस्तार दे सकती थी। श्वेता बसु प्रसाद का पीड़ित पक्ष की प्राइवेट प्रॉसिक्यूटर लेखा के किरदर में उनका आत्मविश्वास और कोर्ट में आक्रामक शैली देखने लायक है। लेखा एक ऐसा चेहरा हैं जो दिखाती हैं कि निजी भावनाएं जब न्याय की लड़ाई में उतरती हैं, तो सिर्फ कानून नहीं, इंसानियत भी दांव पर होती है। माधव के सामने उनकी टक्कर शो को एक अलग धार देती है। बाकी कलाकारों में मीता वशिष्ठ और खुशबू अत्रे ने अपने किरदारों को अच्छी ईमानदारी से निभाया है।

अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए ऋतिक-होम्बले फिल्म्स ने मिलाया हाथ

मुंबई। ऋतिक रोशन इन दिनों फिल्म 'वॉर 2' को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस ने ऋतिक रोशन के साथ एक नए प्रोजेक्ट की घोषणा की है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट से जुड़ी कोई जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि ऋतिक इस फिल्म में किस भूमिका में नजर आएंगे। लेकिन एक्टर के फैंस काफी खुश हैं। होम्बले फिल्म्स के मालिक विजय किरागंदूर ने कहा, 'हमें इस सहयोग से बहुत खुशी हुई है। होम्बले फिल्म्स का मकसद ऐसी कहानियां बताना है जो लोगों को प्रेरणा दें और सभी तक पहुंचें। ऋतिक रोशन के साथ काम करना हमारे इस मकसद की ओर एक बड़ा कदम है। हम एक ऐसी फिल्म बनाना चाहते हैं।

रणवीर सिंह बनायेंगे 'शक्तिमान' पर सीरीज!

मुंबई। एक्टर रणवीर सिंह लंबे समय से देसी सुपरहीरो 'शक्तिमान' का रोल निभाना चाहते थे।

इसके राइट्स के लिए वो काफी समय से कोशिश में भी लगे थे। अब खबर ये है कि एक्टर ने इस शो को बनाने के राइट्स खरीद लिए हैं। वो जल्द ही ओटीटी पर इस सीरीज को लेकर आएंगे। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर 'शक्तिमान' सागा पर एक ओटीटी सीरीज बना रहे हैं। वो प्रोजेक्ट में पार्टनर के तौर पर जुड़े हैं। हालांकि, वो शक्तिमान का किरदार निभाएंगे या नहीं, यह अभी कंफर्म नहीं हो पाया है। साथ ही, शक्तिमान का रोल निभा चुके मुकेश खन्ना के भी जुड़ने की कोई खबर है। बता दें कि पिछले एक साल से 'शक्तिमान' को लेकर विवाद चल रहा है। बीते साल मुकेश खन्ना ने एक पॉडकास्ट में खुलासा किया था कि रणवीर शक्तिमान बनना चाहते हैं। राइट्स के लिए एक्टर उनसे मिलने के लिए तीन घंटे तक इंतजार किया था।

टोटेनहम हॉटस्पर स्टेडियम में परफॉर्म करेंगे अरिजीत

मुंबई। सिंगर अरिजीत सिंह जल्द ही इतिहास रचने जा रहे हैं। वह यूके के टोटेनहम हॉटस्पर स्टेडियम में परफॉर्म करने वाले पहले भारतीय सिंगर बनेंगे। उनका लाइव शो इसी साल 5 सितंबर को होगा।

इस खबर के सामने आते ही अरिजीत सिंह के फैंस काफी एक्साइटेड हो गए। दरअसल, अरिजीत सिंह पहले भारतीय कलाकार होंगे, जो यूके के किसी बड़े स्टेडियम में हेडलाइन यानी मुख्य कलाकार के रूप में परफॉर्म करेंगे। इस दौरान अरिजीत ने कहा, मैं बस एक आम इंसान हूं जो गाना गाता है। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि मुझे फिर से लंदन में गाने का मौका मिल रहा है। अगर इससे इतिहास बनता है, तो ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी। इस खबर के आने के बाद उनके फैंस के बीच खुशी है। लंदन में रहने वाले उनके फैंस अब इस इवेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

सिंगर के लंदन में होने वाले इस कॉन्सर्ट की टिकटें 6 जून 2025 की दोपहर से बुक होना शुरू हो जाएंगी। अरिजीत सिंह ने पिछली साल 2024 में लंदन के ड2 एरीना में परफॉर्म किया था, जो पूरी तरह से हाउसफुल रहा था। उस शो की खास बात यह थी कि उन्होंने ब्रिटिश पॉप स्टार एड शीरन के साथ सरप्राइज परफॉर्मेंस दी थी, जिसने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। स्ट्रीट लंदन की रिपोर्ट के मुताबिक, अरिजीत ने यह भी पुष्टि की है कि वह एड शीरन के अगले सिंगल सफायर में उनके साथ काम कर रहे हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com